सूर्योदय 6:20 सूर्यास्त 6:34

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.9 न्यू | 19.5 अधि |
| धर्मशाला | 12.6 न्यू | 23.5 अधि |


बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72831.94 |
| निफ्टी | 22096.75 |
| सोना 66,930 | चांदी 76,500 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

www.anantgyaan.in



follow us on: 8894521702 | धर्मशाला | रविवार, 24 मार्च, 2024 | 11 चैत्र, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 96, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए

आज के अंक में

- रघुनाथ की नगरी में खूब उड़ा 'गुलाल'
- इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर 40 लाख की ठगी करने वाला धरा

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- कंगना रनौत ने अपने जन्मदिन पर लिया मां ज्वाला का आशीर्वाद
- भाजपा में शामिल होने पर उग्र हुई कांग्रेस, जमकर लगाए नारे

पृष्ठ 3 पर पढ़ें



- ढाकगांव-जाखी सड़क का कार्य लटका
- चेकअप केएनएच में, टेस्ट आईजीएमसी में

पृष्ठ 13 पर पढ़ें



- प्रधानमंत्री मोदी को प्लेन तक छोड़ने आए भूटान नरेश
- पंजाब में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या हुई 20-

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## आज के मैच

राजस्थान रॉयल्स vs लखनऊ सुपर जायंट्स

स्थान: जयपुर, समय : दोपहर 3:30 बजे

गुजरात टाइटंस vs मुंबई इंडियंस

स्थान: अहमदाबाद, समय : रात 7:30 बजे

# भाजपा के हुए कांग्रेस के छह बागी व तीन निर्दलीय विधायक

## नई दिल्ली में अनुराग ठाकुर ने पार्टी का पटका पहनाकर किया स्वागत

**अरविंद शर्मा, शिमला**

**हिमाचल** कांग्रेस के छह बागी विधायक राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, इंद्रदत्त लखनपाल, देवेंद्र भुट्टो और चैतन्य शर्मा और तीन निर्दलीय विधायक देहरा से होशियार सिंह, नालागढ़ से केएल ठाकुर और हमीरपुर से आशीष शर्मा शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए।

भाजपा ने इन सभी को विधानसभा उपचुनाव में टिकट देने का भरोसा दिया है। बताया जा रहा है कि बागी विधायक अब सुप्रीम कोर्ट में अपनी सदस्यता बचाने को दी गई याचिका भी वापस ले लेंगे। नई दिल्ली में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने पार्टी मुख्यालय में उन्हें पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल भी मौजूद रहे। इन विधायकों ने हिमाचल में राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की थी, जिससे कांग्रेस कैंडिडेट हार गया था। इसके चलते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने फरवरी माह में इन्हें निष्कासित किया था। (अनंत ज्ञान)



### भाजपा होगी और मजबूत : अनुराग

**केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि विधायकों के भाजपा में शामिल होने से पार्टी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस के वादे ठीक वैसे ही झूठे थे, जैसे राजस्थान व छत्तीसगढ़ में थे। इसका प्रमाण छह विधायकों का पार्टी छोड़ना है। भाजपा ने इन सभी को उपचुनाव में टिकट देने का भरोसा दिया है। बताया जा रहा है कि बागी विधायक अब सुप्रीम कोर्ट में अपनी सदस्यता बचाने को दी गई याचिका भी वापस ले लेंगे। सभी बागी विधायक बीते 28 फरवरी से ही प्रदेश से बाहर हैं और सीआरपीएफ सुरक्षा घेरे में है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बीते सप्ताह ही परिवार की सुरक्षा के लिए उनके घरों के बाहर सीआरपीएफ के 10-10 जवान तैनात किए हैं। जयराम ठाकुर निर्दलीयों को लेकर नई दिल्ली गए थे।

### उपचुनाव पर छह मई तक है रोक

**चुनाव** आयोग ने 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की तारीखों के साथ ही अयोग्य ठहराए गए विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव की घोषणा की। 18 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने छह बागी कांग्रेस विधायकों की अयोग्यता पर रोक लगाने की मांग खारिज कर दी। साथ ही छह मई तक हिमाचल प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव पर भी रोक लगा दी। बागी विधायकों ने भाजपा से बातचीत के लिए राणा को अधिकृत किया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, भाजपा जल्द लोकसभा चुनाव के लिए कांगड़ा व मंडी और विधानसभा उपचुनाव के लिए छह प्रत्याशी घोषित कर सकती है। इस बारे में राजेंद्र राणा ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से हुई मुलाकात के बाद सब कुछ तय हो गया है।

# आया राम-गया राम वालों ने खोया जनादेश : सुक्खू

**जय ठाकुर, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश की सियासत में उथल-पुथल लगातार जारी है। छह बागी विधायकों व तीन निर्दलीय विधायकों के भाजपा में शामिल होने पर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोशल मीडिया में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आया राम-गया राम और धनबल की राजनीति करने वालों ने देवभूमि के जनादेश से धोखा करके आज अपना ठिकाना चुन लिया।



- कहा- अपना ईमान बेचने वाले पैसों से नहीं खरीद सकते समर्थन

आज वे उनके साथ बैठे हैं, जिन्होंने ओपीएस मांगने पर कर्मचारियों का मजाक उड़ाया, जिन्होंने पेपर लीक घोटाला किया और युवाओं के रिजल्ट लटकाए। जो अपने फायदे के लिए महिलाओं के विरोध में खड़े हो गए, जिन्होंने देवभूमि के आदर्श व मूल्यों को अपनी बेइमानी व खरीद-फरोख्त वाली राजनीति से कुचला।

यह छानबीन का विषय है कि आजाद जीतकर आए विधायक कहीं अपना ईमान तो नहीं गिरवी रख दिया या फिर उन पर दबाव ही बहुत ज्यादा हो गया था। सीएम ने कहा कि लोकतंत्र में जनता जनार्दन है। पैसों के लिए अपना ईमान बेचने वाले, जनता का प्यार और समर्थन पैसों से नहीं खरीद सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### जनता के साथ कर रहे खिलवाड़

**सुक्खू** ने कहा कि उनका हेलिकॉप्टर में आना और सीआरपीएफ के जवानों की सुरक्षा के घेरे में रहना, कई तरह के सवाल खड़े करता है। इन विधायकों को आजाद प्रत्याशी के तौर पर जनता ने जीत दिलवाई और विधानसभा भेजा। यह सभी विधायक अब अपने इलाके की जनता के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने निर्दलीयों को अपने चुनाव क्षेत्र की जनता को बताना होगा कि विधायकी छोड़ने के पीछे आखिर उनकी क्या मजबूरी है, क्यों जनता पर उपचुनाव का बोझ थोपा जा रहा है?

### बीजेपी को सबक सिखाएगी जनता

निर्दलीय विधायकों को जनता की भावना से खिलवाड़ किया है और उन्हें प्रदेश की जनता को जवाब देना होगा। इस पूरे प्रकरण में भाजपा का असली चेहरा भी प्रदेश की जनता के सामने आ रहा है। आने वाले चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाने वाली है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### महुआ मोइत्रा के ठिकानों पर सीबीआई ने की छापेमारी

**कोलकाता।** घूस लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में निष्कासित तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सीबीआई की टीम ने कोलकाता समेत अन्य ठिकानों पर छापेमारी की है। सीबीआई इस मामले में कोलकाता के अलीपुर स्थित आवास और अन्य स्थानों पर तलाशी ले रही है। सीबीआई ने 21 मार्च को ही महुआ मोइत्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। एंटी क्रप्शन संस्था लोकपाल के निर्देशों पर सीबीआई ने कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की है।

### आबकारी घोटाला मामले में के. कविता की हिरासत तीन दिन बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी के. कविता की ईडी हिरासत तीन दिन के लिए बढ़ा दी है। चार लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं।

### गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को चीन से मुंबई लाई क्राइम ब्रांच

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को चीन से मुंबई प्रत्यर्पित किया है। गैंगस्टर प्रसाद 20 साल से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस तक जारी किया हुआ था। पुजारी पर मुंबई में हत्या और लोगों को धमकाने के कई आरोप दर्ज हैं। प्रसाद पुजारी मुंबई पुलिस और क्राइम ब्रांच से बचकर चीन भाग गया था।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

डिजिटल मीडिया

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

# शराब घोटाले में केजरीवाल मुख्य साजिशकर्ता : ईडी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**शराब** नीति घोटाले की जांच कर रहे ईडी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के मंत्रियों, नेताओं और कुछ अन्य लोगों के बीच मिलीभगत से कथित घोटाला हुआ है। अरविंद केजरीवाल इसके मुख्य साजिशकर्ता हैं। ईडी ने कहा कि कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए एक्साइज पॉलिसी तैयार करने की साजिश में वह शामिल थे और बदले में शराब व्यवसायियों से रिश्वत मांगने में शामिल थे। नीति का मसौदा 'साउथ ग्रुप' को दिए जाने वाले फेवर को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा था और मंत्रियों और नेताओं की मिलीभगत से बनाया गया।

- मंत्रियों और नेताओं की मिलीभगत से हुआ घोटाला

### केजरीवाल ने खटखटाया दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। केजरीवाल ने शराब नीति मामले में अपनी गिरफ्तारी और पीएमएलए कोर्ट के रिमांड के आदेश को चुनौती दी है। चीफ जस्टिस से रविवार (24 मार्च) तक तत्काल सुनवाई की मांग की है। दिल्ली हाई कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड के मामले पर तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया।

# टमक की थाप पर सुजानपुर होली मेले का आगाज

## राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने किया चार दिवसीय मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

**राज्यपाल** शिव प्रताप शुक्ल ने शनिवार को सुजानपुर में टमक की थाप से चार दिवसीय राष्ट्रीय होली मेले का आगाज किया। इस अवसर पर उनकी पत्नी जानकी शुक्ल भी मौजूद रहीं।

इससे पहले सुजानपुर पहुंचने पर राज्यपाल का समिति के अध्यक्ष एवं उपायुक्त अमरजीत सिंह, ने स्वागत किया और पारंपरिक पगड़ी पहनाई। इसके बाद राज्यपाल ने झांकियों का अवलोकन किया। ऐतिहासिक नर्वदेश्वर मंदिर की थीम पर झांकियों को बनाया था। मुख्यातिथि को मंदिर की प्रतिरूप भेंट की गई। राज्यपाल ने शोभायात्रा में भी भाग लिया और मुरली मनोहर मंदिर में पूजा-अर्चना की। सुजानपुर के चौगान में लगाई प्रदर्शनियों का उद्घाटन किया। राज्यपाल ने लोगों को होली की शुभकामनाएं दी।



टमक बजाकर राष्ट्रीय होली मेले का शुभारंभ करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

- मुरली मनोहर मंदिर में की पूजा-अर्चना
- झांकियों और प्रदर्शनियों का किया उद्घाटन

# मॉस्को आतंकी हमले में अब तक 115 की मौत, 11 संदिग्ध गिरफ्तार

**एजेंसी, मॉस्को**

**रूस** की राजधानी मॉस्को में हुए आतंकी हमले में अब तक 115 लोगों की मौत हो चुकी है और 187 लोग घायल हुए हैं। वहीं, पुलिस ने आतंकी हमले के बाद 11 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। क्रोकस सिटी हॉल में एक रॉक बैंड का शो देखने के लिए ये लोग जमा थे। म्यूजिक शो देखने के लिए हॉल में भारी भीड़ मौजूद थी। इसी दौरान बंदूकधारी आतंकी घुस गए और लोगों पर फायरिंग शुरू कर दी।

इसके बाद उन्होंने बिल्डिंग में आग लगा दी। आतंकवादी समूह ने इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। समूह से जुड़ी एजेंसी आमाक ने टेलीग्राम पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है।

- आईएसआईएस ने ली जिम्मेदारी

### पीएम मोदी ने की हमले की निंदा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी ने मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल (संगीत स्थल) में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है। पीएम ने 'एक्स' पर लिखा कि हम मॉस्को में हुए जघन्य आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। दुख की इस घड़ी में भारत रूसी संघ की सरकार और लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

**रूसी दूतावास ने अपना राष्ट्रीय ध्वज आधा झुकाया :** मॉस्को में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में 93 लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने के बाद शोक के रूप में भारत में रूसी दूतावास ने अपना राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका दिया है। रूसी दूतावास ने 'एक्स' पर कहा कि हम मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।

## राकेश कालिया का भाजपा से इस्तीफा

**अंब।** पूर्व में तीन बार विधायक रहे राकेश कालिया ने शनिवार को भाजपा से इस्तीफा दे दिया। गगरेट के पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने जैसे ही भाजपा ज्वॉइन किया तो उन्होंने यह कहकर इस्तीफा दिया कि मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ हूं। भाजपा ने चैतन्य शर्मा को सदस्यता देकर गलत है। राकेश कालिया ने कहा कि मैं अभी किसी भी दल का सदस्य नहीं हूं। भविष्य में क्या होगा इस बारे अभी कहना ठीक नहीं है। जो भी निर्णय लिया जाएगा वे जल्द ही सबके सामने होगा।



## सिंगापुर में विदेश मंत्री जयशंकर ने पाक-चीन को घेरा

# अरुणाचल प्रदेश पर चीन का दावा बेतुका

**एजेंसी, सिंगापुर**



**आतंकवाद** को बढ़ावा देने के मामले पर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर पाकिस्तान को खरी-खोटी सुनाई है। उन्होंने कहा कि भारत अब आतंकवाद के मुद्दे पर बख्शने के मूड में नहीं है। अब इस समस्या को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।

विदेश मंत्री एस जयशंकर सिंगापुर की तीन दिवसीय यात्रा हैं। उन्होंने चीन के उस दावे को खारिज किया, जिसमें वह अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत के रूप में दावा करता रहा है। चीन को फटकार लगाते हुए उसके इस तरह के दावों को 'बेतुका' और 'हास्यास्पद' बताया।

उन्होंने पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि पाकिस्तान अब उद्योग स्तर पर आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा है। पूर्वोत्तर भारत में अरुणाचल प्रदेश से लगी चीन की सीमा और भारतीय भूभाग पर चीन के दावों को लेकर कहा कि चीन के दावे हास्यास्पद हैं। ऐसे पड़ोसी से कैसे निपटेंगे, जो इस तथ्य को नहीं छिपाता है कि वह आतंकवाद को शासन के साधन के रूप में इस्तेमाल करता है? यह एक बार होने वाली घटना नहीं, निरंतर ऐसा हो रहा है। भारत इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि हमें (खतरे) को संबोधित करने का एक तरीका ढूंढना होगा। समस्या से बचने का यही तरीका है। यह केवल और अधिक परेशानी ही आमंत्रित करता है।

**त्वरित प्रतिक्रिया** भाजपा नेता 'सन्नाटे' में; कांग्रेस ने शुरू की जिताऊ प्रत्याशियों की तलाश, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र बनेगा चुनावी दंगल का केंद्र

# नौ ने ओढ़ा भगवा, तेज हुई नेताओं की 'कदमताल'

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**सियासी** संग्राम में फंसे नौ नेताओं के भगवा ओढ़ने के साथ ही नेताओं की 'कदमताल' भी शुरू हो गई है। भाजपा के भीतर फिलहाल सन्नाटा पसरा हुआ है, लेकिन कांग्रेस के टिकट के चाहवानों ने मुकम्मल तौर पर दौड़ धूप शुरू कर दी है।

भाजपा को कांग्रेस के मुकाबले में ज्यादा मशक्कत करनी पड़ सकती है, क्योंकि जिन नौ विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव होना है, वहां भाजपा को तो प्रत्याशी मिल ही गए हैं। कांग्रेस को जिताऊ उम्मीदवारों की तलाश रहेगी। प्रमुख रूप से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र इस चुनावी दंगल का केंद्र बनेगा। इसका कारण यह है कि सबसे ज्यादा उपचुनाव इसी संसदीय क्षेत्र के तहत होने हैं, जिसमें चार कांग्रेस के बागी हैं और दो क्षेत्रों में निर्दलीयों ने भाजपा का दामन थामा है। अभी तो इन तमाम नेताओं का अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में पहुंचना, उसके बाद लोगों की नब्ज टटोलना फिलहाल इतना आसान नहीं होगा। (अनंत ज्ञान)

### सबसे ज्यादा बागी सीएम के गृह जिले हमीरपुर से

हमीरपुर इसलिए भी केंद्र रहेगा, क्योंकि मुख्यमंत्री का यह संसदीय क्षेत्र है। यहां पर पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की मौजूदगी भी है। सबसे ज्यादा बागी सीएम के गृह जिले हमीरपुर में ही हुए हैं। जहां पर तीन विधानसभा सीटों सुजानपुर, बड़सर और हमीरपुर में उपचुनाव होगा। इसके अलावा ऊना जिले की कुटलैहड़ और गगरेट व कांगड़ा जिले की देहरा सीटों पर विधानसभा उपचुनाव होना है। पिछली मर्तबा हमीरपुर संसदीय सीट में कांग्रेस को फायदा हुआ था और भाजपा को परंपरागत रूप से यहां पर नुकसान झेलना पड़ा था।

### बड़सर में भाजपा के भीतर तूफान से पहले सन्नाटा

पांच विधानसभा क्षेत्र वाले हमीरपुर जिले में तीन पर अब उपचुनाव होना है। हालांकि, दो दिन पहले तक केवल सुजानपुर और बड़सर में ही उपचुनाव की कसरत शुरू हुई थी, मगर निर्दलीय विधायकों के इस्तीफा से हमीरपुर भी उपचुनाव की गिरफ्त में आ गया है। बड़सर में भाजपा के भीतर तूफान से पहले वाला सन्नाटा दिख रहा है। यहां पिछले विधानसभा चुनाव में तिकोना मुकाबला हुआ था और बागी संजीव शर्मा ने काफी मत हासिल किए थे। इस कारण कांग्रेस की नैया के रूप में इंद्रदत्त लखनपाल विधायक बने थे। अब वह भाजपा से चुनाव लड़ सकते हैं, क्योंकि वे भाजपा के हो चुके हैं। कांग्रेस यहां प्रत्याशी की तलाश में जुट गई है।

### बागियों की एंट्री से नफे-नुकसान की चर्चा

अभी तो बागियों की भाजपा में एंट्री को लेकर इसके नफे-नुकसान की चर्चा हो रही है, क्योंकि भाजपा के गढ़ वाले इलाकों में कांग्रेस से आए इन नेताओं की स्थिति किस करवट बैठेगी? यह भी देखना पड़ेगा। खासकर सुजानपुर हमीरपुर और बड़सर जहां पर पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के समर्थकों का अच्छा खासा दबदबा है। खुद सुजानपुर से पूर्व मुख्यमंत्री चुनाव लड़ते रहे हैं। कुटलैहड़ में भी उन्हीं के खास पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर की मौजूदगी है। देहरा में हालात अलग हैं। लाहौल-स्पीति और नालागढ़ में भी अभी हालात दोनों ही दलों में इधर से उधर और उधर से इधर आने वाले नेताओं की तस्वीर सामने आने के बाद ही स्पष्ट रूप में दिखाई देंगे।

### क्या सीएम सुक्खू का नारा बुलंद हो सकेगा?

**हमीरपुर** गृह जिले में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह का नारा इस उपचुनाव में कितना इफैक्टफुल रहेगा, इस पर भी चर्चा शुरू हो गई है। इससे पहले यहां प्रेम कुमार धूमल के रूप में लोग मुख्यमंत्री देख चुके हैं, लेकिन उन्हें चुनावी पटकनी देने में अब भाजपा में शामिल हुए राजेंद्र राणा ही रहे हैं। इसलिए जिला की राजनीति अजीबोगरीब मरहले में पहुंची हुई है। यक्ष प्रश्न यही है कि भाजपा नेताओं के बीच का 'सन्नाटा' कब टूटेगा और जिले की इस राजनीति में क्या सीएम सुक्खू का नारा बुलंद हो सकेगा?

# मोदी सरकार करती है जांच एजेंसियों को नियंत्रित : जयराम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- कांग्रेस महासचिव बोले- चुनावी बांड में गुप्त लेन-देन के खिलाफ रही कांग्रेसः जयराम

**कांग्रेस** महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी शुरू से ही चुनावी बांड में गुप्त रूप से लेन-देन के खिलाफ रही है। कांग्रेस ने 2019 के लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में प्रमुखता से चुनावी बांड स्कीम को समाप्त करने का वादा किया था।



उन्होंने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक प्रयास कर रहा था कि किसी तरह चुनावी बांड से संबंधित डाटा जारी करने का समय 30 जून 2024 तक टल जाए। उन्होंने अंदेशा जताया कि संभवत: यह मोदी सरकार के इशारे पर किया जा रहा था। सुप्रीम कोर्ट के बार-बार हस्तक्षेप के बाद एसबीआई को 21 मार्च 2024 को चुनावी बांड का डाटा जारी करना पड़ा। इससे एसबीआई का यह दावा बेहद हास्यास्पद साबित हुआ है कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से मांगा गया डाटा उपलब्ध कराने में उसे कई महीने लगेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार जांच एजेंसियों को नियंत्रित करती है। कांग्रेस ने डाटा इकट्ठा किया है, जिसमें सभी को भाजपा के चुनावी बांड डोनर्स (चंदा देने वाले) का डाटा मैप किया गया है।

### कुल्लू में धूमधाम से मनाई छोटी होली, आज शहर में मनाई जाएगी बड़ी होली

# रघुनाथ की नगरी में खूब उड़ा 'गुलाल'





रघुनाथजी की नगरी कुल्लू में दो दिन पूर्व ही छोटी होली के मौके पर गुलाल उड़ाकर होली गीतों और वाद्ययंत्रों की धुन पर झूमते लोग

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

देश व प्रदेशभर में जहां सोमवार को होली पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा वहीं, रघुनाथजी की नगरी कुल्लू में दो दिन पूर्व ही होली का आगाज हो गया है। हर वर्ष की भांति इस बार भी कुल्ल में होली से दो दिन पहले छोटी होली की खूब धूम रही। शनिवार को जहां रघुनाथ की नगरी में बैरागी समुदाय के लोगों ने डफली और ढोलकी की धुन पर अपनी-अपनी टोलियों में होली की रीति को निभाया, वहीं अखाड़ा बाजार, सुल्तानपुर, रामशिला व सरवरी व लोअर ढालपुर में युवाओं, महिलाओं व बुजुर्गों ने एकत्र होकर घर-घर जाकर खूब होली खेली और एक दूसरे के ऊपर गुलाल फेंककर होली की बधाई दी।

गौर रहे कि कुल्ल में हर साल होली से एक दिन पूर्व छोटी होली मनाई जाने की परंपरा थी लेकिन पिछले कुछ वर्षों से होली से दो दिन पूर्व ही गुलाल उड़ना शुरू हो रहा है और दो दिनों खूब होली खेली जा रही है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी शहर के कुछ स्थानों पर धूमधाम से होली मनाई गई।

शहर के लोगों सतीश शर्मा, प्रदीप, मनोज शर्मा, सरस्वती, आंचल, पूजा, कमला, राहुल, अजय, शुभम, अक्षित, अंशुल राजपूत, सक्षम सहित अन्य ने बताया कि कुल्लू में हालांकि होली पर्व के एक दिन पूर्व छोटी होली मनाई जाती है, लेकिन पिछले तीन चार वर्षों से होली से दो दिन पूर्व ही होली मनाने का सिलसिला शुरू हो रहा है और महिला, पुरुष, युवा व बच्चे टोलियों में घर-घर जाकर लोगों को होली की बधाई देने के साथ एक दूसरे को होली लगाते हैं और साथ में होली के पारंपरिक गीत गाकर खूब मस्ती करते हैं। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में शनिवार को पहले दिन उन्होंने शहर के कुछ क्षेत्रों में जाकर छोटी होली का आनंद लिया और अब रविवार को बड़ी होली भी धूमधाम से मनाएंगे।

रविवार शाम के समय रघुनाथपुर में होलिका दहन भी किया जाएगा। जिसमें भगवान रघुनाथ की पारंपरिक परंपराओं का भी निर्वहन किया जाएगा। होली के मौके पर शहरवासी और दूरदराज गांव के लोग एक दूसरे को गले लगाकर गुलाल लगाएंगे और ढोल नगाड़ों की थाप पर शहर भर में घूमते हुए होली मनाएंगे।

सनद रहे कि हालांकि वसंत के बाद होली पर्व तक लगातार 40 दिनों तक भगवान रघुनाथ जी के चरणों में भी रोजाना बैरागी समुदाय के लोग होली डालते हैं और होली के पारंपरिक गीत गाते हुए होली खेलते हैं। इस बार भी होली मनाने और होली गायन का यह दौर लगातार जारी रहा।

बैरागी समुदाय के लोगों ने अलग अलग टोलियों में जगह जगह ब्रज की तर्ज पर होली संध्या में होली गीतों का गायन किया। वहीं, शनिवार को बैरागी समुदाय के लोगों के साथ ही अन्य शहरवासियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई देने के साथ ही होली गीतों पर सभी लोग खूब झूमें। वहीं, रविवार को कुल्लू में बड़ी होली धूमधाम से मनाई जाएगी जबकि देश सहित प्रदेश में 25 मार्च को होली पर्व मनाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# मिनर्वा : प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए श्रेष्ठ

### 170 से अधिक बने चिकित्सक, जेईई मेंस में 180 से अधिक अभ्यर्थियों ने प्राप्त की सफलता

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश में हर जगह कोचिंग सेंटर्स व अकादमियों की भरमार है। वहीं जिला बिलासपुर के घुमारवीं में मिनर्वा स्टडी सर्किल ने अपने नो वर्षों के गौरवमयी इतिहास में हिमाचल में जेईई और नीट की परीक्षा में अमिट छाप छोड़ी है। मिनर्वा स्टडी सर्किल का सफर वर्ष 2014 में शुरू हुआ था। मिनर्वा ने जेईई व नीट की परीक्षाओं में साल दर साल बेहतर परिणाम दिए है। इस वजह से आज पूरे हिमाचल में मिनर्वा स्टडी सर्किल नीट व जेईई परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रमुख स्थान बन चुका है।

मिनर्वा संस्थान से अब तक 170 से अधिक अभ्यर्थी नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सक के पद पर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। जेईई मेंस में अब तक 180 से अधिक अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है। इस संस्थान में प्रवेश के लिए छात्रों में अच्छा खासा उत्साह देखा जा सकता है। नीट, इंजीनियरिंग, एनडी, परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्टूडेंट्स की पहली पसंद चंडीगढ़ या कोटा नहीं, बल्कि घुमारवीं का मिनर्वा स्टडी सर्किल बना हुआ है।






## बेहतर करने की प्रेरणा के लिए प्रोत्साहन राशि

**मिनर्वा** स्टडी सर्किल द्वारा बच्चों को नीट व जेईई की परीक्षा में और बेहतर करने की प्रेरणा देने के लिए एक नकद पुरस्कार प्रोत्साहन राशि रखी है। जिसके तहत नीट परीक्षा में मिनर्वा संस्थान का जो भी विद्यार्थी हिमाचल में प्रथम स्थान ग्रहण करेगा, उसे संस्थान एक लाख रुपए, दूसरे स्थान वाले को 90 हजार, तीसरे स्थान पर रहने वाले को 80 हजार व चौथे स्थान पर 70 हजार, पांचवां स्थान ग्रहण करने वाले को 60 हजार, छठे स्थान के लिए 50 हजार, 7वें स्थान वाले को 40 हजार, आठवें स्थान वाले को 30 हजार, नौवां स्थान पर 20 हजार, 10वें स्थान से लेकर 20वीं स्टेट रैंक तक 10 हजार का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। जेईई मेन में भी इसी तर्ज पर इनाम राशि दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)



राकेश चंदेल
(मुख्य प्रबंधक मिनर्वा स्टडी सर्किल)

**अब नहीं जाना पड़ता चंडीगढ़ और कोटा**

**विभिन्न** प्रकार की प्रतियोगी परिक्षाओं के लिए स्टूडेंट्स को कोचिंग लेने के लिए चंडीगढ़ या फिर राजस्थान के कोटा को जाना पड़ता था। घर से दूर बड़े शहरों में रहने, खाने तथा पढ़ाई का खर्चा अधिक होता था, जिससे बड़े घरानों के बच्चे ही पढ़ाई कर पाते थे, जबकि मध्यम व गरीब वर्ग के लोगों के बच्चों के लिए इतना खर्चा उठाना मुश्किल हो जाता था, जिससे इन वर्गों के बच्चे कोचिंग सेंटर में नहीं पहुंच पाते थे। घर से दूर होने के कारण कई लोग लड़कियों को भी यहां से बाहर नहीं भेजते थे, लेकिन बिलासपुर के घुमारवीं में मिनर्वा स्टडी सर्कल के खुलने से अभिभावकों व बच्चों की चिंताओं को काफी हद तक दूर किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### वांछित उद्घोषित अपराधी को पुलिस ने कुमारसैन से किया गिरफ्तार

**सोलन।** कोर्ट के आदेश की अवमानना करने पर वांछित उद्घोषित अपराधी को पुलिस ने शिमला जिला के कुमारसैन से गिरफ्तार कर लिया। गंगा राम पुत्र कांशी राम निवासी गांव खनेरी तहसील रामपुर, जिला शिमला के खिलाफ मामला दर्ज था। उपरोक्त उद्घोषित अपराधी की तलाश हेतु टीम ज्यूरी, रामपुर, सैंज, बढ़ोती कैंची इत्यादि को रवाना थी तो उसे बढ़ोती कैंची, डाकघर कुमारसैन से गिरफ्तार कर लिया।

### शारीरिक शिक्षा व कंप्यूटर साइंस परीक्षा में नकल के 5 मामले पकड़े

**धर्मशाला।** फ्लाइंग स्क्वाड की टीम ने जमा दो की परीक्षाओं के चलते दो स्कूलों में निरीक्षण कर नकल के 5 मामले पकड़े हैं। विभाग की उडनदस्ता टीम ने दोनों स्कूलों में पहुंच कर नकल हो रही होने का शक होने पर नकल करने वालों के केस बनाए। इनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजल में 3 तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सलोल में नकल के 2 मामले सामने आए। सीसीटीवी लगे होने के बावजूद नकल होना तथा शारीरिक शिक्षा व कंप्यूटर विज्ञान के पेपरों में नकल होना हैरानी की बात है। फ्लाइंग स्क्वायड के इंचार्ज व निरीक्षण विंग के उपनिदेशक प्रकाश चंद सुकेतिया ने बताया कि अब तक नकल के कुल 40 मामले पकड़े गए हैं।

### 5,250 एमएल देसी शराब बरामद

**पालमपुर।** पुलिस थाना पालमपुर के तहत खलेट में सुरिंदर कुमार निवासी खलेट डाकघर ठाकुर द्वारा तहसील पालमपुर की दुकान से 5,250 एमएल देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### फार्मा उद्योग बरोटीवाला में कामगार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बरोटीवाला के गांव कोटला के एक फार्मा उद्योग में कामगार की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रवेश कुमार पुत्र चेतराम निवासी धारदेहरा तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर से हुई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस को सूचना मिली कि कंपनी में कार्यरत कामगार की संदिग्ध अवस्था में मौत हुई है। सूचना मिलते ही बरोटीवाला पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर, उसका पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा का कहना है कि मामले की हर पहलू पर जांच की जा रही है।


### मारपीट कर दांत तोड़ने के आरोपी को 8 माह, 15 दिन की सजा

**हमीरपुर।** एसी न्यायिक मैजिस्ट्रेट प्रथम, कोर्ट नंबर- 2 वत्सला चौधरी की अदालत ने मारपीट कर एक व्यक्ति के दांत तोड़ने के आरोप में नंद लाल पुत्र मुंशी राम को अलग-अलग धाराओं के तहत 8 माह व 15 दिन की सजा और 1500 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी को धारा 325 के तहत 6 माह की सजा और एक हजार रुपए जुर्माना, धारा 323 के तहत 2 माह की सजा व 500 रुपए जुर्माना तथा धारा 341 के तहत 15 दिन के साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

# भाजपा को नालागढ़ में मिला मजूबत नेता

## केएल ठाकुर पर दांव खेल सकती है भाजपा, कांग्रेस की बढ़ी परेशानी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



विधानसभा क्षेत्र से आजाद विधायक केएल ठाकुर के इस्तीफा देने के बाद भाजपा में आने से राजनीति हलचल तेज हो गई है। नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से आजाद विधायक केएल ठाकुर ने शनिवार को दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के आर्शीवाद के बाद एक बार फिर से भाजपा का दामन थाम लिया।

अब आने वाले विधानसभा के उप चुनाव में उनका टिकट लगभग तय माना जा रहा है क्योंकि बीते वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में केएल ठाकुर ने 13 हजार की लीड से चुनाव जीता था। ऐसे में भाजपा के पास उनसे अधिक मजबूत उम्मीदवार नही है।

केएल ठाकुर के भाजपा में आने से बीते चुनावों में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए लखविंदर राणा की मुश्किल बढ़ चुकी है उनके राजनीतिक भविष्य पर भी खतरा आ चुका है क्योंकि बीते चुनावों में भाजपा से प्रत्याशी रहे लखविंदर राणा को करारी हार मिली थी और तीसरे नंबर पर रहे थे। अब ठाकुर के भाजपा में आने से राणा की कांग्रेस में जाने की चर्चाएं भी हो रही है। वहीं, कांग्रेस की बात करें तो कांग्रेस पार्टी के पास मजबूत चेहरे के तौर पर पूर्व प्रत्याशी हरदीप बावा है जो कि केएल ठाकुर को टक्कर दे सकते है। बीते चुनाव में आजाद विधायक केएल ठाकुर व कांग्रेस से प्रत्याशी रहे हरदीप बावा के बीच मुकाबला था। बता दें कि ठाकुर का बीते चुनाव में भाजपा ने टिकट काट दिया था और लखविंदर राणा को टिकट दिया था।

### राणा की कांग्रेस में वापसी की चर्चाएं तेज

**केएल** ठाकुर के भाजपा में शामिल होने के बाद नालागढ़ क्षेत्र में लखविंदर राणा की कांग्रेस में वापसी की चर्चाएं तेज हो चुकी है कि राणा जल्द एक बार फिर से पलटी मार सकते है। बता दें कि इससे पहले लखविंदर राणा दो बार दल बदल चुके है। बीते चुनावों से ठीक पहले भाजपा में एंट्री मारने के बाद लखविंदर राणा को भारी नुकसान झेलना पड़ा था और उनका वोटिंग ग्राफ भी गिरा था और तीसरे स्थान पर आकर भाजपा को करारी हार मिली थी।

### बीते चुनाव की रिपोर्ट



**वर्ष 2022** विधानसभा चुनाव में आजाद उम्मीदवार के तौर पर केएल ठाकुर ने रिकॉर्ड वोट हासिल करते हुए 33,427 वोट लिए थे जबकि कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप बावा ने 20,163 वोट हासिल करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया था और तीसरे स्थान पर रहे भाजपा प्रत्याशी लखविंदर राणा को मात्र 17,273 वोट पड़े थे।

## भुट्टो ने कहा-हिमाचल की सरकार 'मित्रों की सरकार'



**बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक रहे देवेंद्र कुमार भुट्टो के दिल्ली में भाजपा की सदस्यता लेते ही बंगाणा चौक पर भाजयुमो नेता अभय सिंह राणा एवं उपप्रधान अरुण मनकोटिया की अध्यक्षता में भाजपा पक्ष एवम देवेंद्र कुमार भुट्टो जिंदाबाद के नारे लगे। भाजपा की सदस्यता लेने बाद देवेंद्र कुमार भुट्टो ने भाजपा के शीर्षक नेताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आज देश प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। उसी फलस्वरूप हमने भाजपा की सदस्यता ली है।

राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल की सरकार मित्रो की सरकार है। सरकार के मुखिया के मित्रो के अलावा किसी के कोई काम नहीं होते। हिमाचल की सरकार का जाना तय है। अब कितने दिन बाद हिमाचल सरकार के मुखिया के नाम के आगे पूर्व लगता है, इसका जनता इंतजार कर रही है।

भुट्टो ने 2022 मेंकुटलैहड़ विस क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था। और करीब साढ़े सात हजार मतों से विजय हासिल की थी, लेकिन राज्यसभा चुनाव के समय राज्य के अन्य विधायको के साथ देवेंद्र कुमार भुट्टो ने भाजपा प्रत्याशी को मतदान करके क्रॉस बोटिंग की थी।

# पांच दिन से पानी के लिए तरस रहे बड़ा के 'बाशिंदे'

### जल शक्ति विभाग को बताई समस्या, फिर भी समाधान नहीं

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन की ग्राम पंचायत बड़ा के निवासी वर्तमान समय में भारी पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। आलम यह कि इस पंचायत के गांव डब्बर पट्टा, झगड़ियाल, धरोड़ आदि गांवों में पिछले पांच दिनों से पानी नहीं आ रहा हैं, जिसके चलते उक्त गांव के लोगों को भारी पेयजल समस्या से जूझना पड़ रहा है।

गांववासियों का कहना है कि उन्हें अपनी पेयजल समस्या के निवारण के लिए वर्तमान समय में प्राकृतिक जल स्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस समस्या के बारे में जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों को भी अवगत करवाया, लेकिन बावजूद इसके समस्या का समाधान नहीं हो पाया हैं। गांववासियों ने मुख्यमंत्री सुक्खू, नादौन सीएम सेल के प्रभारी डॉ. गोपाल गौतम से उनकी इस समस्या को जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को अतिशीघ्र निर्देश देकर हल करने की मांग की है।

### क्या कहते हैं विभाग के अधिकारी

नादौन जल शक्ति विभाग के एसडीओ अमित चौधरी का कहना है कि ब्यास नदी में गंदा पानी आने से यह समस्या आई है। नदी का पानी साफ होते ही इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

# झूठ बोलने और अफवाहें फैलाने में भाजपा नंबर वन : कांग्रेस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा और किशोरी लाल ने कहा है कि भाजपा झूठ बोलने व अफवाहें फैलाने में नंबर वन है। उन्होंने कहा कि भाजपा की पूरी राजनीति झूठ पर टिकी है और सोची-समझी रणनीति के तहत अफवाहें फैला रही है। भाजपा नेता मात्र अफवाहों का बाजार गर्म कर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है, तब से एक चुनी हुई सरकार को गिराने की साजिश रची जा रही है। इस साजिश की परतें धीरे-धीरे खुल रही हैं और भाजपा का असली चेहरा हिमाचल प्रदेश की जनता के सामने आ रहा है।

ब्राक्टा व किशोरी लाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव-2022 में प्रदेश के मतदाताओं ने जनविरोधी नीतियों के कारण भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया था और विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया, लेकिन कुछ अवसरवादी ताक़तों के साथ मिलकर भाजपा ने सत्ता पर डाका डालने का प्रयास किया है।

जिस प्रकार से बागियों को फाइव स्टार होटलों में ठहराया गया, उन्हें चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर की सैर कराई गई। यह सारी बातें अब प्रदेश की जनता से छुपी नहीं हैं।

### सुक्खू के नेतृत्व में हुए उल्लेखनीय कार्य

संसदीय सचिवों ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान प्रदेश सरकार ने डेढ़ लाख सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दी, महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह पेंशन दी। इसके साथ ही युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपए की स्टार्ट-अप योजना शुरू की, बिना केंद्र सरकार की सहायता के आपदा प्रभावित 25 हजार से अधिक परिवारों को फिर से बसाया गया और समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए योजनाएँ बनाकर उन्हें धरातल पर लागू किया।

# भराणू में दो मकान जलकर राख, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, नेरवा/चौपाल**

नेरवा तहसील के अंतर्गत भराणू गांव में गत रात एक भीषण अग्निकांड में लकड़ी के दो मकान जल कर राख हो गए जिससे लाखों का नुकसान हो गया। नेरवा तहसील के कार्यालय कानूनगो सुरेश हरजेट ने बताया कि रात करीब 12 बजे भराणू बाजार में स्थित जगदीश के मकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने साथ लगते मोहन सिंह के मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया।



भराणू गांव में हुए भीषण अग्निकांड में जले दो मकान।

अग्निकांड में जगदीश पुत्र भगत राम निवासी भराणू का चार कमरों तथा एक रसोईघर वाला दो मंजिला मकान व मोहन सिंह पुत्र गणेश चंद निवास गांव तुंगाली, डाकघर भराणू ,तहसील नेरवा का दो कमरों और एक रसोईघर वाला मकान जल कर राख हो गया। बताया जा रहा है कि एक मकान के नीचले हिस्से में एक ढाबा भी था जो कि सामान सहित पूरा जल गया है। इसके अलावा स्थानीय लोगों के अनुसार 40-45 मुर्गिया भी जिंदा जल गई है। रात का समय होने के कारण ग्रामीणों के आग बुझाने के सभी प्रयास असफल रहे । जब तक 35 किलोमीटर दूर से फायर बिग्रेड की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची तब तक दोनों मकान जल कर राख हो चुके थे। गनीमत यह रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

तहसीलदार नेरवा विनोद कुमार ने घटनास्थल पर पहुंच कर नुकसान का आंकलन किया व पीड़ित परिवारों को 10-10 हजार रुपए की राशि फौरी राहत के तौर पर प्रदान की।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता नवाजे

**कांगड़ा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से नौवीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। समारोह में शाश्वत कपूर, युवा उद्यमी बतौर मुख्यातिथि, सुनील दत्त,एमडी धौलाधार मशरूम कंपनी तथा विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री राहुल राणा विशिष्ट अतिथि थे।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में डीएवी तियारा की मान्या कौंडल प्रथम, आधुनिक पब्लिक स्कूल, धर्मशाला की सविता ने द्वितीय, ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल, नगरोटा के अनीश ने तृतीय स्थान हासिल किया।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस** केंद्र सरकार ने विपक्ष की आवाज दबाने के लिए फ्रीज किए बैंक खाते

# देश का लोकतंत्र व संविधान खतरे में : कुलदीप

**जय ठाकुर, शिमला**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने कहा है कि देश में आज अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति है। विपक्ष की आवाज दबाने के लिए कहीं उनके बैंक खाते फ्रीज किए जा रहे हैं तो कहीं नेताओं को गिरफ्तार कर उन्हें जेलों में डाला जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए राठौर ने कहा कि आज देश में लोकतंत्र व संविधान खतरे में है।

जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को परेशान किया जा रहा है। भाजपा एक सोची समझी साजिश के तहत प्रदेश सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है जिसमें वह कभी सफल नहीं होगी।

### न किसानों की आय दोगुनी हुई, न ही हर साल 2 करोड़ लोगों को रोजगार मिला

कुलदीप राठौर ने कहा कि आज लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को गारंटी दे रहे हैं। पिछले चुनावों में उन्होंने जो दृष्टिपत्र देश के सामने रखा था उसका कोई भी वादा पूरा नहीं किया। न तो किसानों की आय दुगनी हुई, न ही हर साल 2 करोड़ रोजगार मिले। विदेशों से न तो काला धन आया और न ही हवाई चपल पहनने वालो को हवाई जहाज की कोई सुविधा मिली।

### राजतीतिक दलों में तोड़फोड़ करना भाजपा की नीति

**कुलदीप** राठौर ने कहा कि लोकसभा चुनावों के दौरान आचार संहिता के बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाता है। इसी प्रकार झारखंड के मुख्यमंत्री हमेंत सोरेन को गिरफ्तार कर उन्हें झेल में डाल दिया जाता है। चुनी हुई सरकारों को अस्थिर किया जाता है। राजनीतिक दलों की तोड़फोड़ करना भाजपा की नीति है।

### देश में राजनीतिक अस्थिरता फैलाने का प्रयास

उन्होंने कहा बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार जो कल तक भाजपा को कोसने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखते थे, आज उनके परम् मित्र बन गए है। राजनीतिक द्वेष के चलते भाजपा देश में राजनीतिक अस्थिरता फैलाना का प्रयास कर रही। कांग्रेस देश के साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ किसी भी बलिदान को तैयार है। (अनंत ज्ञान)

# इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर 40 लाख की ठगी करने वाला धरा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

धोखाधड़ी व साइबर ठगी करने वालों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में पुराने लंबित मुकदमों में जांच तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है। पुलिस ने इंश्योरेंस पॉलिसी नाम पर सोलन निवासी से करीब 40 लाख रुपए की ठगी करने के आरोपी को चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के मुताबिक जनवरी, 2023 में थाना सदर सोलन में श्याम सुंदर गुप्ता निवासी तार फैक्टरी, सोलन ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 अप्रैल 2010 को इन्होंने कोटला नाला स्थित भारती एक्सा लाइफ ब्राइट प्लस नामक कंपनी में कार्यरत कर्मचारी मोहन सिंह रावत के माध्यम से एक इंश्योरेंस पॉलिसी करवाई थी, जिसके लिए इन्होंने 93,000 रुपए किश्त के तौर पर आरंभ में दिए थे।

इसके उपरांत मोहन सिंह रावत इनके घर पर आया व पुरानी इंश्योरेंस पॉलिसी बंद करके इनके बेटे के नाम से नई इंश्योरेंस पॉलिसी करके कुल राशि 16,32,050 रुपए इनसे बिना रसीद दिए ले गया। इसके उपरांत भी मोहन सिंह रावत इनसे उपरोक्त इंश्योरेंस कंपनी में की गई पालिसी के नाम पर अलग-अलग बहाने बनाकर बार-बार पैसे लेता रहा। मोहन सिंह रावत से मिलने जब शिकायतकर्ता व उसकी पत्नी चंडीगढ़ गए तो उसने उन्हे यह कह कर वापस भेज दिया कि कंपनी के सारे कर्मचारी अमृतसर गए है, जबकि वास्तव में वह किसी भी कंपनी का कर्मचारी नहीं था।

एसपी सोलन गौरव सिंह ने मामले की पुष्टि कर बताया कि मोहन सिंह रावत ने धोखाधड़ी व ठगी की नीयत से इंश्योरेंस पालिसी करवाने के नाम पर शिकायतकर्ता से करीब 40 लाख रुपए ऐंठ लिए। पुलिस ने आरोपी मोहन सिंह रावत पुत्र ज्ञान सिंह रावत निवासी पौड़ी-गढ़वाल उत्तराखंड को चंडीगढ़ से गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया जहां उसे 3 दिन का पुलिस रिमांड मिला। (अनंत ज्ञान)

## टीबी के बारे में फैली भ्रांतियों को करें दूर

**धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि टीबी रोग को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए खुला संवाद जरूरी है। इसमें सभी नागरिकों को अपनी रचनात्मक भूमिका का निर्वहन सुनिश्चित करना चाहिए ताकि कांगड़ा जिला को टीबी मुक्त बनाया जा सके। शनिवार को 'विश्व क्षय रोग दिवस' के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम तथा यूनियन संस्था के सहयोग से उपायुक्त कार्यालय परिसर के सभागार में आयोजित एकदिवसीय वर्कशॉप की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने लोगों से जिला में क्षय रोग (टीबी) के खिलाफ एक जन आंदोलन खड़ा करने का आह्वान किया है। उन्होंने टीबी उन्मूलन के संकल्प को पूरा करने में बहुक्षेत्रीय सहभागिता पर भी बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि साल 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने के संकल्प के साथ काम किया जा रहा है। कांगड़ा जिला इसमें अपनी भूमिका निभाने को तत्पर है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में टीबी के लिए नैदानिक क्षमता में काफी वृद्धि के साथ डायग्नोस्टिक सुविधा की मजबूती पर बल दिया गया है। जिले में 47 सक्रिय टीबी डायग्नोस्टिक केंद्र हैं। जिलाधीश ने टीबी समाप्त करने के लिए टीबी परीक्षा दर में वृद्धि करने, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र से टीबी की पहचान पर बल देने, टीबी निवारक उपचार व्यवस्था को मजबूत करने को कहा। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने आम नागरिकों से निक्षय मित्र बनकर टीबी उन्मूलन में अपना सहयोग देने का आग्रह किया है।

# सुधीर शर्मा के भाजपा में जाने से कांग्रेसी उग्र, जमकर लगाए नारे

### धर्मशाला में कार्यकर्ताओं ने रैली निकाल किया प्रदर्शन, सुधीर शर्मा के खिलाफ की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सुधीर शर्मा गद्दार है, खरीद-फरोख्त नहीं चलेगी और सुधीर शर्मा मुर्दाबाद के नारों से शुक्रवार को धर्मशाला गूंज उठा। कांग्रेस नेताओं के भाजपा में शामिल होने के विरोध में धर्मशाला कांग्रेस, जिला कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस द्वारा निकाली रैली में यह नारे गूंजे।

रैली में 2019 उप-चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी रहे विजय इंद्र करण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव पुनीत मल्ही व युवा कांग्रेस अध्यक्ष जिला कांगड़ा व जिला परिषद पंकज कुमार सहित विभिन्न कार्यकर्ता शामिल रहे। विजय इंद्र करण ने कहा कि जो कांग्रेस नेताओं ने किया है वह जनता और पार्टी से गद्दारी है जिसे जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि सरकारों को गिराने में भाजपा विधायकों की खरीद फरोख्त में उतर आई है। भाजपा ने देवभूमि को शर्मशार कर दिया है। विजय



धर्मशाला में सुधीर शर्मा के भाजपा में शामिल होने पर रैली निकालते कांग्रेस के कार्यकर्ता।

इंद्र करण ने कहा कि भाजपा ने शांतिप्रिय और देवभूमि में एक घटिया राजनीति का जन्म देने की कोशिश की है जिसे जनता बिलकुल स्वीकार नहीं करेगी। वहीं, भाजपा में शामिल होने पर सुधीर शर्मा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रैली में 2019 उप-चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी रहे विजय इंद्र करण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव पुनीत मल्ही व युवा कांग्रेस अध्यक्ष जिला कांगड़ा व जिला परिषद पंकज कुमार सहित विभिन्न कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली जमकर प्रदर्शन किया।

## भगवाधारी बने सुधीर शर्मा धर्मशाला में बैठकों का दौर शुरू

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



जो पहले एक ही पार्टी में थे अब प्रतिद्वंद्वी होंगे तो जो पहले आमने-सामने खड़े थे, साथ मिलने को मजबूर होंगे। दिग्गज नेता सुधीर शर्मा के कांग्रेस से बगावत कर अब भाजपा में शामिल होने के चलते धर्मशाला में चर्चाओं का बाजार गर्म है। जाहिर है कि सुधीर शर्मा के भाजपा में शामिल होने से अब भाजपा नेताओं में चिंता होना भी स्वभाविक है। वहीं, दोनों दलों के नेताओं की बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है।

यहां अब सुधीर शर्मा समर्थकों का भाजपा में पलायन तय है तो वहीं भाजपाइयों के लिए इसे पचा पाना भी इतना आसान नहीं लगता। अंदरखाते इससे भाजपा में भी उबाल आ सकता है। इसके कारण लोकसभा चुनावों से एन पहले नाराजगी का अंदेशा बना हुआ है। हालांकि संगठनात्मक रूप से मजबूत बीजेपी को भी इस बात का आभास है तथा डैमेज कंट्रोल की रणनीति बनाई जा रही है। उधर, सुक्खू समर्थक, राज्यसभा चुनावों के बाद से ही सक्रिय हो गए थे तथा अब कांग्रेस पार्टी के दुसरी पंक्ति के नेता भी पार्टी टिकट की दावेदारी के चलते अपने समर्थकों के साथ बैठकें करने में जुट गए हैं। कुल मिलाकर दिग्गज नेता सुधीर शर्मा के बीजेपी में जाने से उनके विरोधी धड़े के कांग्रेस के कई नेता राहत महसूस कर रहे हैं तथा पार्टी में अपनी अहम पारी खेलने को बेताव हैं। वहीं, भाजपा में भी इस पूरे मामले को लेकर असमंजस तो बना हुआ है। कुल मिलाकर बागियों के बीजेपी में शामिल होने से राजनीतिक परिदृष्य में तेजी से बदलाव हुआ है। कल तक जो कांग्रेस का झंडा उठा कर चल रहे थे अब भगवा हो गए हैं तो बीजेपी के नेता पहले जिनके खिलाफ थे अब उनके साथ होंगे या होने को मजबूर होंगे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### धीरा में सांस्कृतिक संध्या के लिए हुए ऑडिशन

**डरोह।** एसडीएम कार्यालय धीरा की ओर से होली मेले में हो रहीं 26 से 28 मार्च तक सांस्कृतिक संध्या के लिए शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल धीरा में स्थानीय कलाकारों का प्रस्तुतियां देने के लिए ऑडिशन लिया गया। इसमें एसडीएम कार्यालय धीरा की टीम के साथ मंच संचालक नरेश भी मौजूद थे। मुख्य जज की भूमिका पहाड़ी गीतों के सरताज संजीव दिक्षित ने निभाई। कलाकारों से पहाड़ी और हिंदी दोनों भाषाओं में ऑडिशन लिया गया। इस दौरान गाना गाने और नृत्य करने में लगभग 75 कलाकारों ने इस कार्यक्रम के लिए ऑडिशन दिया। किस कलाकार को किस संध्या में बुलाया जाएगा, कार्यक्रम से एक दिन पहले उन्हें कॉल करके बता दिया जाएगा।

### 54200 हजार लीटर लाहन को किया नष्ट

**इंदौरा।** आदर्श चुनाव आचार संहिता लगते ही अवैध रूप से नशा तस्करों को पकड़ने का अभियान जोरों से चलाया जा रहा है। आईएसआई कड़ी के तहत शनिवार को हिमाचल पंजाब आबकारी विभाग बनाम पुलिस विभाग द्वार संयुक्त रूप से इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के छन्नी गांव में अवैध शराब तस्करों को पकड़ने के लिए अभियान छेड़ा गया एक्साइज विभाग पुलिस की संयुक्त रेड की अगआई डिप्टी कमिश्नर एक्साइज टेक्सेशन विभाग नूरपुर प्रीतपाल सिंह कर रहे थे। उन्हें बताया गया कि छन्नी बेली गांव में अवैध रूप से कच्ची शराब निकालने वाले टास्कों के ठिकानों पर विभाग द्वारा दबिश दी गई। विभाग द्वार मौके पर लगभाग 54200 लीटर शराब को नष्ट किया गया। इस अभियान में उनके साथ थाना डमटाल प्रभारी कल्याण सिंह ठाकुर, सहप्रभारी देवराज पंजाब उत्पाद शुल्क विभाग के अधिकारी पुलिस विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहें।

### 400 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**कांगड़ा।** हिमालयन सेवियर संस्था द्वारा शनिवार को शहीदी दिवस के अवसर पर नगर परिषद मैदान कांगड़ा में रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस शिविर में हिमाचल प्रदेश बास्केटबाल संघ के अध्यक्ष, ओलंपिक संघ हिमचाल प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं बास्केटबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहसचिव ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। हिमालयन सेवियर्स संस्था के अध्यक्ष हरीश कुमार ने बताया कि ने आज के रक्तदान शिविर में सैकड़ों रक्तदानियों ने भाग लिया और लगभग 400 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।


जयसिंहपुर। अंदराणा प्रीमियर लीग का शनिवार को समापन हुआ। टूर्नामेंट के समापन पर मुख्यातिथि के रूप में पूर्व विधायक रविंद्र सिंह धीमान उपस्थित रहे। वहीं, अंदराणा प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला लाहडू और अंदराणा के बीच हुआ। इसमें लाहडू 12 रन से विजयी रहा। इस मौके पर विशेष रूप से युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवा कटोच, प्रवीण कुमार अजय भंगालिया, हिमांशु उपस्थित रहे।

## परीक्षा देने से वंचित छात्रों को मिलेगा मौका

### शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने दी जानकारी, जल्द जारी होगी डेटशीट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

बारिश, बर्फबारी या अन्य किसी कारण से बोर्ड परीक्षा देने से वंचित रहे मैट्रिक व प्लस टू के स्टूडेंटस को स्कूल शिक्षा बोर्ड मौका देने जा रहा है। बोर्ड की माने तो ऐसे परीक्षार्थियों की परीक्षा अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित की जाएगी हैं। वर्तमान में बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं, जिनके पूरा होते ही बोर्ड परीक्षा से वंचित स्टूडेंटस की परीक्षा हेतु डेटशीट जारी कर देगा। अब तक मैट्रिक व जमा दो के 18 स्टूडेंटस बोर्ड के पास परीक्षा हेतु आवेदन कर चुके हैं। मैट्रिक व जमा दो की परीक्षाएं शुरू होने के साथ ही प्रदेश के कई क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी का दौर शुरू हो गया था, जिसके चलते कई स्टूडेंटस परीक्षा देने से वंचित हो गए थे। ऐसे मामले बोर्ड के ध्यान में भी आए थे। इस पर बोर्ड ने ऐसे परीक्षार्थियों से 24 मार्च तक बोर्ड के पास आवेदन करने की बात कही थी। अब तक 18 ऐसे परीक्षार्थी बोर्ड के पास आवेदन कर चुके हैं, जो किसी कारण परीक्षा देने से वंचित रहे थे। इन परीक्षार्थियों में जमा दो के 12 और मैट्रिक के छह परीक्षार्थी शामिल हैं। परीक्षा से वंचित परीक्षार्थी, जिन्होंने बोर्ड के पास आवेदन किया है।

### 18 स्टूडेंटस के आए आवेदन



**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डा. मेजर विशाल शर्मा का कहना है कि परीक्षा से वंचित 18 स्टूडेंटस ने अभी तक परीक्षा हेतु आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि अभी बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं और 28 मार्च को इन परीक्षाओं के पूर्ण होने पर परीक्षा से वंचित रहे स्टूडेंटस की डेटशीट जारी करके अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में परीक्षा से वंचित रहे स्टूडेंटस की परीक्षा आयोजित करवा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि किन्नौर जिला में प्रशासन द्वारा परीक्षा से वंचित रहे छात्रों की प्रेजेंटेशन बोर्ड को प्राप्त हुई है और कई जगह स्कूलों के माध्यम से यह प्रेजेंटेशन मिली है।

## पार्टी से ही नहीं जनता से भी विश्वासघात किया पूर्व कांग्रेस विधायकों ने : पुनीत मल्ही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश कांग्रेस पार्टी के सचिव पुनीत मल्ही ने कांग्रेस से बागी हुए छह विधायकों द्वारा भाजपा में शामिल होने पर कहा कि इन विधायकों ने पार्टी के साथ ही नहीं जनता की भावनाओं के साथ भी खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि इन विधायकों को जनता कभी माफ नहीं करेगी।

पुनीत मल्ही ने कहा कि प्रदेश की जनता ने इन विधायकों पर विश्वास कर अपना कीमती वोट दिया था, ताकि वे उनके विश्वास पर खरा उतर सकें, परंतु राज्यसभा सांसद चुनावों में पहले क्रॉस वोटिंग कर तथा बाद में भाजपा में शामिल होकर यह साफ कर दिया है कि उनके दिलो-दिमाग में जनता के प्रति नहीं बल्कि अपने लिए क्या चल रहा था।


पुनीत मल्ही।

उन्होंने कहा कि भले ही इन विधायकों को लोकसभा या विधानसभा चुनावों में टिकट देकर मैदान में उतार ले, लेकिन जनता इन विधायकों को जवाब देने के लिए तैयार बैठी हुई है। पुनीत मल्ही ने कांग्रेस सरकार में रहते हुए इन विधायकों को पूरा मान-सम्मान दिया, परंतु जो विधायक कांग्रेस के नहीं हो सके वे कभी भाजपा के भी नहीं होंगे। क्योंकि इन विधायकों ने अपने क्षेत्र के विकास के लिए नहीं बल्कि अपने विकास के लिए जनता को मूर्ख बनाया था। निर्दलीय विधायकों द्वारा भी भाजपा ज्वाइन करने पर मल्ही ने कहा कि इन सभी नौ विधायकों का राजनीतिक सफर अब खत्म हो चुका है तथा यह सभी विधायक भूल जाएं कि दल-बदलुओं को जनता अब सिर आंखों में बिठाएगी।

## कंगना ने जन्मदिन पर मां ज्वाला का लिया आशीर्वाद, बगलामुखी मंदिर में किया हवन

**टीम, ज्वालामुखी, देहरा**

फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत नें अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य पर शनिवार को शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर पहुंची और माता ज्वाला की दिव्य ज्योतियों के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

पुजारी अभिनव शर्मा ने उन्हें ज्वालामुखी गर्भ गृह में विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। फिल्म अभिनेत्री कंगना जब ज्वालामुखी पहुंची तो उनके साथ फोटो और सेल्फी लेने के लिए श्रद्धालु व स्थानीय लोग नजर आए। कंगना रनौत ने कुछ फोटो भी क्लिक करवाए। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद फिल्म अभिनेत्री कंगना ने परिसर में मौजूद मंदिरों में दर्शन किए और शयन भवन में भी विधिवत पूजा-अर्चना की। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने जाते-जाते माता जय ज्वाला का जयकारा भी लगाया। मंदिर अधिकारी अनिल कुमार सौंधी ने उन्हें माता की चुनरी व ज्वाला माता की तस्वीर भी भेंट की। वहीं, इस दौरान कंगना रनौत ने बगलामुखी मंदिर व पूजा-अर्चना पर हवन यज्ञ भी किया। (अनंत ज्ञान)


ज्वालामुखी मंदिर में अभिनेत्री कंगना रनौत को सम्मानित करते हुए।

### पर्यटक की मौत के मामले में तीन और अरेस्ट

**धर्मशाला।** मैकलोडगंज में हुई पर्यटक की मौत के मामले में पुलिस ने शनिवार को तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार हुए आरोपियों की संख्या अब आठ हो गई है। उधर, क्षेत्रीय फोरेंसिक साइंस प्रयोगशाला की टीम ने भी मौके का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए। इससे पहले मृतक के पक्ष के गगनदीप सिंह, संजीव अवान व हरमनप्रीत उपरोक्त ने इनके साथ मारपीट करने वाले लोगों में कुछ के नाम बताए थे। इनमें दुकानदार 50 वर्षीय होशियार सिंह पुत्र व्रतिया राम, उसका बेटा 20 वर्षीय आर्यन, 30 वर्षीय विक्की पुत्र मचलू राम व 24 वर्षीय अंकुश पुत्र करतार सिंह निवासी भागसूनाग व 28 वर्षीय अजय कुमार मोहिन्द्र सिंह निवासी गांव ध्याला थे। घायल हुए संजीव अवान ने विक्की व अजय कुमार द्वारा इसके साथ मारपीट करना व हरमन प्रीत सिंह ने होशियार सिंह, आर्यन व अंकुश तथा कुछ अन्य लोगों द्वारा मारपीट के आरोप लगाए थे। इन आरोपियों को 26 मार्च तक पुलिस रिमांड पर लिया जा चुका है। शुक्रवार को गगनदीप सिंह, संजीव अवान व हरमन प्रीत उपरोक्त ने अपने ब्यान व चश्मदीदो ने 27 वर्षीय अंकुश कपूर पुत्र बिहारी लाल निवासी गांव कंडकियाणा जो अभी गांव टिकरी नरवाणा में रहता है, 29 वर्षीय कुनाल नेहरिया पुत्र अर्जुन सिंह निवासी भागसू व 50 वर्षीय रमन कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी चरान खड्डु को भी मारपीट में शामिल बताया। इसके बाद तीनों को पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। अब इस मामले में कुल गिरफ्तार आरोपियों की संख्यां 8 हों गई है। उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीरबहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### आर्य कॉलेज नूरपुर में सालाना समारोह की धूम

**नूरपुर।** राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर में शनिवार दिनांक 23 मार्च 2024 को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। इसमें राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी के प्राचार्य डॉ. पीएल भाटिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। डॉ. पीएल भाटिया ने अपने संबोधन में गुणात्मक शिक्षा के साथ-साथ संस्कार युक्त शिक्षा मुहैया कराने पर जोर दिया। बच्चों के प्रदर्शन के लिए उन्होंने ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। विद्यार्थियों को अकादमिक, खेलकूद, सीएससीए व विभिन्न क्लबों के नामांकन के लिए व सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम से खुश होकर 11000 रुपए प्रदान किए। राजकीय महाविद्यालय रे की प्राचार्या डॉक्टर नीरू ठाकुर ने बच्चों को खेलकूद के लिए प्रोत्साहित करने के लिए इनाम स्वरूप 11000 रुपए की राशि प्रदान की। इस दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए।

## पूर्व मंत्री मेजर विजय सिंह मनकोटिया ने कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

**सुभाष मिंटू, कांगड़ा**

शाहपुर विधानसभा के पूर्व नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मेजर विजय सिंह मनकोटिया ने प्रेसवार्ता के माध्यम से वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि आज हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांग्रेस की ऐसी दुर्दशा बना दी है जो इस राज्य के इतिहास में कभी न थी। एक नाकामयाब मुख्यमंत्री जिस में न योग्यता, न शासन-प्रशासन पर पकड़, न ही जनता का इस पर विश्वास। ऊपर से पार्टी में इस बार घोर बगावत और विद्रोह हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस समय सरकार आईसीयू में और मुख्यमंत्री वेंटिलेटर पर है।



इन कांग्रेसियों ने धोखा देकर छल और कपट से सरकार बनाई है। हिमाचल को 80 हजार करोड़ से ज्यादा के कर्जे में डूबो दिया है और करीब एक वर्ष में ही 12000 करोड़ का लोन ले बैठे हैं। मेजर मनकोटिया ने कहा कि इस वर्तमान स्थिती का असली दोषी, अपराधी कोई है तो वह प्रियंका गांधी वाड्रा है, जिसने चुनाव के दौरान हिमाचल में कांग्रेस पार्टी की ओर से झूठी गारंटियों दी और यहां की भोली-भाली जनता को गुमराह किया है। आज भी प्रतिनिधि रूप से सुक्खू की सरकार या आधी बची सरकार को वहीं चला रही है। पहले पंजाब में सिद्धू को नेतृत्व देकर कांग्रेस का सर्वनाश करवाया फिर सुक्खू के हाथों बाग-डोर देकर हिमाचल की नाव डुबोई। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बीते विधानसभा चुनाव में इसी के नेतृत्व में कांग्रेस का चुनाव हुआ, 403 विधानसभा सीटों में कुल दो सीटें कांग्रेस के पल्ले आई। राज्य सभा चुनाव के लिए एक दागी गैर हिमाचली को कांग्रेस का प्रत्याशी बनाकर हम हिमाचलियों का निरादर किया है। उन्होंने कहा कि यही कांग्रेसी बगावत के बाद एक-दुसरे को ठग बोलने लगे है।

इनकी काली करतूतों से और लूट मार से हम भली भांती परिचित हैं। इन पर सुक्खू सरकार पर वित्तीय एमर्जेंसी लगाई जाए और बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाकर चुनाव किया जाए।

मनकोटिया ने कहा कि इस सुंदर पहाड़ी राज्य को बर्बाद न होने दिया जाए। केवल हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ही हिमाचल को एक आदर्श राज्य के रूप में निखार सकते हैं और हमारे देश को अगले पांच वर्षों में और भी बुलंदियों पर ले जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## धर्मशाला और देहरा में तेज हुई राजनीतिक सरगर्मियां, बीजेपी नेताओं की बढ़ी परेशानी

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा की दो विधानसभा क्षेत्रों धर्मशाला और देहरा में राजनीतिक सरगर्मीयों बढ़ गई है। धर्मशाला विधानसभा से पूर्व कांग्रेस विधायक सुधीर शर्मा ने भाजपा का दामन थाम लिया है तो वहीं देहरा विधानसभा क्षेत्र से आजाद विधायक होशियार सिंह ने विधायक पद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए हैं। दोनों विधानसभा क्षेत्रों में सीटें खाली होने के बाद उप-चुनावों को लेकर राजनीतिक चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

हालांकि देहरा से निर्दलीय विधायक का अभी तक इस्तीफा स्वीकार नहीं हुआ है। धर्मशाला की बात करें तो कांग्रेस पार्टी नेता तो किसी हद तक खुश भी हैं क्योंकि अब पार्टी की ओर से नए प्रत्याशी को टिकट मिलना तय है लेकिन भाजपा के स्थापित नेताओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं। धर्मशाला से कांग्रेस का नया चेहरा सामने होगा तो मौजूदा स्थिति में भाजपा की ओर से नए-नए शामिल हुए सुधीर शर्मा के भाजपा प्रत्याशी होने के पूरे समीकरण बन रहे हैं। ऐसे में धर्मशाला भाजपा के स्थापित नेताओं के पसीने छूटना लाजमी है। सूत्रों की माने तो धर्मशाला भाजपा नेताओं की गुप्त बैठकें शुरू हो गई हैं और आगामी विधानसभा चुनावों में क्या रणनीति रहेगी, उस पर चर्चा शुरू हो गई है।

वहीं कांग्रेस से पूर्व प्रत्याशी डॉ. राजेश शर्मा पर कांग्रेस एक बार फिर दाव खेल सकती है। बहरहाल, देहरा में भी दोनों पार्टियों की गुप्त बैठकें शुरू हो गई हैं। (अनंत ज्ञान

### जनता इन्हें माफ नहीं करेगी : विप्लव ठाकुर

**पूर्व** राज्य सभा सांसद एवं दिग्गज कांग्रेस नेता विप्लव ठाकुर ने कहा कि यदि निर्दलीय विधायक होशियार सिंह का इस्तीफा स्वीकार होता है तो उपचुनाव की स्थिति में निशंकोच देहरा से कांग्रेस के सबसे मजबूत प्रत्याशियों में डॉ. राजेश शर्मा हैं, पार्टी के पास अन्य विकल्प भी हैं, पार्टी हाईकमान ही तय करेगी कि किस पर दाव खेलना है। वहीं, धर्मशाला कांग्रेस मजबूत है और पार्टी के पास प्रत्याशियों की कोई कमी नहीं। कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी धर्मशाला से बड़े अंतराल से चुनाव जीतेंगा। धर्मशाला सहित अन्य पांच विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस विधायकों का हुआ दलबदल पार्टी से गद्दारी है। इन नेताओं ने जनमत का अपमान किया है और जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी।

**आरोप** | भाजपा में शामिल होने पर पूर्व महापौर में बागियों को लिया आड़े हाथ

## सुधीर शर्मा को जनता देगी जवाब: देवेंद्र जग्गी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पुरानी पेंशन (ओपीएस) बहाली व महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह सहित अन्य दस गारंटियों के बूते विधानसभा पहुंचने वाले सुधीर शर्मा अब भाजपा में शामिल हो कर इन्हीं गारंटियों का विरोध करेंगे। जनता इस बात का जवाब जानना चाहती है। एक विशेष भेंट वार्ता में धर्मशाला नगर निगम के पूर्व महापौर व धर्मशाला से टिकट के प्रवल दाबेदार देवेंद्र सिंह जग्गी ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि जनता ने जिन वादों पर कांग्रेस प्रत्याशियों को मेंडेट दिया था, कुछ नेताओं ने अपनी अति महत्वकांक्षाओं के चलते जनता को धोखा दिया है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्व व निराशाजनक है। उन्होंने पूर्व कांग्रेस नेता के भाजपा में शामिल होने पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी से खिलाफ जाने से पूर्व उन्हें प्रदेश के कर्मचारियों को मिली पुरानी पेंशन और महिलाओं को दिए जाने वाले 1500 रुपए प्रतिमाह योजना सहित विभिन्न जनहित योजनाओं का ख्याल नहीं आया। क्या अब वह नहीं चाहते कि प्रदेश के कर्मचारियों, महिलाओं, युवाओं और जनता को प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। देवेंद्र सिंह जग्गी ने कहा कि प्रदेश की जनता सब कुछ समझ रही है कि पर्दे के पीछे क्या खेल हुआ है और अब भाजपा में शामिल हुए नेता जनता के समक्ष जनसेवक होने का राग अलाप कर, जनता की सहानुभूति लेने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उक्त नेताओं की स्थिति अब बेहद हास्यास्पद हो चुकी है। उन्होंने ने कहा कि जनता खुद अब इन्हें जवाब देगी।


देवेंद्र सिंह जग्गी।

### भाजपा नेताओं को दी जग्गी ने संवेदनाएं

**पूर्व** महापौर ने धर्मशाला भाजपा के स्थापित नेताओं के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले नेताओं को एक बार फिर हाशिए पर कर दिया जाएगा। जिस पूर्व कांग्रेसी नेता की वह आलोचना करते थे अब उसी नेता की जय-जयकार करनी पड़ेगी, जो कि भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए मुश्किल होगा। जनता इस बात का जवाब जानना चाहती है।

## रक्तदान करने को युवा आएं आगे: डीसी

**धर्मशाला।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि रक्तदान एक महादान है इस पुनीत कार्य में सभी नागरिकों को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। शनिवार को एसडीएम कार्यालय के सभागार में विशाल रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि रक्तदान स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभप्रद है तथा कुछ ही हफ्तों में रक्त कोशिकाएं का नवीनीकरण होता है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ नागरिक एक वर्ष में कम से कम तीन बार रक्तदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रक्तदान शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए, ताकि जरूरतमंदों की सेवा सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से मोबाइल वाहन भी तैनात किए गए हैं।

# एसडीएम ने लोगों को बताया मतदान का महत्व

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां



कार्यक्रम के दौरान एसडीएम को सम्मानित करने का दौर।

शनिवार को को गांव थाना खास सेराथाना पंचायत वार्ड नंबर एक शिव मंदिर में नेहरू युवा केंद्र धर्मशाला के सौजन्य से न्यू यंग ब्लड क्लब वह जागृति महिला मंडल सेराथाना में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुनीष शर्मा एसडीएम नगरोटा बागवां ने किया। शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को मतदान के बारे में जागरूक किया व इसके महत्व को बताया। वहीं, आगामी चुनाव प्रक्रिया में हमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हर भारतीय को मतदान करने का अधिकार है। इस कार्यक्रम में संदीप धीमान संयोजक नेहरू युवा केंद्र व प्रधान न्यू यंग क्लब, जागृति महिला मंडल सेराथाना, विजय धीमान, राकेश धीमान, जोगिंद्र धीमान, संजय चौधरी, आशा कुमारी, रजनी देवी, बलवंत धीमान धर्म चंद अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

## केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर में एनएसएस शिविर का समापन

**गरली।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेद व्यास परिसर में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर श्रीनिवास वरखेड़ी व वेदव्यास परिसर की निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी के दिशा निर्देशानुसार विगत पांच दिनों से चल रहे एनएसएस के पांच दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया। इस उपलक्ष्य में एक समापन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इसमें प्रदेश कृषि विभाग शिमला से सह परियोजना निदेशक मुनीश सूद ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की व विशिष्टतिथि के रूप में परिसर के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में संस्कृत शिक्षक गौरव अत्री कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं, सारस्वत अतिथि के रूप में परिसर के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में इंडियन आर्मी में बतौर धर्मगुरु कार्यरत पवन कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर के प्रभारी निदेशक प्रो मंजूनाथ ने की। कार्यक्रम का आरंभ मंगलाचरण के साथ हुआ और उसके बाद एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया ने स्वागत भाषण दिया व आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह व शॉल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अमित वालिया के साथ परिसर के प्रभारी निदेशक प्रो. मंजूनाथ व एनएसएस संयोजक कवि पंकज भी उपस्थित रहे। समापन कार्यक्रम से पहले राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने परिसर में साफ सफाई की।

# निजी स्कूल हर वर्ष एडमिशन फीस के नाम पर कमा रहे लाखों रुपए

## जवाली में टाई-बेल्ट-बैज-यूनिफॉर्म-किताबों व कॉपियों के नाम पर लूट शुरू

अनिल छांगू, जवाली

उपमंडल जवाली के निजी स्कूलों में एडमिशन, टाई, बेल्ट, बैज-यूनिफार्म और किताबों-कॉपियों के नाम पर लूट-घसूट शुरू हो गई है। निजी स्कूलों में नियमों को धत्ता बताकर स्कूल में हर वर्ष बच्चों से एडमिशन फीस वसूल की जा रही है।

वहीं स्कूल यूनिफार्म, किताबें-कॉपियां, शूज व टाई आदि स्कूल में ही महंगे दामों पर बेचे जा रहे हैं। निजी स्कूल संचालकों द्वारा एडमिशन के नाम पर वसूली करके एक महीने में ही लाखों रुपए कमाए जा रहे हैं। जबकि अभिभावकों की जेब पर डाका पड़ रहा है। ऐसा करके टैक्स को भी चूना लगाया जा रहा है। जबकि विभाग व प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। हालांकि नियमानुसार कोई भी निजी स्कूल संचालक स्कूलों में किताबें-कॉपियां-टाई-बेल्ट-बैज नहीं बेच सकता है, परंतु निजी स्कूल संचालक सरेआम बेच रहे हैं। स्कूल संचालकों द्वारा बोर्ड की किताबें लगाने की बजाए मोटी कमीशन के चक्कर मे निजी पब्लिशर की किताबें बच्चों को लगाई जा रही हैं। अधिकतर निजी स्कूल संचालकों द्वारा प्राइवेट वाहन हायर करके बच्चों की सुरक्षा को रामभरोसे छोड़कर स्कूल लाने में प्रयोग किया जा रहा है। बुद्धिजीवियों ने कहा कि आखिरकार स्कूल संचालक नियमों को दरकिनार क्यों कर रहे हैं। इन पर लगाम कसने की कोई हिम्मत नहीं कर रहा है। बुद्धिजीवियों ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व शिक्षा विभाग से मांग की है कि निजी स्कूल संचालकों की मनमर्जी पर लगाम लगाई जाए। (अनंत ज्ञान)


निजी स्कूल का फाइल फोटो।

### संचालकों की मनमानी से अभिभावक परेशान

**अधिकतर** निजी स्कूल संचालकों की मनमानी से अभिभावक परेशान है। हर साल एडमिशन व किताबों के नाम पर लाखों रुपए लिए जा रहे। इससे अभिभावकों की जेबें ढीली करने पड़ रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से मांग उठाई है कि निजी स्कूल संचालकों की मनमानी पर लगाम कसी जाएं।

## छात्रों को मतदान करने को किया प्रेरित

**देहरा।** चुनाव का पर्व, देश का गर्व प्रोग्राम के अंतर्गत देहरा उपमंडल अधिकारी शिल्पी बेक्टा ने राजकीय महाविद्यालय देहरा के वार्षिक महोत्सव में जाकर बच्चों और उनके अभिभावकों को मतदान में उनकी भूमिका एवं एक सशक्त लोकतंत्र में उनकी भूमिका को लेकर अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि एक यह लोकतंत्र की श्रृंखला है कि कोई भी मतदाता मतदान से न छूटे। इसकी जिम्मेदारी जितनी मेरी है उतनी ही आप सभी की है। एक मतदाता कैसे अपने मतदान करके एक राष्ट्र के विकास में अपनी अग्रणी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने सभी बच्चों और अभिभावकों को यह समझाया और अपील की पहली जून को वह मतदान अवश्य करें और देहरा विधानसभा को भी आगे लेकर जाएं। वहीं दूसरे कार्यक्रम में शिल्पा बेक्टा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वह मतदान करने के लिए सभी को प्रेरित करें और निष्पक्ष चुनाव करवाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### मिनर्वा कॉलेज में रक्तदान शिविर 28 को

**इंदौरा।** मिनर्वा कॉलेज ऑफ एजुकेशन इंदौरा में 28 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मिनर्वा कॉलेज ऑफ एजुकेशन रेड रिबन क्लब की नोडल ऑफिसर डॉ. ईशा शर्मा ने बताया कि शिविर सुबह दस से दोपहर तीन बजे तक चलेगा। मिनर्वा कॉलेज के अध्यक्ष चेयरमैन जेएस पटियाल ने बताया कि रक्तदान शिविर हर वर्ष हमारे कॉलेज में लगाया जाता है। इस बार भी इस शिविर का आयोजन किया गया है। इस उपलक्ष्य पर उन्होंने क्षेत्र वासियों से शिविर में बढ़-कर कर भाग लेकर रक्तदान करने का आग्रह किया है।

### एंकर प्रकृति कौंडल को किया सम्मानित

**कांगड़ा।** एंकर प्रकृति कौंडल जो कि जिला कांगड़ा की रहने वाली है। वह हर प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेती है और वह आपना कांगड़ा एंटरटेनमेंट की ब्रांड एंबेसडर हैं। वहीं, डाकघर के द्वारा चलाई गई दीन दयाल स्पर्श योजना के अंतर्गत देहरा डिवीजन के डाकघर में बुलाकर 6000 रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया। जो कि अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है इसके लिए एंकर प्रकृति कौंडल ने अपने माता-पिता मोनिका कौंडल और विजय कौंडल का धन्यवाद किया, जो हमेशा उनको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहते हैं और बेटी की हौसला अफजाई करते रहते हैं। इसी के साथ बेटी प्रकृति कौंडल ने डीएवी स्कूल बनखंडी के प्रधानाचार्य सुभाष शर्मा जी और समस्त स्टाफ का भी धन्यवाद किया।

### पहलवानों को दिए जाएंगे एक लाख के इनाम

**गगल।** जमानाबाद छिंज मेले में आकर्षण कुश्तियां करवाई जाएगी । जानकारी देते हुए मेला कमेटी के महासचिव स्वरूप कुमार ने बताया की बड़ी माली में छोड़ने वाले पहलवानों को एक लाख नकद पुरस्कार दिए जाएंगे और इतना ही नहीं बाहर से आए पहलवानों की भी डायरेक्ट कुश्तियां करवाएंगे और उन्हें भी उचित इनाम दिया जाएगा। इस अवसर पर मेला कमेटी के प्रधान फोजा सिंह, पंचायत प्रधान कुलदीप चंद, कैशियर लाल सिंह, विपिन कुमार, अशोक काकू, उपप्रधान जावा, विजय सहित उपस्थित थे।

### जन-जन तक पहुंचाएंगे केंद्र सरकार की योजनाएं

**शाहपुर।** शनिवार को भाजपा सोशल मीडिया मंडल शाहपुर की बैठक मंडल संयोजक वरिंद्र शर्मा की अध्यक्षता में भाजपा मंडल कार्यालय शाहपुर में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा सोशल मीडिया कांगड़ा चंबा संसदीय क्षेत्र के संयोजक हैप्पी, जिला संयोजक पारस शर्मा, जिला सह संयोजक प्रांशु मेहरा, पारस अवस्थी, संसदीय क्षेत्र सदस्य तरुण जम्वाल, अंशुल शर्मा और अभिषेक विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर सोशल मीडिया की भूमिका को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। सोशल मीडिया की टीम प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं को किस प्रकार जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस विषय पर भी चर्चा की गई।

### रेनबो इंटरनेशनल स्कूल ने मेधावी किए सम्मानित


रेनबो इंटरनेशनल स्कूल में मेधावी छात्रों को सम्मानित करने का दौर।

**नगरोटा बगवां।** रेनबो इंटरनेशनल स्कूल ने पढ़ाई में अव्वल रहने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इसी के तहत आठवीं कक्षा की दीपाली, आश्वी शर्मा, आस्था और मुदिता प्रिंसिपल छवि कश्यप और मीनाक्षी कश्यप से पुरस्कार प्राप्त करने के बाद प्रसन्नचित मुद्रा में।

### गंदड़ में धूमधाम से किया होली मेले का आगाज

**लंबागांव।** लंबागांव खंड की गंदड़ पंचायत में होली मेले का शुभारंभ झंडा पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर महेश चंद कटोच ने मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित होकर झंडा पूजन की रस्म अदा की। कार्यक्रम में मेला कमेटी के प्रधान जनम चंद कटोच, सचिव कमलेश शर्मा, जुगल किशोर मिश्रा, रमेश कटोच, राकेश शर्मा, रविंद्र कटोच, अशोक धीमान, सुषमा धीमान, शशिकांत शर्मा, राकेश गोस्वामी, चंद्र प्रकाश मिश्रा, बिहारी लाल शुक्ला, प्रवीण कुमार, प्रदेश चंद कटोच व हरि राम आदी मौजूद रहे। उधर, अपर लंबागांव में भी हर वर्ष की भांति झंडा रस्म के साथ होली उत्सव आरंभ हो गया अप्पर लंबागांव में होली उत्सव चार दिन 25 मार्च तक चलेगा ।

### 27 मार्च से पहले जमा करवाएं बिजली के बिल

**ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत बोर्ड द्वारा समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि जिन्होंने अपने बकाया बिजली बिल जमा नहीं करवाए हैं वे सभी 27 मार्च तक बिल जमा करवा दें। अन्यथा विद्युत बिलों की अदायगी न करने वाले उपभोक्ताओं की बिना किसी अग्रिम सूचना के अस्थायी तौर पर काट दी जाएगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नंबर-एक ज्वालामुखी अजय कुमत ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग व जल्द से जल्द बिल जमा करने की अपील की है, ताकि विभागीय कार्रवाई न कि जाए।

### द्रोणाचार्य कॉलेज में जमकर उड़ा गुलाल


होली खेलते द्रोणाचार्य कॉलेज के छात्र

**शाहपुर।** द्रोणाचार्य शिक्षण स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में बीएड बीबीए, बीसीए, बीएड के छात्रों ने होली का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया । इस दौरान बच्चों ने खूब गुलाल उड़ाया और डीजे की धुनों पर थिरके। प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने सभी बच्चों को बधाई दी। वहीं, कार्यकारी निदेशक बीएस पठानिया ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं बल्कि जीवन को जीने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि यह रंग हमेशा जीवन को आह्लादमय रखते हैं।

# माउंट कॉर्मल स्कूल में छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम किए प्रस्तुत



कार्यक्रम के दौरान माउंट कार्मल स्कूल में अपनी प्रस्तुतियां देते छात्र

अनंत ज्ञान, गगल

शनिवार को माउंट कॉर्मल स्कूल गगल में नर्सरी से लेकर नन्हे बच्चों का स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

माउंट कार्मल स्कूल के अध्यापक विनय डढवाल और संदीप ने बताया की सुबह नौ बजे छोटे-छोटे नन्हे बच्चों का स्वागत कार्यक्रम किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में निदेशक फादर मैथ्यू, फादर जॉनसन तथा स्कूल की प्रधानाचार्य ऐनीश ने दीप प्रचलित करके कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में फादर जॉनसन ने बच्चों के अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा की बच्चों की जिंदगी में अध्यापक का ही नहीं अभिभावकों का भी सहयोग चाहिए। इस अवसर पर नन्हे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिन्हें बच्चों के अभिभावकों ने खूब सराहना की कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति और अन्य कार्यक्रम भी पेश किए गए। इस दौरान बच्चों ने नए आए स्टूडेंट्स का वेलकम भी किया।

## प्रशिक्षु टीचरों को बताए टीबी से बचने के उपाय

**जवाली।** कांता कॉलेज ऑफ एजुकेशन चलवाड़ा में स्वास्थ्य विभाग नगरोटा सूरियां द्वारा शनिवार को को टीबी की रोकथाम के लिए प्रशिक्षु अध्यापकों को जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान में प्रशिक्षु अध्यापकों को टीबी के उपचार के बारे में और व्यस्क बीसीजी इंजेक्शन के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि पहले बीसीजी इंजेक्शन बच्चों को छोटी उम्र में लगाया जाता था, लेकिन 18 वर्ष के लोगों को भी इस बीमारी से बचने के लिए इंजेक्शन का प्रावधान किया गया है। टीबी बीमारी के प्रति अध्यापकों को जागरूक करने के लिए टीबी चिन्ह बनाकर बच्चों को जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग नगरोटा सूरियां द्वारा बच्चों को यह भी बताया गया कि टीबी की रोकथाम के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास के लोगों को जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर स्वास्थ्य खंड, नगरोटा सूरियां की ओर से स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रविंद्र कुमार और एसटीएस रुचि चौधरी उपस्थित रहे। अंत में कांता कॉलेज के चेयरमैन ठाकुर कुलतार सिंह, कॉलेज प्रचार्या तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. दुष्यंत शर्मा और आई हुई समस्त टीम का हार्दिक धन्यवाद किया ।

# पायल मिस एंड अनुज मिस्टर फेयरवेल

## इंदौरा कॉलेज में फेयरवेल पार्टी का आयोजन, छात्रों को किया जागरूक


कार्यक्रम के दौरान छात्रों की प्रस्तुतियों का आनंद उठाते मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य।

अनंत ज्ञान, इंदौरा

राजकीय महाविद्यालय इंदौरा में तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमे छात्र छात्राओं ने रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें अनुज को मिस्टर फेयरवेल तथा पायल को मिस फेयरवेल चुना गया।

इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि आप सब देश का भविष्य हो। उन्होंने कहा कि जब तक कोई विद्यार्थी स्कूल या कॉलेज में होता है तब हर शिक्षक अपनी विद्यार्थी को अच्छी शिक्षा देता है, ताकि उनके द्वारा दी गई शिक्षा के अनुकूल विद्यार्थी भविष्य में अपना मुकाम हासिल कर सके और अच्छे रास्ते पर चल सके। वहीं, प्रोफेसर कुलवंत परमार ने सभी को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि आज के दौर में नशा बहुत बड़ चुका है। जो कि हमारे शरीर के लिए बहुत हानिकारक है। इससे हर दिन नशे से सैकड़ों लोगों की जान चली जाती है।

उन्होंने बच्चों को समझाया कि वे कभी भी ऐसे रास्ते पर न चले, जिसके कारण उन्हें भविष्य में किसी परेशानी का सामना करना पड़े। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर सबका मनमोह लिया।

# तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में गूंजे देशभक्ति के तराने

अनंत ज्ञान, जवाली


तृप्ता स्कूल में क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते स्टाफ सदस्य।

तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव जी के शहीदी दिवस पर विशेष रूप से प्रधानाचार्य राकेश राणा एवं स्टाफ सहित उमा, सीमा, कल्पना, राम सिंह, अजयेंद्र, संदीप, बलविंद्र,पंकज, अरुण और शोभना ने भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बताया कि हमारे देश की आजादी के लिए यह सभी हंसते हंसते फांसी पर चढ़ कर अपने प्राणों की आहुति दे दी थी।

प्रधानाचार्य राकेश राणा ने अपने संदेश में कहा की हमे अपने शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि देनी चाहिए। जिन्होंने इस देश को स्वतंत्र करवाने के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया। हमे उनसे त्याग बलिदान की भावना से प्रेरित होकर देश के प्रति सम्मान और उसकी आन-बान और शान के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन वीरेंद्र नरियाल ने भी शहीदों के बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस उपलक्ष्य पर संगीत अध्यापक राम सिंह ने देश भक्ति गीत भी प्रस्तुत किया।

# पूर्व सैनिकों की बेटी को दिलवाई पेंशन और एरियर

अनंत ज्ञान, शाहपुर

हिमाचल प्रदेश एक्स सर्विस लीग शाहपुर की यूनिट के प्रयास से दो पूर्व सैनिकों की बेटियों को लाइफ टाइम एरियर की सुविधा और पेंशन की सुविधा मिल पाई है। इसके लिए दोनों पूर्व सैनिकों की बेटियों ने हिमाचल प्रदेश एक्स सर्विस लीग शाहपुर का धन्यवाद किया है। जानकारी के अनुसार पहले मामले में शाहपुर के सद्दू निवासी पूर्व सैनिक हवलदार देश राज की सात अप्रैल 2021 को मौत हो गई थी। इससे पहले उनकी पत्नी की भी मौत हो चुकी है।

सेना के नियम के मुताबिक पूर्व सैनिक के किसी आश्रित को पेंशन लगाने का प्रवधान होता है। ऐसे में पूर्व सैनिक लीग शाहपुर ने पूर्व सैनिक की बेटी सरिता देवी को इसके बारे में बताया। इसके बाद शाहपुर के पूर्व सैनिक प्रीतम सिंह ने सभी दस्तावेज संबंधी प्रक्रिया पूरी कर देशराज की पुत्री सरिता देवी को 21 हजार की मासिक पेंशन लगवाई और छह लाख 40 हजार का एरियर दिलवाया। वहीं, दूसरे मामले में शाहपुर के प्रेई निवासी नायब सूबेदार देश राज की विधवा पत्नी कुशला देवी को दो लाख 35 हजार का एरियर दिलवाया।

कुशला देवी को पहले से पेंशन की सुविधा मिल रही है। दोनों ने हिमाचल प्रदेश एक्स सर्विस लीग शाहपुर की यूनिट के चेयरमैन कर्नल जय सिंह, वाइस चेयरमैन कर्नल संतूर सिंह राणा, सचिव रतन चंद, प्रेस सचिव सुरिंदर पटियाल, मेजर कुलदीप बलौरिया और लीग के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया है।

## 455 ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

**नूरपुर।** नूरपुर ब्लड डोनर क्लब द्वारा शहीदी दिवस पर मेगा ब्लड डोनेशन एवं मतदान जागरूकता अभियान आयोजन किया गया। नूरपुर ब्लड डोनर क्लब द्वारा यह 35वां रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। इस रक्तदान शिविर में 18 से 25 साल तक पहले 60 लोगों को आईएसआई मार्का के हेल्मेट दिए गए। इस शिविर के दौरान मतदान जागरूकता अभियान के तहत यहां लोगों को जागरूक भी किया तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान करने को लेकर प्रेरित किया। इस अवसर पर नूरपुर वासियों के साथ कई समाजसेवी संस्थाओं, युवाओं तथा बाहरी इलाकों के दानवीर ने भी भाग लिया। इस शिविर कैंप में 455 रक्तवीरों ने रक्त दान किया। नूरपुर ब्लड डोनर अध्यक्ष राजीव पठानिया ने कहा कि नूरपुर ब्लड डोनर क्लब द्वारा अटल इंडोर स्टेडियम में कैंप लगाया गया है। यह 35वां कैंप है हिमाचल में सबसे बड़ा ब्लड कैंप हमने 2016 में लगाया था। इसमें 603 लोगों ने एक दिन में ब्लड डोनेट किया था। आज भी लोगों में युवाओं बहुत जोश है समाज के हर क्षेत्र से लोग भाग ले रहे हैं। उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया है यह कैंप हमने एक प्रकल्प के तहत आयोजन किया है सेवा भी सुरक्षा भी।

**गुड न्यूज** 15 हजार से कम वेतन वालों को प्रतिमाह एक हजार, दिव्यांगों को मिलेगा 1500 प्रतिमाह

# कामगार औद्योगिक कौशल विकास भत्ता योजना का उठाएं लाभ

कपिल पंडित, धर्मशाला

अनंत ज्ञान स्पैशल

यदि आप किसी उद्योग में कार्यरत हैं तो प्रदेश सरकार की औद्योगिक कौशल विकास भत्ता योजना के तहत अपने कौशल विकास में वृद्धि कर सकते हैं।

जिला कांगड़ा के करीब 550 युवा इस योजना के अंतर्गत लाभ अर्जित कर रहे हैं। जिला कांगड़ा से बद्दी, सोलन सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित विभिन्न उद्योगों में कार्य कर रहे युवाओं के लिए यह योजना बरदान साबित हुई है।

सरकार की औद्योगिक कौशल विकास भत्ता योजना के तहत रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत तथा उद्योगों में 15 हजार रुपए प्रतिमाह या इससे कम वेतन पाने वाले सामान्य कामगार इसका लाभ ले सकते हैं। पात्रों को एक हजार रुपए, जबकि 50 प्रतिशत दिव्यांगता वालों को 15 सौ रुपए प्रतिमाह की दर से अधिकतम 24 माह के लिए कौशल विकास भत्ता प्रदान किया जा रहा है। इस योजना से युवा अपने कौशल को निखार सकते हैं और अच्छे रोजगार के अवसर हासिल कर सकते हैं। इस योजना के तहत फैक्टरी अधिनियम-1948 के अंतर्गत पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों में 18 से 36 वर्ष आयु वर्ग के 15 हजार रुपए प्रतिमाह या इससे कम वेतनमान पर तैनात होने वाले हिमाचली कामगार ही पात्र होंगे। अप्रेंटिस अधिनियम-1961 के अंतर्गत बतौर अप्रेंटिस तैनात होने वाले प्रशिक्षु भी इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा लाभार्थी का नाम प्रदेश के रोजगार कार्यालय में आवेदन करने के समय पंजीकृत होना जरूरी है तथा इससे पहले कौशल विकास भत्ता योजना के तहत भत्ता प्राप्त न किया हो। इस योजना का लाभ अधिकतम दो माह के लिए ही मिलेगा। साथ ही यदि इससे पहले कौशल विकास भत्ता योजना के तहत 24 माह से कम अवधि के लिए कौशल विकास भत्ता प्राप्त किया हो तो बचे हुए महीनों के लिए कौशल विकास भत्ता प्राप्त किया जा सकता है। इस योजना के तहत मिलने वाले भत्ते को सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भुगतान किया जाएगा। सरकार ने इस योजना का लाभ हासिल करने के लिए कोई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित नहीं की है। (अनंत ज्ञान)

### युवाओं के लिए सुनहरी मौका

**इस** योजना के तहत गैर हिमाचली, जिनका आयु 18 वर्ष से कम तथा 36 वर्ष से अधिक न हो, सरकार द्वारा बर्खास्त कर्मी, 48 घंटे तक जेल में रहने वाला, औद्योगिक इकाई द्वारा निशुल्क दी जाने वाली रिहायाश तथा 15 हजार रुपए से अधिक वेतनमान पर तैनात कामगार इस योजना के तहत पात्र नहीं होंगे। जिन्होंने पहले ही प्रदेश सरकार की कौशल विकास भत्ता योजना का लाभ प्राप्त कर लिया है वे भी इस योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। जिला रोजगार अधिकारी कांगड़ा अक्षय कुमार ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र व्यक्ति सभी औपचारिकताओं को पूर्ण कर निर्धारित प्रपत्र पर अपना आवेदन पत्र, जिस रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है, प्रस्तुत कर सकता है। जिले के कई युवा हैं जो बाहरी क्षेत्रों में स्थापित उद्योगों में कार्य कर रहे हैं और इस योजना के तहत लाभ अर्जित कर रहे हैं।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

## सूचना

मैं, नं.13765243L रैंक हवलदार टैहल सिंह पुत्र स्व. श्री प्रतीम सिंह निवासी गांव एवं डाकघर पराल, तहसील इंदौरा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) शपथ पत्र द्वारा घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी बेटी का नाम दीक्षु चौधरी से बदलकर दीक्षा चौधरी और उसकी जन्म तिथि 31.07.2007 है। सभी संबंधित नोट करें

## न्यूज ब्रीफ

### पंचायत चौकीदारों को बनाया जाए दैनिक वेतन भोगी

**नादौन।** हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज विभाग में पिछले 12 सालों से कार्यरत पंचायत चौकीदारों को दैनिक वेतन भोगी बनाया जाए, ताकि सरकार की नीति का इस वर्ग को भी लाभ मिल सके। यह मांग पंचायत चौकीदार संघ नादौन ने सरकार व विभाग से की है। पंचायतीराज विभाग के निर्देशक को भेजे मांग पत्र में पंचायतीराज विभाग ब्लॉक नादौन के प्रधान वीर सिंह ने आग्रह किया है कि इससे पहले सरकार ने 31 अगस्त 2022 को 12 वर्ष पूरे कर चुके पंचायत चौकीदारों को अधिसूचना जारी करके दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बना दिया है, लेकिन उसके बाद 31 अगस्त 2022 से 2024 तक और काफी पंचायत चौकीदार 13 से 14 साल पूरे कर चुके हैं। उन्हें अभी तक दैनिक भोगी नहीं बनाया गया है जिससे उनमें रोष है।

### राणा समर्थकों ने पार्टी की सदस्यता से दिया इस्तीफा

**सुजानपुर।** दिल्ली में सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा व अन्य पूर्व विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में हलचल देखने को मिली। शनिवार को राजेंद्र राणा के सैकड़ों समर्थकों व ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने भी कांग्रेस पार्टी के अहम पदों से इस्तीफा दे दिया। हालांकि चार दिन पहले ही जिलाध्यक्ष सुमन भारती ने भी सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस की कार्यकारिणी भंग करने की बात कही थी, लेकिन ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष की इस कार्रवाई पर पलटवार किया था। ब्लॉक कांग्रेस में इस्तीफा देने वालों ब्लॉक अध्यक्ष कैप्टन ज्योति प्रकाश, महासचिव अशोक राणा ने तमाम पदाधिकारी, ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन अटवाल कमेटी सहित, शहरी इकाई महिला कांग्रेस अध्यक्ष परवीन सोनिया व शहरी इकाई कांग्रेस अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने भी कार्यकारिणी को भंग करके इस्तीफा दे दिया। साथ ही जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष लेखराज ठाकुर, जिला महासचिव जोगिंद्र ठाकुर, पूर्व प्रधान जोल किशोर, ब्लॉक यूथ कांग्रेस अध्यक्ष परमीत ठाकुर, कांग्रेस सोशल मीडिया ब्लॉक अध्यक्ष रजत ठाकुर, कार्यकारिणी सहित, जिला सचिव, रजनीश चौहान पूर्व प्रधान व जिला कांग्रेस प्रवक्ता, भूपिंद्र बॉबी, राज राणा पम्मी आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्राथमिक सदस्यता छोड़ने व हर परिस्थिति में क्षेत्र हित को देखते हुए राजिंद्र राणा के साथ खड़ा रहने की घोषणा की।

### स्वयं के साथ बच्चों को स्वस्थ बनाएं अध्यापक : देशराज

**भरेड़ी।** राजकीय आर्दश वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम की चार दिवसीय कार्याशाला का आयोजन किया गया, जिसमें भोरंज खंड के लगभग 28 अध्यापकों ने भाग लिया। कार्याशाला के समापन पर भुक्कड़ स्कूल के प्रधानाचार्य देशराज कमल ने बतौर मुख्यातिथि अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि अध्यापक वर्ग की समाज के प्रति बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, इसलिए स्कूलों में केंद्र सरकार के आयुष विभाग द्वारा शुरू किए गए हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम को सफल बनाना भी नैतिक कर्त्तव्य है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को स्कूलों में केवल कागजी तौर पर प्रयोग न करें बल्कि इसे व्यावहारिक रूप देकर स्वयं के साथ बच्चों को स्वस्थ बनाएं। इससे पहले प्रधानाचार्य डॉ. ओंकार सिंह भाटिया में मुख्यातिथि को टोपी पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके अनुभवाकों का लाभ लेने के लिए अध्यापकों से आग्रह किया।


हेल्थ एंड वेलनेस प्रशिक्षण का प्रमाण-पत्र देते हुए प्रधानाचार्य देशराज कमल।

### लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए 100 प्रतिशत मतदान करें : राजेंद्र कुमार



मतदाता जागरूकता शिविर में उपस्थित राजेंद्र कुमार व अन्य।

**बिझड़ी।** नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर के सौजन से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बणी में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपमंडल अधिकारी राजेंद्र कुमार गौतम मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवा मतदाताओं को मतदान की अनिवार्यता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा अगर युवा 100 प्रतिशत मतदान करेगा।




सुजानपुर होली मेले के शुभारंभ पर निकाली गई शोभायात्रा में भाग लेते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल तथा उन्हें नर्वदेश्वर मंदिर का प्रतिरूप भेंट करते हुए डीसी अमरजीत सिंह व अन्य।

# सड़कें उगल रही पानी वाहन चालकों को परेशानी

## नेशनल हाई-वे के अधिकारी मौन, हीरानगर-अणु के बीच कई स्पॉट एक साल से खराब

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अटारी-मनाली निर्माणाधीन नेशनल हाई-वे पर हीरानगर और अणु चौक क्षेत्र में कई स्पॉट जानलेवा साबित हो रहे हैं। इस हाई-वे पर कई जगह जल शक्ति विभाग की पाइपलाइनों से लीकेज हो रही है, जिसकी वजह से बने बड़े-बड़े गड्ढे वाहन चालकों के जी का जंजाल बन चुके हैं।

विडंबना यह है पिछले तकरीबन एक साल से न ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी ने इनकी मरम्मत की कोई जहमत उठाई और न ही जिस जल शक्ति विभाग को इन पाइपलाइन को दुरुस्त करने की सूझी है। सड़क पर अचानक जब गड्ढा आ जाता है, तो वाहन को काबू करना इतना आसान भी नहीं रहता। यही स्थिति पैदल चलने वालों की है। इन गड्ढों में भरा हुआ पानी वाहनों के गुजरने पर राहगीरों के लिए भी परेशानी का सबब बनता है।


पानी की पाइपलाइन की लीकेज से सड़क पर बने गड्ढे।

यही नहीं, इस सड़क की हालत हीरानगर से होकर दाएं-बाएं जहां भी जा रही है, उसकी कई जगह पर खराब है। पक्का भरो से लेकर अणु चौक तक कई जगह सड़क खराब है। जिस स्तर पर यहां सड़क की मरम्मत होनी चाहिए, वैसी हो नहीं रही। हालत तो बाईपास रोड और नादौन को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे की भी वैसी ही है। कई स्पॉट खतरनाक हो चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### सुधारी जाएगी हालत

**प्रोजेक्ट** के एसडीओ तन्मय महाजन का कहना है कि उनकी हालत सुधारी जाएगी। कुछ जगह पर पानी की लीकेज है। मुख्य पाइपलाइन की लीकेज की वजह से पैच वर्क टिकता नहीं है। पैच वर्क करने के बाद यह फिर उखड़ जाता है। जल शक्ति विभाग को लीकेज ठीक करनी चाहिए, तभी सड़क की अच्छी मरम्मत हो पाएगी।

## मतदाता जागरूकता के लिए निर्वाचन विभाग ने लगाया स्टाल



निर्वाचन विभाग द्वारा लगाए स्टाल पर डीसी अमरजीत सिंह व अन्य प्रशासनिक अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव में आम लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। आने वाले लोकसभा व विधानसभा उपचुनावों के मद्देनजर यह स्टाल लगाया गया है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह के निर्देशानुसार निर्वाचन विभाग ने होली मेले में विशेष रूप से स्टाल लगाया है। इस स्टाल के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है।

## दोस्तों ने डुग्घा स्कूल में दो कमरे बना पेश की मिसाल


ठाकुर हरनाम सिंह नवनिर्मित कमरों का उद्घाटन करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

राजकीय उच्च विद्यालय डुग्घा में कार्यरत मुख्याध्यापक प्रदीप ठाकुर और टीजीटी आर्ट्स जसवंत पटियाल शिक्षा के क्षेत्र में मिसाल कायम की है। प्रदीप और जसवंत दोनों बचपन के दोस्त व सहपाठी हैं। जसवंत पटियाल 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जबकि प्रदीप 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। प्रदीप ने स्कूल हेडमास्टर के कमरे का 1,51,000 रुपए की राशि से निर्माण करवाया है, जबकि टीजीटी जसवंत पटियाल ने 1,21,000 रुपए से एक नए लिपिक कमरे का निर्माण करवाया है। प्रदीप ने इस कमरे का निर्माण अपनी पूजनीय माता स्व. सत्या देवी की पुण्य स्मृति में करवाया है। इन दोनों नवनिर्मित कमरों का उद्घाटन मुख्याध्यापक के पिता सेवानिवृत्त अध्यापक ठाकुर हरनाम सिंह ने किया।

## स्टूडेंट्स ने फॉरेंसिक साइंस लैब का किया शैक्षणिक भ्रमण


क्षेत्रीय फॉरेंसिक साइंस लैब भ्रमण के दौरान लॉ कॉलेज कल्लर के स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन के जलाड़ी कल्लर में स्थित डीडीएम साई लॉ कालेज के स्टूडेंट्स ने क्षेत्रीय फॉरेंसिक साइंस लैब धर्मशाला का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी राजेश कपिल व प्रिंसीपल डॉ. नंदा चिरंजीवी राव ने कहा कि इस तरह के भ्रमण स्टूडेंट्स के लिए उपयोगी हैं। इस शैक्षणिक भ्रमण में स्टूडेंट्स ने डिजिटल फॉरेंसिक साइंस लैब, बायो-लैब, डीएनए लैब व कैमिस्ट्री लैब का भ्रमण किया। डिजिटल लैब में डॉ. उपेंद्र शर्मा ने स्टूडेंट्स को मोबाइल फोन व सीसीटीवी कैमरा को कैसे डीकोड करते हैं की जानकारी दी। डॉ. अजय सहगल ने ब्लड टेस्ट व अपराध में उपयोग होने वाले हथियार का निरीक्षण कैसे करते हैं की जानकारी दी।

डॉ. अश्वनी भारद्वाज ने बताया कि वह बालों व त्वचा से डीएनए कैसे प्राप्त करते हैं और अंत में डॉ. राकेश सोनी ने ड्रग, अल्कोहल को मृत व्यक्ति के शरीर से कैसे प्राप्त करते हैं उसके बारे में जानकारी दी।

## हमीरपुर की जनता मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ : सुरेश कुमार

**भरेड़ी।** प्रदेश कांग्रेस पार्टी के उपाध्यक्ष एवं भोरंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि कांग्रेस के बागियों का पहले से ही भाजपा में शामिल होने का मन था, लेकिन ऐसे करने विधानसभा क्षेत्र के लोगों के साथ विश्वासघात किया है। इसके लिए जनता कभी माफ नहीं करेगी। विधायक ने शनिवार को जाहू में पत्रकारों से कहा कि हमीरपुर जिले के लोग मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ चट्टान की तरह खड़े है तथा उनका साथ लोग वोट के माध्यम से आने वाले दिनों में देगें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने 15 महीनों के कार्यकाल में संपूर्ण हिमाचल का एक सम्मान विकास किया है। सुजानपुर, नादौन, हमीरपुर, बड़सर व भोरंज विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी है। ऐसे में बागियों का अनदेखी करने का आरोप सही नहीं है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी हमीरपुर जिला ने मुख्यमंत्री के खोने का नुकसान झेला है और अब इसे दोहराना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव जीतने के लिए पूरी तरह से सक्षम है और कांग्रेस पार्टी बेहतर उम्मीवार उतारेगी।



### खेरी में शिव कथा का आयोजन



**सुजानपुर।** ग्राम पंचायत खेरी श्री गोपाल गौशाला धाम में शिव कथा का आयोजन किया गया, जिसमें कथा वाचक बहमचारी संत निरंजनानंद महाराज ने प्रवचन दिए। इस दौरान जंगलबैरी अस्पताल के डॉक्टर सुरेंद्र डोगरा ने शिव कथा में आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजकों ने डॉक्टर सुरेंद्र डोगरा को सम्मानित किया।

### इंद्रदत्त लखनपाल के भाजपा में आने से पार्टी होगी मजबूत

**बिझड़ी।** पूर्व विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के भाजपा में शामिल होने पर भाजपा मंडल बड़सर के पूर्व मीडिया प्रभारी राकेश भाना, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, महासचिव राजेंद्र ढटवालिया, वर्तमान मीडिया प्रभारी विकास पटियाल ने उनका स्वागत किया है। इंद्रदत्त लखनपाल के भाजपा मे शामिल होने से बैक फुट पर रही भाजपा को अब संजीवनी मिलेगी। उन्होंने कहा लखनपाल के नेतृत्व में बड़सर भाजपा न केवल गुटबाजी से उभरेगी बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार भी होगा और आने वाले चुनाव में विजय हासिल करना पार्टी कार्यकर्ताओं का लक्ष्य होगा।

### पूर्व सैनिकों ने शहीद भगत सिंह को अर्पित किए श्रद्धासुमन



**भोरंज।** पूर्व सैनिकों ने भोरंज उपमंडल में शहीद भगत सिंह का शहीदी दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम सूबेदार मिलाप चंद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भोरंज उपमंडल के सभी पूर्व सैनिकों ने शहीद भगत सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सूबेदार मिलाप चंद ने बताया कि पूर्व सैनिकों ने शहीद भगत सिंह को याद किया और उनके द्वारा बताए हुए रास्ते पर चलने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व सैनिक कर्नल विनय, कर्नल अशोक, कर्नल सागर, मेजर रमेश चंद वर्मा, कैप्टन मदन लाल आदि पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## बैडमिंटन में शिवांश और प्रज्ञा प्रथम



विजेता प्रतिभागी जिला खेल अधिकारी व अन्य के साथ।

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव सुजानपुर की आयोजन समिति द्वारा पहली बार बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन हमीरपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में जिला भर के विभिन्न वर्गों के लगभग 50 के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में लड़कों के अंडर-17 सिंगल मुकाबले करवाए गए, जिसमें प्रथम स्थान शिवांश राणा, अकशोब द्वितीय व देवांशु जंवाल तृतीय रहे, अंडर-19 ब्वॉयज सिंगल में शिवांश प्रथम, शिवांश राणा द्वितीय व आर्यन डोगरा तृतीय रहे। अंडर-17 गर्ल्स सिंगल में प्रज्ञा वर्मा प्रथम, सरगम ठाकुर द्वितीय, श्रेया राणा तृतीय रही।

अंडर-19 गर्ल्स सिंगल में प्रज्ञा वर्मा प्रथम, सरगम द्वितीय, श्रेया राणा तीसरे स्थान पर रही। जिला खेल अधिकारी हमीरपुर विवेक एवं प्रतियोगिता के समन्वयक राजेंद्र शर्मा ने बताया कि इन सभी विजेताओं को 26 मार्च को सुजानपुर होली फेस्टिवल में सम्मानित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### राजेश धर्माणी 26 को कांग्रेस कार्यकर्ताओं को देंगे टिप्स : पवन

**बिझड़ी।** जिला महासचिव पवन कालिया ने प्रेस बयान में कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र के मैहरे गीता पैलेस में 26 मार्च 11 बजे कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमन भारती भी उपस्थित रहेंगे।



बैठक में मंत्री बड़सर के कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनावों को लेकर टिप्स देंगे और सुक्खू सरकार की उप्लब्धधियां बताएंगे। कालिया ने बताया कि उसी दिन कांग्रेस कार्यकर्ता एवं संगठनों के पदाधिकारी, प्रदेश व जिला पदाधिकारी बड़सर भी उपस्थित रहेंगे।

## यूथ फेस्ट में पंजाबी गायक गुरनाम भुल्लर ने मचाई धमाल

### करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में दूसरे दिन सांस्कृतिक उत्सव में पंजाबी गायक ने धमाकेदार प्रस्तुति दी। प्रतिभाओं व रंगों से भरे इस कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने की। कार्यक्रम की दूसरी संध्या में पंजाबी गायक ने अपने गीतों से खूब रंग जमाया तथा अतिथियों व स्टूडेंट्स को नाचने पर मजबूर कर दिया। भुल्लर ने हिट गीत डायमंड दी झांझर, कन्ना नू वालियां ते नक्क नु कोका नी जिस दिन तू हां कर दे नी करलांगे रोका नी आदि गीतों से समां बांध दिया। इस उत्सव में सांस्कृतिक, मनोरंजक कार्यक्रमों में स्टूडेंट्स ने गिद्दा, नाटी, भांगड़ा, फैशन ट्रेड, डिवेट, बॉलीवुड मेशप, हिमाचली फैशन परेड इत्यादि प्रस्तुतियां दीं। विभिन्न प्रतियोगिताओं में सुप्रिया, पल्लवी, रजत व अभिषेक, कविता, काजल, नमीता, सिंपल, अनिका सुप्रिया, अंश चोपड़ा व नितिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा बिखेरने के साथ-साथ स्टूडेंट्स ने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ भी अलख जगाई।


सांस्कृतिक उत्सव में पंजाबी गायक गुरनाम भुल्लर अपनी प्रस्तुति देते हुए।

## इंकलाब संस्था ने शहीदी दिवस पर 70 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**अनंत ज्ञान, नादौन**

इंकलाब संस्था रंगस के द्वारा शहीदी दिवस पर नशे से आजादी अभियान के तहत रंगस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में भाग लेने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रक्त एकत्रित करने में अहम भूमिका निभाई। रशिविर में लगभग 70 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया है।

शिविर में महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को सबसे पहले श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिविर में बतौर मुख्यातिथि पंचायत प्रधान बलबंत सिंह पहुंचे। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष पुनीत उप्पल, उपाध्यक्ष अंकुश परमार, मनोज धीमान आदि उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने कहा कि रक्तदान महादान होता है और कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। उन्होंने इंकलाब संस्था रंगस का धन्यवाद किया तथा इसी तरह से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।



रक्तदान शिविर में रक्तदान करते रक्तदानी।

**दंगल** युवाओं से नशे से दूर रहने और खेलों में भाग लेने का आह्वान

## भगेटू में जम्मू के तारीक ने जीती बड़ी माली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भगेटू गांव में शनिवार को कुश्तियों का आयोजन किया। इसमें विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों ने हिस्सा लिया। इस अवसर समाजसेवी सुशील ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया और खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दंगल में बड़ी माली जम्मू के पहलवान तारीक ने जीती जिसे 41000 रुपए व गुर्ज, उपविजेता पहलवान को 31000 रुपए देकर सम्मानित किया। छोटी माली के विजेता पहलवान रणवीर हरियाणा को 9100 रुपए व गुर्ज और उपविजेता पहलवान जीवन पंजाब को 8100 रुपए देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर छिंज कमेटी के द्वारा गांव के वरिष्ठ नागरिक कैप्टन चेतराम ने बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधान रणजीत सिंह, राजन कुमार, सूबेदार मेजर महेंद्र सिंह व समस्त कमेटी सदस्य मौजूद रहे।


विजेता पहलवान तारीक को सम्मानित करते कमेटी सदस्य।

### होली के उपलक्ष्य पर क्रिकेट प्रतियोगिता करवाई



**हमीरपुर।** राज राजेश्वरी बीएड कॉलेज भोटा में होली के उपलक्ष्य पर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बीएड, डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापक तथा स्टाफ ने भाग लिया। इस अवसर पर सचिव कुलवीर सिंह ठाकुर, कॉलेज प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान उपस्थित रहे तथा सभी ने मिल-जुलकर होली का पावन त्योहार मनाया।

## न्यूज ब्रीफ

### सुन्नी स्कूल में स्टेम लैब का निर्माण

**सुंदरनगर।** एनटीपीसी कोलडैम स्टेशन द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुन्नी, शिमला के लिए 7.5 लाख रुपए की लागत से स्टेम लैब का निर्माण कराया गया है। इस नवनिर्मित लैब का शुभारंभ राजेंद्र कुमार जोशी, महाप्रबंधक परियोजना निर्माण द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुन्नी के प्रधानाचार्य विपिन कुमार, विद्यालय के अन्य अध्यापक वर्ग, एनटीपीसी कोलडैम से पूरन सिंह, सहायक प्रबंधक मानव संसाधन सहित सुन्नी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सभी स्थानीय पार्षद उपस्थित रहे। इस लैब से बच्चों को साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ की पढ़ाई करने में मदद मिलेगी। एनटीपीसी कोलडैम परियोजना प्रभावित क्षेत्र के सामाजिक विकास और शैक्षणिक उत्थान के प्रति हमेशा प्रयासरत रहता है।

### पैराडाइज स्कूल में दीक्षांत समारोह मनाया


दीक्षांत समारोह के दौरान नौनिहाल शिक्षकों के साथ।

**सुंदरनगर।** पैराडाइज पब्लिक स्कूल सुंदरनगर में स्कूल के यूकेजी कक्षा के बच्चों के लिए दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में सभी बच्चों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। दीक्षांत समारोह को लेकर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रकाश चंद, अध्यक्ष जय सिंह और काउंसलर धर्मेंद्रा शर्मा ने बच्चों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए और बच्चों को प्रारंभिक चरण के अंतर्गत प्रथम कक्षा में प्रवेश के लिए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### लोकसभा चुनाव के लिए भाजयुमो तैयार



**संधोल।** संधोल भाजयुमो का प्रत्येक सदस्य लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है। संधोल भाजयुमो अध्यक्ष साहिल सकलानी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में संधोल से युवा भाजपा के पक्ष में मतदान करेंगे। भाजपा के प्रत्याशी की जीत तय है, क्योंकि यह चुनाव एकतरफा होने जा रहा है। बीजेपी के आगे कांग्रेस मुकाबले की स्थिति में ही नहीं है। कोई भी हार का ठिकरा अपने सिर लेने को तैयार नहीं है क्योंकि इनकी हार तय है। प्रदेश सरकार के हाल व वादाखिलाफी से पूरा प्रदेश वाकिफ है तथा चुनावों में जनता इनका हिसाब मतदान करके चुकाएगी। हमारे प्रत्याशी जनता के बीच मैदान में हैं, लेकिन दूसरी तरफ न प्रत्याशी है न जनता का इन पर विश्वास है।

### डीसी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



सिराज कॉलेज में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने के बाद डीसी व अन्य।

**गोहर।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने सिराज महाविद्यालय में स्थापित स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक रमेश चंद कटारिया, स्वीप नोडल ऑफिसर ओंकार सिंह तथा अन्य सदस्यों ने उपायुक्त का स्वागत किया। उन्होंने उपस्थित छात्रों एवं अन्य उपस्थित मतदाताओं को इस बार के चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सिराज विधानसभा क्षेत्र लगातार हिमाचल प्रदेश में रिकॉर्ड वोटिंग करता आया है। अतः पिछली बार से भी अधिक वोटिंग की प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए पहले तो हमें सभी योग्य नागरिकों को मतदाता बनाना होगा तथा चुनाव के दिन सभी लोगों को भारी संख्या में अपना मतदान करने के लिए जागरूक करना होगा। इस अवसर पर थुनाग के एसडीएम, तहसीलदार, इलेक्शन कानूनगो, सब इंस्पेक्टर तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने महाविद्यालय के एनसीसी, एनएसएस और रोवर रेंजर्स को मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए विशेष रूप से जागरूकता अभियानों को चलाने एवं भाग लेने का आह्वान किया।

### मांगों को अनदेखा कर रही सरकार: हेमलता

**मंडी।** हिमालयन दिव्यांग कल्याण संस्था की मासिक बैठक का आयोजन शनिवार को भूतनाथ मंदिर परिसर में किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान हेमलता पठानिया ने की। उन्होंने बताया कि लंबे समय से सरकार और प्रशासन उनकी मांगों को दरकिनार करता जा रहा है और दिव्यांगों के प्रति कोई भी संवेदनशीलता नहीं रख रहा है। उन्होंने बताया कि डीसी कार्यालय के बाहर दिव्यांगों के लिए जो पार्किंग की व्यवस्था की गई है वहां हर कोई गाड़ी खड़ी करके चला जाता है और दिव्यांगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की है कि पार्किंग स्थल पर पक्का बोर्ड लगाया जाए। उन्होंने बताया कि दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड अभी तक नहीं बने है और सरकारी बस परिचालक दिव्यांगों को परेशान करते है। लंबे समय से मांग चली है पर इस पर विभाग ध्यान नहीं दे रहा है।

### बखलूंही स्कूल के नौनिहालों ने मनाई होली


बखलूंही स्कूल में होली खेलते बच्चे।

**मंडी।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला बखलूंही में शनिवार को होली के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नौनिहालों को स्कूल के प्रभारी शिक्षक राकेश कश्यप ने होली पर्व के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस मौके पर नौनिहालों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और बधाई भी दी।

### आईटीआई जोगिंद्रनगर में रंगोली प्रतियोगिता


रंगोली प्रतियोगिता के दौरान छात्राएं सामूहिक चित्र में।

**जोगिंद्रनगर।** मतदाता जागरूकता को लेकर सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत आईटीआई जोगिंद्रनगर स्थित डोहग में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से जहां मतदाताओं को मतदान के महत्व बारे जागरूक किया गया, तो वहीं मतदान में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित बनाने का भी आह्वान किया गया। प्रधानाचार्य नवीन कुमारी ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में संस्थान के कुल छह ट्रेडों की प्रशिक्षु छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से एंब्रोइडरी प्रथम, कॉस्मेटोलॉजी द्वितीय तथा कोपा ट्रेड तृतीय स्थान पर रहा।

# रियासतकाल से ही पान के शौकीन रहे हैं मंडी नगर के लोग

- राजमहल में जाते थे चांदी और सोने के वर्क लगे तांबूल, आज भी हैं 52 दुकानें

अनंत ज्ञान स्पैशल

**भाग-6**

**अनिल शर्मा, मंडी**

रियासतकाल से ही मंडी नगर में पान खाने की परंपरा रही है। हर गली मोहल्ले में पान की दुकानें सदियों से अनवरत चली आ रही हैं। आज भी मंडी शहर में 52 दुकानों पर तांबूल यानी पान बेचा जाता है। सबसे पुराने पान विक्रेता भंगालिया परिवार से संबंध रखने वाले चौबाटा निवासी लाला हरसुख गोयल राज परिवार को चांदी का वर्क लगे हुए पान प्रतिदिन राजमहल भेजते थे। इसके साथ ही विशेष अवसरों पर सोने के वर्क लगे पान राजमहल पहुंचते थे, जिन्हें राज परिवार की महिलाएं भी शौक से चबाती थी।

बता दें कि सनातन धर्म में अधिकतर धार्मिक अनुष्ठानों में पान का उपयोग होता आया है, देवताओं को पान भी अर्पित किया जाता है, जिसे बाद में सभी भक्तों को प्रसाद के रूप में वितरित कर दिया जाता है। मंडी नगर में रियासत काल से ही भैया दूज पर बहनें अपने भाइयों को पान अवश्य खिलाती हैं, इसके बिना थाली को अधूरा माना जाता है। इसके साथ ही आयुर्वेद की दृष्टि में भी पान का बहुत महत्व है। गौर हो कि रियासत काल में मंडी नगर की जनसंख्या ज्यादा नहीं थी, लेकिन यहां की भोजन शैली व खानपान के तरीके अपनी विशेषता के लिए होते थे। शहर के कई वरिष्ठ नागरिकों को आज भी कई प्रसिद्ध पान विक्रेताओं के नाम याद हैं। (अनंत ज्ञान)


लाला हरसुख गोयल।


हरबंस लाल शर्मा।


शहर के एक पान विक्रेता।

#### कौन-कौन थे पान विक्रेता

मंडी पीडिया के फाउंडर बिनोद बहल व डॉ. पवन वैद्य ने बताया कि रियासत काल में लंबे समय तक पान बेचने वालों में डब्लू पानबाई, गांधी चौक में बेसर, बेद, फिंजु, पंजाबी ढाबा के साथ बक्शी, सिनेमा रोड पर लब्भु व उनके भाई अनंत राम काफी साल तक पान बेचते रहे। आजाद ड्राई क्लीनर के साथ शर्मा परिवार, बालकरूपी बाजार में डिम्हं, बैडमिंटन खिलाड़ी कुंती, नगर के प्रसिद्ध पान विक्रेता दिनेश मल्होत्रा उर्फ धादु, हरबंस लाल चौहान पानबाई पान बना कर लोगों की सेवा में हाजिर रहे।

#### अब पान बनाने में आ गई विसंगति

रियासतकाल से ही पान को बड़े ही हुनर से बनाया जाता था, लेकिन वर्तमान में बनने वाले पान स्वास्थ्य मान बिंदुओं से परे बन रहे हैं। आयुर्वेद में जिस पान में चूना लगा होता है उसमें सुपारी और कत्था नहीं लगाया जाता था और जिसमें कत्था और सुपारी लगा हो उसमें चूना नहीं लगाया जाता था, क्योंकि कत्था, सुपारी और चूने की आपसी क्रिया कैंसर जैसे गंभीर रोग को जन्म देती है। स्वास्थ्य की दृष्टि में पान को स्वास्थ्यवर्धक माना जाता है। चूना लगा हुआ पान खाने से हड्डियां मजबूत होती हैं और 30 के करीब बीमारियों का नाश होता है। ऐसे ही पान में लगभग एक दर्जन के करीब आयुर्वेदिक वस्तुएं मिलाई जाती हैं।

## सुंदरनगर के नलवाड़ मेले में दिखा आदर्श चुनाव संहिता का असर

# कार्यक्रम अधूरा छोड़कर घर वापस गए विशिष्ट अतिथि

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

आदर्श चुनाव आचार संहिता का असर राज्य स्तरीय नलवाड़ मेले में भी देखने को मिला है। जहां सात दिवसीय नलवाड़ मेले के शुभारंभ में नगर परिषद पार्षदों, विभिन्न व्यापार मंडल, राजनीतिक लोग, स्थानीय सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रबुद्ध लोगों के पूरे कार्यक्रम से नदारद रहने से रौनक गायब रही। वहीं राज्य स्तरीय नलवाड़ मेले की सांस्कृतिक संध्या में भी आदर्श चुनाव आचार संहिता का असर देखने को मिला। नलवाड़ मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या के दौरान सूफी गायक लखविंदर वडाली के कार्यक्रम को देखने के लिए पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर और एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया अपनी टीम के साथ अचानक से आयोजन स्थल जवाहर पार्क पहुंच गए, लेकिन मौके पर पहले से मौजूद विशिष्ट अतिथियों के साथ प्रथम पंक्ति में बैठने का इंतजाम न होने के चलते मेला कमेटी कुछ देर के लिए असहज स्थिति में आ गई। आयोजन स्थल पर बैठने की व्यवस्था न बनता देख मेला कमेटी के हाथ-पांव फूलते नजर आए। इसी बीच विशिष्ट अतिथियों ने भी मौके की नजाकत को समझते हुए परिवार सहित वहां से जाना ही उचित समझा। इस कारण विशिष्ट अतिथि अपने परिवार सहित कार्यक्रम अधूरा छोड़कर चले गए। इसके उपरांत पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर, एपीएमसी मंडी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया और उनकी टीम को प्रथम पंक्ति में सोफे पर बैठने की व्यवस्था बन पाई। इससे मेला कमेटी ने राहत की सांस ली और उनकी मेजबानी में जुट गए। गिरीश समरा, एसडीएम सुंदरनगर एवं चेयरमैन मेला कमेटी का कहना है कि लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर लागू हुई आदर्श चुनाव आचार संहिता का राज्य स्तरीय नलवाड़ मेले के दौरान पूरी तरह से पालन हो रहा है।


राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर के कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य व अन्य।

## आईटीआई सुंदरनगर ने जीता खो-खो मैच

- राज्य स्तरीय मेले की दो दिवसीय प्रतियोगिता का आज होगा समापन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

22 से 28 मार्च तक होने वाले राज्य स्तरीय नलवाड़ मेले के दौरान विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सुंदरनगर कॉलेज के विभागाध्यक्ष लोकेश शर्मा ने शनिवार को दो दिवसीय खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। खो-खो प्रतियोगिता का समापन 24 मार्च को होगा।

मेले की खेल उपसमिति के अध्यक्ष एवं डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि खो-खो प्रतियोगिता में पहला मुकाबला सावल और आईटीआई सुंदरनगर के बीच हुआ। इसमें आईटीआई सुंदरनगर विजेता रही। दूसरा मुकाबला सुंदरनगर और मंडी के बीच हुआ जिसमें सुंदरनगर की टीम विजयी रही। तीसरा मुकाबला चाय का डोहरा और कनैड की टीम के बीच हुआ। इस मुकाबले में कनैड की टीम विजयी रही। उन्होंने बताया कि विभिन्न खेलकूद प्रतिस्पर्धाओं में सभी प्रतिभागियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभी नागरिकों को खेलों से जुड़े रहना चाहिए।

## होली को लेकर उत्साह कम रंगों की बिक्री में भी आई कमी

- पुराने जमाने में बुरांस के फूलों के रंग से मनाई जाती थी होली

**पुष्पराज, मंडी**

होली का पर्व देश भर में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। मंडी जिले में होली बाकी जगह से एक दिन पहले मनाई जाती है। मंडी शहर में इस दौरान सेरी मंच पर नाच गाने का भी आयोजन किया जाता है। बता दें कि मंडी में होली रविवार को मनाई जाएगी और इसी बीच कुछ लोगों में होली को लेकर प्रसन्नता तो कुछ में थोड़ी निराशा नजर आई।

कोटमोर्स से आए योगराज ने बताया कि होली को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है और लोग काफी संख्या में खरीददारी करने को आए है। उन्होंने बताया कि गांव में भी होली को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं जगत राम ने बताया कि पहले होली बुरांस के फूलों के साथ खेली जाती थी और खूब पकवान बनाए जाते थे।

उन्होंने बताया कि अब सिर्फ शहरों में ही होली मनाई जाती है और घर गांव में होली खत्म हो चुकी है। वहीं सेरी मंच के सामने लगाई दुकान के व्यापारी प्रवीण ने बताया कि पिछले वर्ष से इस बार रंगों की बिक्री में कमी आई है। उन्होंने बताया कि इस बार लोगों में होली को लेकर बहुत कम उत्साह नजर आ रहा है।

उन्होंने बताया कि इस बार दिल्ली से अच्छी क्वालिटी के रंग लाए है जो कि खुशबूदार है और बच्चों के लिए भी काफी उत्तम दर्जे का सामान लाए है लेकिन लोगों में खरीददारी के प्रति उत्साह बहुत कम नजर आ रहा है। (अनंत ज्ञान)



### पीलिया से बचाव के लिए उबाल कर पिएं पानी

**गोहर।** ग्राम पंचायत गोहर, बासा व इनके आसपास के क्षेत्रों में पीलिया के मरीजों की तादाद में हो रही बढ़ोतरी को लेकर उपमंडल अधिकारी नागरिक कार्यालय गोहर में बैठक का आयोजन किया गया। उपमंडल अधिकारी नागरिक गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में पीलिया की रोकथाम के लिए आयोजित इस बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी बगस्याड डॉ. राकेश रोशन भारद्वाज ने कहा कि फरवरी महीने के आखिरी सप्ताह से सिविल हॉस्पिटल गोहर में पीलिया के मरीज आ रहे हैं और अभी इस सप्ताह से मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है। प्रतिदिन 5 से 7 मरीज पीलिया के आ रहे हैं, जिसमें अधिकतर मरीज 15 से 20 साल से कम उम्र के बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक 65 केस डिटेक्ट किए गए हैं और जिसमें से लगभग 20 लोग रिकवर हो गए हैं सभी में हेपेटाइटिस ए के लक्षण पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस ए के लक्षण गंदा खाना या गंदे पानी के माध्यम से इस प्रकार के लक्षण सामने आते हैं तथा पीलिया से बचाव के लिए लोग पानी उबाल कर ही पिएं व बाहर के खाने से परहेज करें। बैठक में खंड विकास अधिकारी अशोक गौतम, जल शक्ति विभाग अभियंता दतराम ठाकुर, जीडीसी बासा प्रो. पूरन चौहान, प्रिंसिपल गोहर कश्मीर सिंह, एमएचएस मानसिंह, बीईईओ गोहर बलदेव सिंह, इंदिरा देवी, अमरा देवी उपस्थित रहे।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास में मां की भूमिका महत्वपूर्ण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

द्रंग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्नोर घाटी के शिक्षा खंड औट के तहत राजकीय प्राथमिक पाठशाला शाढला पाली में शनिवार को प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा कार्यक्रम के तहत पहली शिक्षक मां की तीसरी बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्राथमिक शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों की सभी माताएं, एसएमसी प्रधान और सदस्य शामिल रहें। पाठशाला प्रभारी शिक्षक मोहन सिंह सकलानी ने उपस्थित माताओं और एसएमसी के सदस्यों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मां की महत्ता व भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर जानकारी प्रदान की गई। समग्र शिक्षा कार्यालय शिमला की ओर से इस सप्ताह का जारी किया गया विचार कार्ड में शामिल की गई गतिविधियों को भी माताओं ने बैठक में सहर्ष व मनोरंजक रूप से पूरा किया। अध्यापक मोहन सिंह सकलानी ने माताओं से उन गतिविधियों को पहले स्वयं देखने व समझने का आग्रह किया। इस अवसर पर पाठशाला शिक्षिका इंदिरा देवी, एसएमसी प्रधान रजनी देवी, बबली देवी, सुनीता, गीतांजलि, उर्मिला, भीमकली, कमलेश कुमारी, रेखा देवी, महेश्वरी देवी, नीतू देवी, खूबी देवी, चंपा देवी, कमला देवी उपस्थित रहीं।

### गोहर में लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**गोहर।** रोटरी क्लब मंडी और भानु अस्पताल एवं आई केअर सेंटर मंडी के सौजन्य से गोहर पंचायत घर में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भानु अस्पताल से आए चिकित्सकों ने मरीजों का उपचार किया। इस मौके पर चिकित्सकों ने आंखों का चेकअप कर मरीजों का उपचार किया। ब्लड, शुगर, ब्लड प्रेशर के साथ जरूरतमंदों को जरूरी दवाइयां भी दी गई। रोटरी क्लब मंडी के प्रधान डॉ. विजय कश्यप, भानु अस्पताल के सीईओ सुमेश राजन, रोटरी क्लब सदस्य धर्मेंद्र राणा, कौशलेश कपूर, हेमराज शर्मा, एमएल गुप्ता, लता गुप्ता, भानु अस्पताल से डॉ. नीरज अल्फ्रेड, डॉ. सनी गुप्ता, डॉ. विकास साहू और नवीन ने भाग लिया।

## बेसहारा बैल के गले में फंसी कुर्सी

- नलवाड़ मेला स्थल नगौण खड्ड में पेश आया मामला
- बीबीएमबी दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद निकाली कुर्सी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सड़कों पर बेसहारा घूम रहा पशुधन आम आदमी के साथ पशुओं के लिए भी आफत का सबब बन गया है। प्रदेश सरकार समस्या को लेकर बड़े-बड़े दावे करती हैं, लेकिन धरातल पर इनके नतीजे फिसड्डी ही साबित हो रहे हैं। आलम यह है कि इन्हें गोशाला और आश्रय स्थलों में रखने का सरकार के पास कोई भी इंतजाम नहीं है। ताजा घटनाक्रम में उपमंडल सुंदरनगर के राज्य स्तरीय नलवाड़ मेले के दौरान मेला स्थल नगौण खड्ड में शुक्रवार देर रात एक बेसहारा बैल के गले में कुर्सी फंस गई। इस कुर्सी को अपने गले से निकालने में बैल असफल रहा और पूरी रात शहर में घूमता रहा। इस कारण बैल ने कई गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचा दिया। शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना स्थानीय बीबीएमबी दमकल विभाग की टीम को दी। सूचना मिलते ही लीडिंग फायरमैन हरीश पाल, फायरमैन शेर सिंह, अजीत कुमार व चालक कर्मवीर सिंह मेला स्थल नगौण खड्ड पहुंचे और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रस्सी व अन्य औजारों की मदद से बैल के गले में फंसी कुर्सी को निकाला गया। इसके बाद बैल ने राहत की सांस ली। लीडिंग फायरमैन हरीश पाल व फायरमैन शेर सिंह ने बताया कि शुक्रवार देर रात बेसहारा बैल के गले में कुर्सी फंस गई थी। इस हालत में बैल के शहर में घूमने से लोगों में दहशत का माहौल था। शनिवार सुबह मामले की सूचना मिली तो टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद बैल के गले में फंसी कुर्सी को निकाला गया।



### क्षय रोग के बारे में दी जानकारी

**पधर।** खंड स्तरीय विश्व क्षय रोग दिवस स्वास्थ्य केंद्र हराबाग में मनाया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्वास्थ्य शिक्षिका उर्मिला चंदेल ने क्षय रोग के चिन्ह, लक्षण और बचाव के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण लोगों में क्षय रोग के बारे में भेदभाव और लांछन की गलत सोच है। हमें क्षय रोगी के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए और समय पर उपचार करना चाहिए। क्षय रोग से बचाव के लिए सभी को अपनी रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ानी चाहिए। दूषित हवा व भीड़ वाली जगह पर जाने से बचें तथा मास्क का प्रयोग करें। इस अवसर पर एसटीएस चंद्रेश ने टीकाकरण तथा क्षय रोग के बारे में जानकारी दी।

**राहत** एडीबी के सौजन्य से युद्ध स्तर पर चल रहा है पेयजल परियोजना का कार्य

# 109 करोड़ रुपए से बुझेगी नाचन के लोगों की प्यास

**आदर्श यादव, नेरचौक**

जल शक्ति विभाग द्वारा एशियाई विकास बैंक के सौजन्य से हिमाचल प्रदेश ग्रामीण पेयजल सुधार एवं आजीविका परियोजना के तहत नाचन विधानसभा क्षेत्र के लिए एक नई उठाऊ पेयजल योजना तैयार की जा रही है। इस परियोजना पर 109 करोड़ रुपए खर्च होंगे। एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के सौजन्य से तैयार की जा रही इस परियोजना का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इस उठाऊ पेयजल योजना का ट्रीटमेंट प्लांट (जल संशोधन यंत्र) उपमंडल बल्ह की ग्राम पंचायत दियारगी के सेगली (तमरोह) गांव में स्थापित किया जा रहा है। इस उठाऊ पेयजल परियोजना के तहत लोअर नाचन की चौक, महादेव, अपर बहली, लोअर बहली घांगल व चांबी पंचायत सहित क्षेत्र की 29 पंचायतों के 83 गांवों के हर घर को पेयजल सुविधा प्रदान की जाएगी।



इसके अलावा डोलधार पंचायत के पन्यास, सांगरी बडेहतर तथा पलोहटा पंचायत के चांदड़ु, नाटन व कुटाई गांव को भी पेयजल सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। एशियाई विकास बैंक की इस हिमाचल प्रदेश ग्रामीण पेयजल सुधार एवं आजीविका परियोजना का कार्य पंचकूला हरियाणा की यूनीप्रो टेक्नो इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड फर्म द्वारा किया जा रहा है जो कि उत्तरी भारत की एक नामी फर्म है। इस परियोजना का कार्य दो सितंबर 2022 से शुरू हुआ था, जबकि इस कार्य के पूर्ण होने की समय सीमा 22 अगस्त 2024 निर्धारित की गई है। परियोजना के पूर्ण होने में अभी और ज्यादा समय लग सकता है। प्रवीण गुप्ता, अधिशाषी अभियंता प्रोजेक्ट जल शक्ति विभाग मंडल चक्कर का कहना है कि इस परियोजना का कार्य 2025 में पूर्ण कर लोगों को समर्पित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसका कार्य प्रगति पर है जिसे निर्धारित समय अवधि में पूर्ण कर लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

#### मझरोट में बनेगा मुख्य भंडारण टैंक

इस उठाऊ पेयजल परियोजना का भंडारण टैंक चांबी पंचायत के मझरोट में बनाया जाएगा जहां से निचले क्षेत्र को पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अलावा ऊपरी क्षेत्र के लिए दर्मण में भंडारण टैंक स्थापित किया जाएगा।

#### पानी की नहीं रहेगी कोई कमी

धर्मेंद्र गिल, प्रमुख अभियंता जल शक्ति विभाग मंडी का कहना है कि एशियन डेवलपमेंट बैंक के तहत तैयार की जा रही इस परियोजना के माध्यम से लोअर नाचन की अधिकांश पंचायतों को पेयजल सुविधा मुहैया कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस परियोजना में आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। इसके तैयार होने पर क्षेत्र के उपभोक्ताओं को पानी की कोई कमी नहीं रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### खुदरा शराब की दुकानों की बोली 27 मार्च को

**ऊना।** जिले में शेष बची 110 खुदरा शराब की दुकानों की बोली 27 मार्च को दोपहर 2 बजे डीआरडीए हॉल ऊना में होगी। यह जानकारी उप आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी ऊना विनोद सिंह डोगरा ने दी। उन्होंने बताया कि दुकानों/यूनिट का विवरण, निविदा फॉर्म व अन्य जानकारी के लिए कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 की आबकारी नीति के अनुसार अंग्रेजी शराब का कोटा खपत के अनुसार ही उठा सकते हैं। एमआरपी समाप्त कर दिया गया है। दुकान के कोटे की जगह यूनिट का कोटा होगा। बोली तथा निविदा पर कैश डाउन कंडीशन रहेगी। शहरी क्षेत्र में अंग्रेजी शराब की दुकान पर देशी शराब भी मिलेगी। स्वीट वाइन की दुकान खोलने के लिए न्यूनतम दूरी तथा एनओसी की शर्त नहीं होगी। दुकानों तथा बार के खोलने व बंद होने के समय में छूट दी गई है। इसके अतिरिक्त बीयर की शेल्फ लाइफ छह माह से बढ़ाकर नौ माह कर दी गई है।

### पीजी में छात्रा से छेड़छाड़ मामले में पूछताछ शुरू

**ऊना।** स्थानीय रक्कड़ कॉलोनी के समीप एक करियर गाइडेंस संस्थान की छात्रा से छेड़छाड़ मामले में पुलिस ने आरोपी से पूछताछ कर रही है। इस मामले में नाबालिग लड़की द्वारा संस्थान से जुड़े व्यक्ति पर उससे गलत नियत से छेड़छाड़ करने का आरोप जड़ा था। युवती के मुताबिक उनके संस्थान से जुड़े व्यक्ति ने पीजी में पहुंचकर उसके साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू की, लेकिन उसकी सहेली ने भी उसकी कोई मदद नहीं की। यहां तक की पीजी में टिफिन।लेकर आने वाले व्यक्ति ने भी उसका साथ नहीं दिया जिसके चलते उसने पूरी जानकारी अपने अभिभावकों को दी। अभिभावकों के साथ उसने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। महिला पोलिस थाना इंचार्ज पूनम ने बताया कि जांच में पूछताछ की जा रही है।

### बड़ूही में दुकान से पांच एसी चोरी

**ऊना।** जिले के बडूही में अज्ञात व्यक्ति ने इलेक्ट्रोनिस की एक दुकान पर शटर तोड़कर चोरी की है। दुकानदार नीरज चोपड़ा के मुताबिक किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा शुक्रवार को देर रात को उनकी दुकान से पांच एसी चोरी किए हैं। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज लेकर छानबीन शुरू कर दी है।

# मैड़ी मेले में अब तक 75 हजार ने किया स्नान

## मान्यता- चरणगंगा में स्नान करने से भूत-प्रेत बाधा से मिलता है छुटकारा

**अनंत ज्ञान, अंब**

उत्तर भारत के प्रसिद्ध होली मेला बाबा बड़भाग सिंह मैडी के तहत प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चरण गंगा में 75000 के करीब श्रद्धालुओं ने चरण गंगा में स्नान करने के उपरांत बाबा बड़भाग सिंह, मंजी साहिब, वीर नाहर सिंह के मंदिर में माथा टेका और अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए मन्नत मांगी।

चरणगंगा के वारे में मान्यता है कि किसी भी प्रकार की शारीरिक व्याधि का जादू-टोना या भूत-प्रेत से पीड़ित व्यक्ति यहां के पवित्र जल में सनान कर ले तो उसे छुटकारा मिल जाता है। यहां पर वीर नाहर सिंह का वास माना गया है, जो कि आई हुई संगत की मन्नतें पूरा करते हैं। वीर नाहर सिंहका अखंड धूना भी श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। लोग चरण गंगा का पवित्र जल अपने घरों को लेकर जाते हैं। इस जल में धूने की विभूति मिलाकर अपने घरों में छिड़काव करते हैं, ताकि उनके घर परिवार का कल्याण हो बुरी शक्तियों और जादू टोने से परिवार का बचाव हो। इस होली मेले में देश-विदेश से श्रद्धालु यहां पर पंहुचते हैं।

श्रद्धालुओं की भारी आमद को देखते हुए प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध किए हैं। धार्मिक संस्थाओं के प्रबंधकों ने भी अपने स्तर पर श्रद्धालुओं के ठहरने और खाने पीने सहित अन्य सुविधाओं का इंतजाम किय हुआ था। किसी भी तरह की अनहोनी से बचने के लिए मेला क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है। डेरा प्रबंधक शादी लाल गोस्वामी देश विदेश से चरण गंगा आए हुए श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं देने का भी पूरा प्रयास कर रहे हैं। चरण गंगा मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रबंधक कमेटी द्वारा नहाने की बेहतर सुविधा के साथ-साथ एक चिकित्सालय व खाने की सुविधा का प्रबंध किया गया है, जहां लोगों को काफी सुविधा मिल रही है।



बाबा बड़भाग सिंह मैडी के होली मेला के दौरान चरणगंगा में स्थित धुने पर माथा टेकने के लिए कतारों में अपनी बारी का इंतजार करते श्रद्धालु।

## डीएवी भड़ोली स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**बड़ा।** डीएवी भड़ोली स्कूल में तीसरी से सातवीं और नौवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा के दिशा-निर्देश में घोषित किया। प्रधानाचार्य ने सर्वप्रथम अभिभावकों का स्वागत किया और उन्हें विद्यालय के आगामी सत्र की जानकारी दी।

स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य ने स्टूडेंट्स की उपलब्धियों पर उन्हें और उनके माता-पिता को बधाई दी। साथ ही उन्होंने स्टूडेंट्स से भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

अंत में प्रधानाचार्य ने बच्चों व उनके माता-पिता और अध्यापकों को बधाई दी।



छात्रा को सम्मानित करते गणमान्य।

# टीबी रोग के बारे में किया जागरूक



विश्व टीबी रोग दिवस के उपलक्ष्य पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

नंदा नर्सिंग संस्थान ऊना में विश्व टीबी रोग दिवस के उपलक्ष्य पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला टीबी रोग अधिकारी डॉ. रमेश कुमार रत्तू ने बताया कि टीबी रोग भले ही एक संक्रामक बीमारी है, लेकिन इसका इलाज पूर्णतय संभव है। समय रहते यदि इस रोग का उपचार करवा लिया जाए तो रोगी पूरी तरह से ठीक हो सकता है। टीबी रोग आमतोर पर फेफड़ों में होता है, लेकिन यह व्यक्ति के किसी भी अंग को प्रभावित कर सकता है। टीबी रोग के लक्षण जैसे दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी का होना, बलगम या बलगम के साथ खून का आना, बुखार होना, भूख कम लगना, वजन कम होना, सेहत कमजोर होना, छाती में दर्द होना, रात के समय पसीना आना इत्यादि होते हैं। टीबी रोगी की जांच व उपचार सरकारी संस्थानों में पूर्णतय निशुल्क उपलब्ध है।

इस दौरान नंदा नर्सिंग संस्थान की नर्सिंग छात्राओं ने भाषण व लघु नाटिका के माध्यम से टीबीरोग के बारे में जानकारी दी। इन सभी प्रतिभागियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस उपलक्ष्य पर डोहगी ग्राम पंचायत में भी विशेष टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनशिक्षा एवं सूचना अधिकारी शारदा साश्वत, जिला स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कृष्ण, राकेश कुमार, संदीप धीर, गुलशन कुमार आदि मौजूद रहे।

# भाजयुमो ने शहीदों को किया याद, दी श्रद्धांजलि



शहीदों को श्रद्धांजलि देते युवा।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के मुख्य चौक पर भारतीय जनता युवा मोर्चा की तरफ से शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह के शहीदी दिवस पर युवाओं ने पुष्पांजलि अर्पित की।

युवाओं ने यह संदेश दिया कि शहीद ए आजम भगत सिंह का युवाओं के लिए क्या योगदान रहा है और अपने देश के लिए उनके बलिदान को आज याद किया गया। आज युवा मोर्चा के द्वारा शहीद ए आजम भगत सिंह के द्वारा दी गई देश के लिए कुर्बानी को याद किया गया। उन्होंने किस तरह देश के लिए हंसते-हंसते अपनी जान गवा दी और युवाओं में प्रेरणा स्त्रोत हैं।

इस मौके पर युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शशि राणा, जिला भाजयुमो और सचिव अजय ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष भाजपा राजकुमार मनकोटिया, दीपांकर कंवर, अक्षय शर्मा, रोहित राणा, शुभम ठाकुर, सौरभ ठाकुर, राजेश ठाकुर युवाओं आदि मौजूद रहे।

# गगरेट में चैतन्य शर्मा के निवास पर जश्न

## भाजपा में शामिल होने पर बधाइयां देने वालों का लगा तांता

**अनंत ज्ञान, अंब**

जिला ऊना के गगरेट विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा जैसे ही बीजेपी में गए, उसी समय उनके निवास स्थान अभयपुर में बीजेपी समर्थकों द्वारा बधाइयां देने का तांता शुरू हो गया। वहीं उनके समर्थकों ने पटाखे चलाते हुए चैतन्य शर्मा के पक्ष में व बीजेपी के नारे लगाए वहीं कुछ कार्यकर्ताओं ने इस खुशी के मौके पर एक दूसरे को खुशियों का रंग लगाकर भी अपनी खुशी जाहिर की।

भाजपा की सदस्यता लेने पर बाद चैतन्य शर्मा ने भाजपा के शीर्षक नेताओं का आभार प्रकट किया। चैतन्य शर्मा ने कहा कि आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। यह विकास की गंगा हिमाचल में भी बहे। इसी फलस्वरूप हमने भाजपा की सदस्यता ली है। चैतन्य ने कहा कि हमने अपनी इच्छा और बिना लोभ लालच और बिना पद केवल एक कार्यकर्ता के रूप में सदस्यता लेकर भाजपा का कार्य करने का निर्णय लिया है। वहीं उन्होंने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल की सरकार मित्रों की सरकार है और सरकार के मुखिया के मित्रों के अलावा किसी के कोई काम नहीं होते। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल की सरकार का जाना तय है। अब कितने दिन बाद हिमाचल सरकार के मुखिया के नाम के आगे पूर्व लगता है। इसका जनता इंतजार कर रही है।



अभयपुर में जुटे चैतन्य शर्मा के समर्थक।

# कुपोषण से निदान के लिए चलाई जाएगी विशेष मुहिम : जतिन लाल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला ऊना में बच्चों में कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए एक विशेष मुहिम चलाई जा रही है, जिसके तहत जिले के विभिन्न स्थानों से कुपोषित बच्चों की पहचान करके उन्हें इस समस्या से निजात दिलाई जाएगी। यह बात उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने लघु सचिवालय में आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

उन्होंने बताया कि सीएसआईआर-हिमालयन जैव संस्था प्रोद्योगिकी संस्थान, पालमपुर के माध्यम से बच्चों के लिए तैयार पोष्टिक तत्वयुक्त उत्पादों को क्रय करके जिला के समस्त कुपोषित बच्चों तथा बीपीएल की धात्री महिलाओं को प्रदान करेगी। प्राथमिकता तौर पर प्रथम तीन माह में बच्चों में आने वाले अंतर का विश्लेषण किया जाएगा, जिसके आधार पर आगे छः माह तक बढ़ाया जाएगा। जिले में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आशा वर्कर के माध्यम से बच्चों की सेहत में होने वाले सुधार बारे फीडबैक लेकर डाटा तैयार किया जाएगा।

उपायुक्त ने कहा कि ऊना के लोगों की आर्थिक स्थिति व जीवन शैली के दृष्टिगत यहां अन्य जिलों की अपेक्षा कुपोषित बच्चों की संख्या ज्यादा नहीं है। उन्होंने बाल विकास संरक्षण अधिकारी को निर्देश दिए कि वह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आशावर्कर के माध्यम से पूरे जिले में कुपोषित बच्चों तथा बीपीएल परिवारों की धात्री महिलाओं की पहचान करके 31 मार्च से पहले पूरी फील्ड रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि इसी आधार पर उत्पादों के क्रय के लिए आगामी कार्य योजना तैयार की जा सके।

उन्होंने संस्थान के अधिकारियों को शिशु पोष्टिक आहार में मिलेट्स प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता देने के लिए कहा। उन्होंने सीएसआईआर-हिमालयन जैवसंस्था प्रोद्योगिकी संस्थान, पालमपुर तथा जिला के सभी सीडीपीओ व खंड विकास अधिकारियों के साथ एक वर्कशॉप का आयोजन करके इस मुहिम के सफल कार्यान्वयन के लिए एक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस नरेंद्र कुमार, डॉ. रिचा कालिया, सीडीपीओ ऊना कुलदीप दयाल, धुंधला के रूपेश कुमार व अंब के विजय कुमार, सीएसआईआर-हिमालयन जैवसंस्था प्रोद्योगिकी संस्थान पालमपुर से प्रधान वैज्ञानिक डॉ. महेश गुप्ता, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विद्याशंकर श्रीवतसन व डॉ. सुखजिन्दर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

### नशे के विरुद्ध छेड़ा जाएगा व्यापक अभियान

**ऊना।** ऊना उपमंडल में नशामुक्त ऊना अभियान के तहत गत दो माह में 65 विद्यालयों में नवचेतना मॉडयूल सिस्टम के तहत स्कूल टास्क फोर्स के साथ बैठकें की गई यह जानकारी एसडीएम ऊना विश्वमोहन देव की अध्यक्षता में आयोजित नशामुक्त ऊना अभियान की समीक्षा बैठक में दी गई। उन्होंने बताया कि ऊना उपमंडल में नशामुक्त ऊना अभियान को बड़े प्रभावी ढंग से कार्यान्वित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनवरी माह में 40 तथा फरवरी में 25 विद्यालयों में स्कूल टास्क फोर्स के साथ इंट्रेक्शन किया गया। एसडीएम ने बताया कि इस अभियान के तहत माह मार्च व अप्रैल में खंड स्तर पर 'नशे से शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव' थीम पर प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा 'मेरा फैसला, नशे को न, जिंदगी को हां' कार्यक्रम के तहत 5000 युवाओं, 5000 अभिभावकों, 100 स्कूलों प्रधानाचार्यों तथा 300-400 शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित कर नशे के विरूद्ध व्यापक अभियान छेड़ा जाएगा, जबकि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व आशावर्कर 'हर घर दस्तक' मुहित के तहत डोर टू डोर अभिभावकों व बच्चों में नशावृत्ति रोकने के लिए जागरुकता पैदा करेंगी।
बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम पाल शर्मा, जिला युवा एवं खेल अधिकारी उत्तम दियोल, सीडीपीओ कुलदीप दयाल तथा निशा गुप्ता ने भाग लिया।

# युवाओं को मतदान के लिए किया जागरूक



युवा मतदाता एसडीएम ऊना विश्वदेव मोहन चौहान के साथ।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

लोकसभा चुनाव में मतदाता सहभागिता बढ़ाने और मत प्रतिशत में बढ़ोतरी के मकसद से जिला प्रशासन लोगों को मताधिकार के प्रयोग को लेकर जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने में जुटा है।

इसी कड़ी में सन 2009 से भारत सरकार द्वारा चलाए गए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज ऊना में एसडीएम ऊना विश्वदेव मोहन चौहान एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रिंसिपल गर्ल्स ऊना सुरेश कुमार शर्मा ने शिरकत की। हस्ताक्षर दीवार अभियान के अंतर्गत एसडीएम ने पहली बार वोट डालने वाले युवा मतदाताओं को जागरूक किया। स्वीप नोडल अधिकारी सुरेश कुमार शर्मा ने युवा मतदाताओं को स्वयं निष्पक्ष होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया तथा अपने आस-पास सभी मतदाताओं को भी शत प्रतिशत वोट डालने के लिए जागृत करने के लिए वचन लिया।

चुनावी महाकुंभ में सभी मतदाताओं से महोदय ने सर्वप्रथम अपने मताधिकार का सोच समझकर अपने देश के निर्माण में अहम भूमिका निर्वहन करने की अपील की। सभी मतदाताओं ने अपने इस अधिकार का उपयोग करने का भी वचन दिया। पहली बार वोट डालने वाले युवाओं को स्किट के माध्यम से जागरूक किया गया।

# निष्कासित एमएलए 14 माह में विधायक वीर बन लौट रहे हिमाचल : कर्नल धर्मेंद्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**कहा- हिमाचल के इतिहास में 23 मार्च का दिन होगा काला अध्याय**

भारत सरकार द्वारा चलाई अग्निवीर योजना में आज राज्य सरकार के छह विधायक अब 14 माह में विधायक वीर बनकर दिल्ली से आ रहे हैं। भाजपा को विधायक वीर योजना में तीन आजाद विधायक रहे फ्री के रूप में मिल गए हैं, लेकिन अब इन नेताओं को जो भाजपा के विधायक वीर जब अपने विधानसभा क्षेत्र में लौटकर दोबारा जनता के बीच जाकर समर्थन मांगने का प्रयास करेंगे। उन्हें अब जनता बड़ा सबक सिखाने के लिए उत्सुक है।



यह शब्द राज्य कांग्रेस कमेटी के राज्य सचिव एवं कुटलैहड़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता कर्नल धर्मेंद्र पटियाल ने कहे। उन्होंने कहा जिन नेताओं को हिमाचल की जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में जनता ने बड़ी बढ़त से जिताकर विधानसभा भेजा था। आज उन्हीं 6 विधायकों ने कांग्रेस पार्टी और राज्य सरकार की पीठ पर बार करके गलत कार्य किया है। जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी।

कर्नल ने कहा कि जब प्रदेश में आपदा आई थी। तो राज्य सरकार के मुख्यमंत्री ने एक नायक की भूमिका में राज्य के हर प्रकार के पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाने का काम किया था और जो यह विधायक जो आज विधायक वीर बनकर भाजपा ज्वाइन कर रहे हैं। इनके कहने पर इसके विस क्षेत्र में हर पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की थी लेकिन आज यह विधायक भूल गए हैं। कि 14 माह के कार्यकाल में इनके विस क्षेत्र में करोड़ों की योजनाएं इनके कहने पर धरातल पर उतारी गई हैं। जिससे जनता को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के इतिहास में 23 मार्च का दिन काला अध्याय में शामिल होगा और राज्य की जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के कुशल नेतृत्व को जनता देख रही ह और राज्य के 9 विस क्षेत्र में होने वाले उपचुनावों में जनता पूरी ईमानदारी के साथ कांग्रेस प्रत्याशियों को भारी बढ़त से जिताएगी और इन 9 विधायक वीरों को पूरा सबक सिखाएगी।

**सम्मान** | धूमधाम से मनाया राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना का 54वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

# विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर मोहा सबका मन



रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना का 54वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह शनिवार को कॉलेज परांगण में धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह की अध्यक्षता निदेशक उच्चतर शिक्षा डॉ. अमरजीत कुमार शर्मा ने की।

इस दौरान डॉ. अमरजीत ने कहा कि वार्षिक समारोह में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को उजागर करने का उचित मंच मिलता है और खेलकूद, शैक्षणिक सहित अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए उन्हें सम्मानित किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऊना महाविद्यालय का एक इतिहास है। राजकीय डिग्री कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थी प्रदेश तथा देश के बेहतरीन संस्थानों में अपनी सेवाएं प्रदान कर जिला ऊना का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में ऊना कॉलेज में लगभग 38 सौ विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिसमें 23 सौ छात्राएं और 15 सौ छात्र शामिल हैं। पूरे प्रदेश में 10 कॉलेज ऐसे हैं जिनमें लगभग छात्र-छात्राओं की संख्या 3500 या इससे अधिक है। इन 10 कॉलेजों में डिग्री कॉलेज ऊना की अपनी एक अलग पहचान है।

इसके अतिरिक्त उन्होंने कॉलेज प्रशासन को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को बुराइयों से दूर रखने के लिए एनएसएस, एनसीसी व स्काउट एंड गाइड के समूह तैयार करें, ताकि बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को कॉलेज की विभिन्न गतिविधियों में शामिल करके उनकी सकारात्मक ऊर्जा को कॉलेज के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक विकास के कार्यों में उपयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर कॉलेज प्रधानाचार्य मिता शर्मा ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी तथा कॉलेज की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विद्यार्थियों ने रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सबका मन मोह लिया। समारोह में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी मेधावी विद्यार्थियों को डॉ. अमरजीत शर्मा ने पारितोषिक देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर अम्ब कॉलेज के प्रधानाचार्य दर्शन सिंह, खडड् कॉलेज के प्रधानाचार्य राजिन्द्र कुमार, हरोली कॉलेज के प्रधानाचार्य बीएस राठौर, बीटन कॉलेज की प्रधानाचार्य सुनीता गोयल, कॉलेज छात्र व उनके अभिभावकों सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### ये किए सम्मानित

**समारोह** में अकादमिक, स्पोर्ट्स, एनएसएस, रोवर रेंजर, एनसीसी, रेड रिबन क्लब, इको क्लब तथा बच्चों द्वारा आयोजित किए गए सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों में वर्ष भर के विजेता रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिनमें अकादमिक उपलब्धि वाले 127 विद्यार्थियों, खेलकूद क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाले 142 खिलड़ियों, सांस्कृतिक तथा अन्य गतिविधियों में उपलब्धि हासिल करने वाले 29 विद्यार्थियों, राष्ट्रीय कैडेट कोर के 22 कैडेटों को उनकी उपलब्धियों, राष्ट्रीय सेवा योजना के 07 स्वयंसेवकों, स्काउट एंड गाइड के 17 रोवर्स-रेंजर्स और रोड सेफ्टी क्लब के 02 सदस्यों को उनकी उपलब्धियों के लिए पारितोषिक देकर पुरस्कृत किया गया।



मेधावी छात्रों के साथ निदेशक उच्चतर शिक्षा डॉ. अमरजीत कुमार।



अंब। महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंब में शुक्रवार को बीसीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को विदाई पार्टी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम के आखिर में मिस फेयरवेल ऋचा व मिस्टर फेयरवेल उदय, मिस पर्सनालिटी प्रियंका ठाकुर व मिस्टर पर्सनालिटी संयम कंवर तथा मिस खिलाड़ी दिव्यांशी शर्मा व मिस्टर खिलाड़ी का ख़िताब अंशुमान ठाकुर को दिया गया।

मनुष्य के जीवन में ऐसा कुछ नहीं है, जिसके लिए बहुत चिंता की जाए। -प्लेटो

## संपादकीय

# बिगड़े सियासी समीकरण

वही हुआ, जिसका अंदेशा पहले से ही था। हिमाचल के छह बागी विधायकों ने आखिर भाजपा ज्वाइन कर कांग्रेस को बड़ा झटका दे ही दिया है, उनके साथ ही तीन निर्दलीय विधायकों के भी भाजपा में जाने से प्रदेश की राजनीति के सारे समीकरण गड़बड़ा गए हैं। अगर विधानसभा का उपचुनाव हुआ और सभी को भाजपा से टिकट मिल गया तथा सभी जीत भी गए, तो निश्चित रूप से इसका असर कांग्रेस सरकार पर पड़ सकता है। हिमाचल प्रदेश में विधानसभा में कुल 68 सीटें हैं। कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य ठहराकर पहले ही विधायकी रद्द की जा चुकी है। तीन निर्दलीय विधायकों ने भी इस्तीफा देने के बाद भाजपा ज्वाइन की है। ऐसे में अब 68 में से कुल 59 विधायक ही बचे हैं। यदि नौ सीटों पर उपचुनाव हुआ और भाजपा सभी सीटें जीती तो कांग्रेस और भाजपा दोनों का आंकड़ा 34-34 हो जाएगा।

भाजपा के पास बहुमत तो रहेगा, लेकिन सरकार बनाने के लिए आंकड़ा 35 का चाहिए। ऐसे में हिमाचल में या तो राष्ट्रपति शासन लगेगा या फिर दोबारा विधानसभा चुनाव होंगे। भाजपा यही सियासी आकलन लगाकर चल रही है कि दोबारा चुनाव में उसे फायदा हो सकता है। इन बदलते घटनाक्रमों देखकर लगता है कि हिमाचल भाजपा ने ऑपरेशन लोटस की दिशा में पहला बड़ा कदम बढ़ा दिया है। कुछ भी हो, चुनावों से पहले भाजपा ने अपना कुनबा तो बढ़ा ही लिया है। जयराम समेत भाजपा के बड़े दिग्गज नेता अभी से हिमाचल में भाजपा सरकार बनने के दावे करने लग पड़े हैं। अब इसे राजनीति कहें या रणनीति, लेकिन भाजपा ने सियासी गहमागहमी के बीच एक तीर से दो निशाने साध लिए हैं। कांग्रेस नेतृत्व की कमजोरी का भाजपा किसी भी सूरत में सियासी लाभ लेने की जुगत में हैं, तभी तो भाजपा राज्यसभा चुनाव से लेकर अब तक इन सबको वीआईवी ट्रीटमेंट दे रही है।

27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव हुआ था, जिसमें कांग्रेस के बागी विधायकों ने पार्टी प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी को वोट न देने का मन बनाया और क्रॉस वोटिंग कर भाजपा के हर्ष महाजन को विजयी बना दिया। 28 फरवरी से बागी विधायक प्रदेश से बाहर हैं और उन्हें सीआरपीएफ के सुरक्षा घेरे में रखा है। यहां तक कि उनके घरों के बाहर भी सीरपीएफ पहरा दे रही है। इसके अलावा निर्दलीय विधायकों को दिल्ली से चार्टेड प्लैन से शिमला पहुंचाया। भाजपा ने एक बार इन सभी विधायकों को अपने पाले में किया और उसके बाद कांग्रेस के पास जाने ही नहीं दिया। हालांकि, भाजपा के लिए यह उतना आसान नहीं है, जितना वह समझ रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को टिकट आवंटन में हुई गड़बड़ के कारण हार का मुंह देखना पड़ा था, जबकि भाजपा सरकार रिपीट होने का सपने संजोए हुए थी। अब उपचुनाव में भी भाजपा को इन्हीं मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। सबसे पहले तो उसे पुराने नेताओं के बजाए नए ज्वाइन किए विधायकों को टिकट देना ही आसान नहीं होगा। कांग्रेस के बागी और तीन निर्दलीय विधायकों की राह भाजपा में आसान नहीं लगती। भाजपा को इन चुनौतियों से पार पाने के लिए काफी जद्दोजहद करनी होगी, जिसका लाभ कांग्रेस एक बार फिर उठा सकती है। कांग्रेस फिर गारंटियों के दम पर या दलबदलुओं की दुहाई देकर अपना वोट बैंक बढ़ा सकती है।

हालांकि कांग्रेस के अंदर भी कई गुट बन गए हैं, जिनसे वह काफी समय से पार पाने की कोशिश कर रही है। भाजपा को विश्वास है कि जून आते-आते कुछ और भी कांग्रेस विधायक भाजपा के साथ जुड़ जाएंगे। छह अयोग्य ठहराए गए विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों के लिए चुनाव की तारीखों का ऐलान केंद्रीय चुनाव आयोग ने दो जून को कर रखा है। भाजपा को उम्मीद है कि तीन निर्दलीय विधायकों के विधानसभा क्षेत्र में भी चुनाव की तारीखों का ऐलान जल्द ही हो जाएगा। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव के साथ ही भाजपा हिमाचल प्रदेश में भी नई सरकार बनाने की कवायद शुरू कर सकती है। इन सब हालातों से सुक्खू सरकार को कैसे मुकाबला करना है, यह देखने वाली बात होगी।

# भाईचारे का मंगल पर्व 'होली', इस बार करें गिले-शिकवे दूर

नफरतों के जल जाएं सब अंबार होली में। गिर जाए मतभेद की हर दीवार इस बार की होली में। बिछुड़ गए जो बरसों से प्राण से अधिक प्यारे, गले मिलने आ जाएं, वे इस बार होली में। मेले और त्योहार भारतीय समाज के दर्पण हैं। भारतीय संस्कृति में मेलों, त्योहारों एवं उत्सवों का आदिकाल से ही बहुत महत्व रहा है। हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहां पर सभी त्योहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके, लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। यहां पर मेलों, त्योहारों एवं उत्सवों का संबंध किसी जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र से न होकर समभाव से है। यहां मनाए जाने वाले सभी त्योहारों के पीछे की भावना मानवीय गरिमा को समृद्धता प्रदान करना होता है। यही कारण है कि भारत में मनाए जाने वाले सभी प्रमुख त्योहारों एवं उत्सवों में सभी धर्मों के लोग प्रेमपूर्वक बड़े आदर के साथ मिलजुलकर मनाते हैं। होलिका भी एक ऐसा त्योहार है, जो जाति, धर्म अथवा किसी संप्रदाय के बंधन से विमुक्त एक राष्ट्रीयता को प्रदर्शित करता है। यह भारतीय समाज का एक प्रमुख त्योहार है, सभी जन इसका बेसब्री के साथ इंतजार करते हैं।

होली से संबंधित देश के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग मान्यताएं विद्यमान हैं, जो विविधता में एकता व भारतीय संस्कृति का परिचायक भी है। भारत के उत्तर-पूर्व में होलिका दहन को भगवान कृष्ण द्वारा राक्षसी पूतना के वध दिवस के रूप में जोड़कर, पूतना दहन के रूप में मनाया जाता है। दक्षिण भारत में मान्यता है कि इसी दिन भगवान शिव ने कामदेव को तीसरा नेत्र खोल भस्म कर दिया था। तत्पश्चात कामदेव की पत्नी रति के दुख से द्रवित होकर भगवान शिव ने कामदेव को पुनर्जीवित कर दिया, जिससे प्रसन्न होकर देवताओं ने रंगों की वर्षा की। इसी कारण होली की पूर्व संध्या पर दक्षिण भारत में अग्नि प्रज्वलित कर उसमें गन्ना, आम की बौर और चंदन डाला जाता है। यहां गन्ना कामदेव के धनुष, आम की बौर कामदेव के बाण, प्रज्वलित अग्नि शिव द्वारा कामदेव का दहन एवं चंदन की आहुति कामदेव को आग से हुई जलन हेतु शांत करने का प्रतीक है।



लेखक : राकेश कुमार शर्मा
सरदार पटेल विवि, मंडी

होलिका का दहन समाज की समस्त बुराइयों के अंत का प्रतीक है। होली भारत के सबसे पुराने पर्वों में से एक है। होली की हर कथा में एक समानता है कि उसमें 'असत्य पर सत्य की विजय' और 'दुराचार पर सदाचार की विजय' का उत्सव मनाने की बात कही गई है। इस प्रकार होली मुख्यत: आनंदोतलास तथा भाईचारे का त्योहार है। यह लोक पर्व होने के साथ ही अच्छाई की बुराई पर जीत, सदाचार की दुराचार पर जीत व समाज में व्याप्त समस्त बुराइयों के अंत का प्रतीक है। ऐसा माना जाता है कि होली के दिन लोग पुरानी कटुता व दुश्मनी को भूलकर एक-दूसरे के गले मिलते हैं और फिर ये दोस्त बन जाते हैं। राग-रंग का यह लोकप्रिय पर्व बसंत का संदेशवाहक भी है।

यह पर्व हमें प्रभु के प्रति अटूट भक्ति एवं निष्ठा के प्रसंग की याद दिलाता है। होली पर्व को मनाए जाने के कारण के रूप में मान्यता है कि प्राचीन काल में हिरण्यकश्यप नाम का एक अत्यंत बलशाली एवं घमंडी राक्षस अपने को ईश्वर मानने लगा था। हिरण्यकश्यप ने अपने राज्य में ईश्वर का नाम लेने पर ही पाबंदी लगा दी थी। हिरण्यकश्यप का पुत्र प्रह्लाद ईश्वर का परम भक्त था। प्रहलाद की ईश्वर भक्ति से कुद्ध होकर हिरण्यकश्यप ने उसे अनेक कठोर दंड दिए, परंतु भक्त प्रह्लाद ने ईश्वर की भक्ति का मार्ग न छोड़ा। हिरण्यकश्यप की बहन होलिका को बरदान प्राप्त था कि वह आग में भस्म नहीं हो सकती। हिरण्यकश्यप के आदेश पर होलिका प्रह्लाद को मारने के उद्देश्य से उसे अपनी गोद में लेकर अग्नि में बैठ गई, किंतु आग में बैठने पर होलिका तो जल गई, परंतु ईश्वर भक्त प्रहलाद बच गए। इस प्रकार यह पर्व होलिका के विनाश तथा भक्त प्रहलाद की प्रभु के प्रति अटूट भक्ति एवं निष्ठा के प्रसंग की याद दिलाता है। होली के संबंध में सुप्रसिद्ध मुस्लिम पर्यटक अलबरूनी ने अपने ऐतिहासिक यात्रा संस्मरण में होलिकोत्सव का वर्णन किया है। भारत के अनेक मुस्लिम कवियों ने अपनी रचनाओं में इस बात का उल्लेख किया है कि होत्तिकोत्सव केवल हिंदू ही नहीं, अपितु मुसलमान लोग भी मनाते हैं। इसका सबसे प्रामाणिक इतिहास की तस्वीरें मुगलकाल की हैं और इस काल में होली के किस्से उत्सुकता जगाने वाले हैं। इन तस्वीरों में अकबर को जोधाबाई के साथ तथा जहांगीर को नूरजहां के साथ होली खेलते हुए दिखाया गया है। शाहजहां के समय तक होली खेलने का मुगलिया अंदाज ही बदल गया था।

इतिहास में वर्णन है कि शाहजहों के जमाने में होली को 'ईद-ए-गुलाबी या आब-ए-पाशी' (रंगों की बौछार) कहा जाता था। अंतिम मुगल बादशाह शाह जफर के बारे में प्रसिद्ध है कि होली पर उनके मंत्री उन्हें रंग लगाते थे। होली रंगों का त्योहार है, हंसी-खुशी का त्योहार है। अब होली के भी अनेक रूप व कई बदलाव देखने को मिलते हैं। प्राकृतिक रंगों के स्थान पर रासायनिक रंगों का प्रचलन, नशेबाजी की बढ़ती प्रवृत्ति और लोक-संगीत की जगह फिल्मी गानों का प्रचलन इसके कुछ आधुनिक रूप है। पहले जमाने में लोग प्राकृतिक रंगों से होली खेलते थे। वर्तमान में अधिक से अधिक पैसा कमाने की होड़ में लोगों ने बाजार को रासायनिक रंगों से भर दिया है। वास्तव में रासायनिक रंग हमारी त्वचा के लिए काफी नुकसानदायक होते हैं, इसलिए होली खेलने से पूर्व हमें बहुत सावधानियां बरतनी चाहिए। हमें चंदन, गुलाबजल, प्राकृतिक रंगों से होली खेलने की परंपरा को बनाए रखते हुए प्राकृतिक रंगों की ओर लौटना चाहिए। होली पर्व के पीछे तमाम धार्मिक मान्यताएं, मिथक, परंपराएं और ऐतिहासिक घटनाएं छुपी हुई हैं, पर अंतत: इस पर्व का उद्देश्य मानव-कल्याण ही है। लोक संगीत, नृत्य, नाट्य, लोक कथाओं, किस्से-कहानियों और यहां तक कि मुहावरों में भी होली के पीछे छिपे संस्कारों, मान्यताओं व दिलचस्प पहलुओं की झलक मिलती है। होली को आपसी प्रेम एवं एकता का प्रतीक माना जाता है। होली हमें सभी मतभेदों को भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने की प्रेरणा प्रदान करती है। इसलिए इस पवित्र पर्व के अवसर पर हमें ईर्ष्या, द्वेष, कलह आदि बुराइयों को दूर भगाना चाहिए। वास्तव में हमारे द्वारा होली का त्योहार मनाना तभी सार्थक होगा, जबकि हम इसके वास्तविक महत्व को समझकर उसके अनुसार आचरण करें। इसलिए वर्तमान परिवेश में जरूरत है कि इस पवित्र त्योहार पर आडंबरता की बजाय इसके पीछे छुपे हुए संस्कारों और जीवन-मूल्यों को अहमियत दी जाए तभी व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र सभी का कल्याण होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# क्या कांग्रेस इस बार भी जीत पाएगी हिमाचलियों का दिल

हिमाचल में पिछले महीने हुए राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस के बागी 6 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग कर भाजपा के उम्मीदवार को जितवा दिया, तब से ही प्रदेश में राजनीतिक हलचल शुरू हो गई है और इसी हलचल में देश के सबसे बड़े त्योहार यानी लोकसभा चुनाव की घोषणा हो गई है।

इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के अनुसार हिमाचल प्रदेश में लोकसभा की 4 सीटों और विधानसभा उपचुनाव की 6 सीटों पर चुनाव एक जून को होंगे, जहां सदस्यता खोने के बाद बागी विधायकों द्वारा सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया, वहीं अब कोर्ट द्वारा बागी विधायकों को झटका मिलना शुरू हो गया है। सुनवाई में कोर्ट ने स्पीकर के फैसले पर रोक लगाने से मना कर दिया है और अब कार्यवाही अगली तारीख 6 मई तक स्थगित कर दी गई है। इससे प्रदेश की सत्ता में कांग्रेस पर आफतों का पहाड़ टूट पड़ा है।

प्रदेश में बहुमत साबित करने के लिए 35 सीटों का होना आवश्यक है, वहीं राज्यसभा के दौरान क्रॉस वोटिंग में भाजपा के पास अपने 25 वोट + 3 निर्दलीय + 6 बागी विधायकों के वोट के साथ कुल 34 वोट थे, वहीं सत्ता में काबिज कांग्रेस के पास भी 34 वोट ही थे। अगर भविष्य में अविश्वास प्रस्ताव की बात प्रदेश में आती है, तो भाजपा के पास 34 और कांग्रेस के पास 34 में से एक स्पीकर की वोट को कम करके केवल 33 वोटों का समर्थन ही होगा, इस तरह से देखा जाए हो प्रदेश में कांग्रेस को सरकार बचाने के लिए उपचुनावों का जीतना भी बहुत जरूरी हो गया है, एक तरह से देखा जाए तो प्रदेश में कांग्रेस ने अपनी गारंटियों को पूरा करना जोरों से शुरू कर दिया था, जिसमें ओपीएस बहाली सबसे गारंटी थी। हिमाचल प्रदेश में सरकार बनाने में कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है, ऐसे में चुनाव में ओपीएस बहाली एक अहम मुद्दा रहेगा, जिसका प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार को फायदा भी मिल सकता है। यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि कांग्रेस की यह गारंटी भाजपा के हिमाचल प्रदेश में सत्तासीन होने में एक बड़ी बाधा बन सकती है, आगे चुनावों में क्या होता है, कौन सी पार्टी सत्तासीन होती है, इसका जवाब 4 जून को घोषित होने वाले चुनाव परिणाम में ही सामने आएगा। अब तो कांग्रेस के 6 बागियों और तीन निर्दलीय विधायकों ने भी भाजपा का दामन थाम लिया है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



लेखक : आशीष शर्मा
पत्रकार, गोंदपुर बनेहड़ा

कविता

## पावन होली



वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं (बिलासपुर)

*बुढ़ापे में भी यौवन सा छाए, या मन बच्चा सा बन जाए*
*चारों ओर हो हंसी ठिठोली, समझो आ गई पावन होली*
*बिन बारिश ही तन जब भीगे, रंग में रंगे सब आगे पीछे*
*प्रेम के गीत गाते हमजोली, समझो आ गई पावन होली*
*आमों पर जब बौर आए, फागुन लेकर फुहार आए*
*हरे-भरे खेत सरसों पीली, समझो आगे पवन होली*
*हर गलियों में जब बाजे ढोल और संग गाते मीठे बोल,*
*निकल पड़ी मदमस्त टोली, समझो आ गई पावन होली*
*प्रेम के रंग में रंगी चुनरिया, देख मन जब हुआ बावरिया*
*राधा संग श्याम करें अठखेली, समझो आ गई पावन होली*

# होली पर अपरिचित को भी गुलाल लगाकर लाया जाता है अपने नजदीक

होली का त्योहार रंगों का त्योहार है। इस दिन लोग एक-दूसरे पर रंग फेंकते हैं और गुलाल लगाते हैं। होली का उत्सव दो प्रकार से मनाया जाता है। कुछ लोग रात्रि में लकड़ियां आदि एकत्रित कर उनको आग लगा देते हैं और समूह में होकर गीत गाते हैं। आग जलाने की यह प्रथा होलिका दहन की याद दिलाती है। ये लोग रात में आतिशबाजी आदि कर भी अपनी खुशी प्रकट करते हैं। होली मनाने की दूसरी प्रथा आज सारे समाज में प्रचलित है। होली वाले दिन लोग प्रातकाल से दोपहर 12 बजे तक अपने हाथों में लाल, हरे, पीले रंगों का गुलाल लिए हुए परस्पर प्रेमभाव से गले मिलते हैं। इस दिन किसी प्रकार का भेदभाव नहीं रखा जाता, किसी अपरिचित को भी गुलाल लगाकर अपने हृदय के नजदीक लाया जाता है।



लेखक : डॉ. लेखराज शर्मा
ज्योतिषाचार्य, जोगिंद्रनगर

वैसे तो हर त्योहार का अपना एक रंग होता है, जिसे आनंद या उल्लास कहते हैं, लेकिन हरे, पीले, लाल गुलाबी आदि असल रंगों का भी एक त्योहार पूरी दुनिया में हिंदू धर्म के मानने वाले मनाते हैं। होली के इस त्योहार में रंगों के माध्यम से संस्कृति के रंग में रंगकर सारी भिन्नताएं मिट जाती हैं और सब बस एक रंग के हो जाते हैं, वहीं दूसरी और धार्मिक रूप से भी होली बहुत महत्वपूर्ण हैं। मान्यता है कि दस दिन स्वयं को ही भगवान मान बैठे हरिण्यकशिपु ने भगवान की भक्ति में लीन अपने ही पुत्र प्रह्लाद को अपनी बहन होलिका के जरिये जिंदा जला देना चाहा था, लेकिन भगवान ने भक्त पर अपनी कृपा की और प्रह्लाद के लिए बनाई चिता में स्वयं होलिका जल मरी, इसलिए इस दिन होलिका दहन की परंपरा भी है। होलिका दहन से अगले दिन रंगों से खेला जाता है, इसलिए इसे रंगवाली होली और दुलहंडी भी कहा जाता है।

इस वर्ष होली का त्योहार हिमाचल प्रदेश में 24 मार्च को मनाया जाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल होलिका दहन 24 मार्च को सायं 6 बजकर 34 मिनट से 7 बजकर 54 के अंदर किया जा सकता है। हिंदू धर्म ग्रंथों और भारतीय वैदिक ज्योतिषशास्त्र के अनुसार होलिका दहन या पूजन भद्रा के मुख को त्याग करके करना शुभ फलदायक होता है। भद्रा पुच्छकाल आवश्यक परिस्थितिवश होलिका दहन करना श्रेष्ठ रहता है। उल्लेखनीय है कि फाल्गुन महीने की पूर्णिमा से पहले प्रदोष काल में होलिका दहन करने की परंपरा है। 24 मार्च को पूर्णिमा उदय व्यापिनी है, जबकि उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली आदि प्रदेशों में होलिका दहन के बाद ही अगले दिन 25 मार्च सोमवार को होली पर्व श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बाबाओं के चंगुल में फंसती भोली-भाली महिलाएं

भारतीय समाज में पुरातन काल से ही अंधविश्वास के नाम पर खिलवाड़ होता आया है। झाड़ फूंक, मंत्र-तंत्र, टोना-टोटका, पिचाशी शक्तियों के नाम पर शरीर के साथ कष्टपूर्वक व्यवहार इत्यादि माध्यमों से बहुत से तांत्रिक, साधु बाबा, ओझा, चेले आज के शिक्षित समाज को इन झंझावतों में डालकर शारीरिक, मानसिक व आर्थिक शोषण कर रहे हैं। अभी तक नामी बाबाओं के पकड़े जाने के साथ ही साथ बहुत से ऐसे नामों की सूची है, जो सनातन हिंदू धर्म की आस्था के साथ खिलवाड़ कर चुके हैं। राम रहीम, आसाराम बापू उसका बेटा नारायण सांई, निर्मल बाबा, सतपाल महाराज इनके बाहुबल, धनबल एवं राजनीतिक बल से सभी परिचित हैं।

इन्होंने अनेक महिलाओं व छोटी बच्चियों को अपने आश्रम के निजी कारदारों के माध्यम से अपने फार्म हाउस, दिखावटी धर्म के अड्डों में बलात्कार कर जबरन वसूली हत्याओं, हत्याओं के प्रयास, सबूत मिटाने के साथ-साथ अकूत संपत्ति को आस्था के साथ मजाक कर अर्जित किया है। यह सभी नाम अखाड़ा परिषद की सूची में फर्जी बाबाओं के नाम से भी दर्ज है। नित्यानंद जो केरल राज्य से हैं, उसने अनेक दक्षिण भारत की अभिनेत्रियों के साथ अश्लील फिल्म सीडी चलचित्रों को बनाकर ब्लैकमेल कर बेचा भी है, जिसे हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले से गिरफ्तार किया जा चुका है। जब इसकी पुलिस द्वारा पूछताछ की गई तो यही बाबा इतना कुछ करने के बाद भी अपने आप को मीडिया के सामने मुखातिब होकर कहता है कि मैं न स्त्री हूं, न पुरुष। इसी तरह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर में इच्छाधारी बाबा को भी अनेक महिलाओं के साथ बलात्कार के संगीन जुर्म में गिरफ्तार किया जा चुका है। सतपाल जैसे बाबाओं की अंधभक्त अनुयायी जनता तो उसके दूध से स्नान द्वारा निस्तारित गंदे अपशिष्ट कचरे को एकत्रित स्थल से प्रसाद स्वरूप ग्रहण कर घरों तक ले जाती रही थी। अभी इसी सप्ताह मंडी जिले के जोगिंद्रनगर से एक पैंतीस वर्षीय महिला अपने दो बच्चों के साथ वहां रह रहे अस्थायी कुटिया के एक ढोंगी बाबा के चंगुल में फंसकर अपनी बनी बनाई गृहस्थी को उजाड़ कर उसके साथ भाग गई। उसे पुलिस द्वारा गुरुग्राम से पकड़ा गया। इन बाबाओं के मीठे बोल से मोहित व अभिप्रेरित होकर ऐसी महिलाओं को न तो अपने परिवार का ख्याल है, न पति का, न ही समाज का। इस तरह से या तो ये मारी जाती हैं या उनके बच्चों को बाहरी राज्यों में बाल मजदूरी व यौन व्यवहार के लिए दलालों को बेच दिया जाता है। फिर यह अपने परिवारों के लिए एक अनसुलझी पहेली बनकर रह जाती हैं। उत्तर प्रदेश के बदायूं जनपद में दो दिन पहले एक विशेष समुदाय के सिरफिरे नाई द्वारा बाल काटने के उस्तरे की मदद से अपनी ही दुकान के नजदीक हिंदू परिवार के दो मासूम छोटे बच्चों को मौत के घाट उतार कर उनकी जीवन लीला समाप्त कर दी। यह कृत्य उसके द्वारा सिर्फ इसलिए किया गया था, क्योंकि उक्त नाई की पत्नी की दो बार डिलीवरी होते ही नवजात शिशु मर गए थे। तंत्र-मंत्र व झाड फूंक की सलाह मुताबिक उसने इस वीभत्स व दिल दहलाने वाली घटना को अंजाम तक पहुंचाया। ज्यादातर महिलाएं ऐसे बाबाओं की संगति, कीर्तन, भजन पूजा विधान पद्धति, इलाज करवाने के आधार पर अपने दुख-दर्द, पीड़ा, घरेलू लड़ाई झगड़ा, अवसाद, पति द्वारा अत्यधिक शराब का सेवन करना, प्रेम न करना, सास ससुर के साथ झगड़ा, प्रेम विवाह में असफल होना, बच्चे नहीं होना, गृह क्लेश, देवरानी-जेठानी के साथ लड़ाई झगड़ा इत्यादि अनेक सैकड़ों कारणों से मुक्ति प्राप्त करने के इन बेढंगे रास्तों पर चलकर ऐसे ढोंगी बाबाओं द्वारा शर्तिया इलाज करने के आश्वासन द्वारा ही यह वर्ग गर्त में प्रवेश कर दुर्गति को प्राप्त करता है। आज के दौर में समाज में इतनी ज्यादा प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है कि आपस में मिलना जुलना, किसी के दुख-दर्द को कोई भी आपस में साझा नहीं कर पा रहा है और न ही कोई सुनने को तैयार है, जिससे की उसका मन हल्का हो जाए। इस वजह से ऐसी समस्या ग्रसित महिलाएं शांति प्राप्त करने के लिए, इनसे छुटकारा पाने के लिए ऐसी जगह को चिन्हित करती हैं। इस तरह के बाबा वाकपटुता में माहिर होते हैं एवं सामने वाले की मन:स्थिति को भांपकर मनोवैज्ञानिक रूप से ऐसी अनेक बातों को कहकर उनके बीते अतीत के ऊपर अनुमानी सट्टा मारकर उसे सिद्ध कर उन्हें अपने जाल में बहुत ही सुनियोजित ढंग से फंसा लेते हैं। फिर उनकी मंडली में भारी जनता के जुड़ाव, समर्थन, संख्या बल को देख कर नेता भी इनके आगे नतमस्तक होते हैं।



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

इनसे जुड़ने का इन नेताओं का प्रमुख कारण वोट बैंक की अपनी आंतरिक इच्छा एवं लालच होता है। इस कारण आम उत्पीड़ित महिला इनका विरोध करने का साहस न कर और पुलिस सहायता के लिए चिल्लाती रहती हैं, लेकिन उनकी आवाज को राजनीतिक शक्तियों द्वारा कुचल दिया जाता है। सर्वप्रथम हम सभी को अपने-अपने परिवारों को जागरूक करवाकर इस तरह के बाबाओं की संगति में जाने से भी परहेज करना चाहिए, ताकि परिवार सुरक्षित रह सकें। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अरविंद केजरीवाल अब अपने को करें निर्दोष साबित

अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली की शराब नीति के जिन आरोपों के आधार पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया है, उन्हें साबित होना भर ही बाकी है। हां, पर इतना तो कहना ही होगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अरविंद केजरीवाल अपने को बार-बार अराजक मुख्यमंत्री के रूप में साबित करने में सफल रहे। वह लगातार केंद्र सरकार और सरकारी अफसरों से लड़ने-झगड़ने के मूड में ही रहे। उन्होंने एक तरह से मान लिया कि देशभर में वह ही अकेले ईमानदार हैं, बाकी दुनिया भ्रष्ट है। उनसे उम्मीद थी कि वह देश में साफ-सुथरी और वैकल्पिक राजनीति का रास्ता साफ करेंगे, पर उन्होंने अपने खोखले दावों-वादों और कारनामों से देश को निराश ही किया।

दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से पहले भी सरकारें और मुख्यमंत्री रहे, पर कभी कोई ऐसा मसला नहीं आया। दिल्ली की चुनी हुई सरकारों और केंद्र सरकारों के बीच मजे-मजे में विकास के सब काम होते रहे, पर सन 2015 में दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनते ही हंगामा शुरू हो गया और होने लगा रोज का क्लेश, तकरार और आरोप-प्रत्यारोप का दौर। दिल्ली में 1951-52 में पहली बार विधानसभा के चुनाव हुए। दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री कांग्रेस के चौधरी ब्रह्म प्रकाश बने। चौधरी साहब 1952 से 1955 तक मुख्यमंत्री रहे। उन्हें कांग्रेस ने हटाया और यहां का दूसरा मुख्यमंत्री बनाया सरदार गुरुमुख निहाल सिंह मुसाफिर को।

गुस्ताखी माफ, कम ही दिल्लीवालों को पता है कि दिल्ली के दूसरे मुख्यमंत्री एक सिख सज्जन थे। वह पहले दिल्ली विधानसभा के स्पीकर थे। वह 13 फरवरी, 1955 से 31 अक्टूबर, 1956 तक दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। इसके बाद विधानसभा का अस्तित्व समाप्त कर दिया गया। मुसाफिर ने मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए दिल्ली में शराब की दुकानें खोलने नहीं दीं। अजीब इत्तेफाक है कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली में शराब की दुकानें खोलने में सदैव अति उत्साह दिखाते रहे। उन्हें दिल्ली की शराब नीति में कथित घोटाले के कारण ही गिरफ्तार किया गया है। मुसाफिर के पुत्र एस निहाल सिंह प्रख्यात पत्रकार थे। वह इंडियन एक्सप्रेस अखबार के संपादक भी रहे। बहरहाल, 1966 में दिल्ली को एक महानगर परिषद मिली। यह विधानसभा के समकक्ष थी। महानगर परिषद का मुखिया कार्यकारी पार्षद होता था। इस पद पर विजय कुमार मल्होत्रा और जगप्रवेश चंद्र जैसे नेता भी रहे। दिल्ली को 1991 में फिर से संविधान में संशोधन करके राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र घोषित किया गया। नए परिसीमन के तहत विधानसभा का 1993 में चुनाव हुआ। इसके बाद मदनलाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा, सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित जैसे दिग्गज नेता दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। इस दौरान केंद्र में कभी कांग्रेस के नेतृत्व वाली और कभी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारें काम करती रहीं, पर दिल्ली में विकास का पहिया कभी थमा नहीं। जिस राजधानी दिल्ली में हरी-भरी लुटियंस दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली छावनी और दर्जनों अन्य शानदार एरिया हैं, वहां लगभग सौ एकड़ एरिया में फैले कूड़े के किले शर्मसार करते हैं।



लेखक : आरके सिन्हा
वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद

ये तीनों कूड़े के किले अरविंद केजरीवाल के तमाम दावों की कलई खोल कर रख देते हैं। क्या कभी अरविंद केजरीवाल ने सोचा कि किस तरह से इनके पास लोग नारकीय स्थिति में रहते होंगे? इनसे हर वक्त भयंकर दुर्गंध आती रहती है। अब तो दिल्ली विधानसभा और नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकारें हैं, पर ये कूड़े के किले पहले की तरह से खड़े हैं और प्रतिदिन बड़े होते जा रहे हैं। क्या इन काले पहाड़ों को हटाने से मोदी सरकार ने मना किया था? राजधानी के एक एक बड़े भाग में लुटियंस दिल्ली आती है। यहां पर तो कमोबेश सब कुछ ठीक है। इसकी तुलना दुनिया के किसी भी शहर के हिस्से से की जा सकती है। इधर, कोई कूड़े के पहाड़ भी नहीं हैं। कौन नहीं जानता कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार के सत्ता पर आते ही अराजकता फैलने लगी। हद तो तब हो गई जब दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव अंशु प्रकाश की मुख्यमंत्री ने अपने निजी सहायकों द्वारा सरकारी आवास पर मध्य रात्रि में बुलवाकर गुंडे किस्म के हिस्ट्रीशीटर विधायकों द्वारा लात-घूंसों से पिटाई करवा दी। यदि कोई सरकार ही गुंडई पर उतारू हो जाये तो उससे भी तो फिर उसकी भाषा में ही तो निबटना होता है। फिलहाल तो अरविंद केजरीवाल को अपने को पाक-साफ करना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**आज** हर घर के दूसरे युवा के पास बड़ी डिग्रियां हैं, महंगे कोर्स हैं और जो उसके पास नहीं हैं, वह है नौकरी। बड़ी डिग्रियां, महंगे कोर्स यह सारी मेहनत एक बेहतर नौकरी, बेहतर जिंदगी और बेहतर घर परिवार के सपने के लिए है। इन सपनों की राह में जो सबसे बड़ी नाकामी है, वह है बेरोजगारी। अब इसे सिस्टम की नाकामी कहा जाए, जनसंख्या में वृद्धि या फिर लगातार बढ़ती पढ़े-लिखे युवाओं की जनसंख्या, जिसने अच्छी नौकरी के ख्वाब पाल रखे हैं। सरकारी नौकरी हर किसी के लिए संभव नहीं है। प्राइवेट सेक्टर में कहीं अच्छी संभावनाएं है, तो कहीं सैलरी और सिक्योर जॉब पर संकट है। आज के समय में निजी बिजनेस भी हर युवा के लिए संभव नहीं है। उसके लिए भी आर्थिकी मदद की दरकार होगी। हालांकि, सरकार ने स्वरोजगार के लिए कई योजनाएं केंद्र से राज्य लेवल तक की चलाई हैं, लेकिन उसके लिए हर युवा तैयार नहीं, क्योंकि कोई नौकरी ही करना चाहता है, तो कोई बिजनेस। एक सिक्योर जॉब की तलाश भी बेरोजगारी का सबसे बड़ा कारण है, क्योंकि असुरक्षा का डर हमेशा युवाओं के मन में रहता है। ऐसे में सरकार के पास क्या सिस्टम होना चाहिए कि जो युवा प्राइवेट सेक्टर में जॉब कर रहे हैं, वहां वह सिक्योर हो और इस सिस्टम के लिए कानून स्पष्ट हो। - **सुमित, हमीरपुर।**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### तरवाई पुल के पास दरकी पहाड़ी

**तीसा।** लोक निर्माण विभाग की ओर से तरवाई पुल के पास युद्धस्तर पर दरके पहाड़ को गिराने का कार्य आरंभ करवा दिया गया है। इतना ही नहीं, मार्ग पर यातायात व्यवस्था भी प्रभावित न हो, इसका भी विभाग की ओर से पूरा ध्यान रखा जा रहा है। खिली धूप के बीच पहाड़ काटने का कार्य जोर-शोर से चला हुआ है। विभाग का लक्ष्य आगामी समय में लोगों की इस विकराल समस्या का खात्मा करने का है। तीसा-बैरागढ़ मुख्य मार्ग पर खतरा बने पहाड़ी के दरके हिस्से को हटाने के लिए विभागीय मशीनरी जुटी हुई है।

### भरियां स्कूल के बच्चों ने मनाई होली



भरियां स्कूल के बच्चे शिक्षकों के साथ होली मनाते हुए।

**चंबा।** राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला भरियां में होली के उपलक्ष्य मे रंगों के साथ होली पर्व का आयोजन किया गया। बच्चों ने इसका खूब आंनद लिया। बच्चों में परिनीता, नंदिनी, यशिका, कृति, अयान, अधर्व, गीतिका,कौशिक, सायरा, निशांत, मृतुन्जय, परिनिधि, अभीर, नियति मधुवाला ने इसका आंनद लिया। अध्यापकों में मनोज गुप्ता, नंदिनी सरस्वती, मल्टी टास्क वर्कर ओम प्रकाश भी उपस्थित रहे।

### मुगला में शनि महिमा का गुणगान

**चंबा।** हरदासपुरा वार्ड के शनिदेव मंदिर मुगला में शनिवार को सैकड़ों भक्तों ने शनिदेव के समक्ष शीश नवाया और शनि महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर मंदिर पुजारी अमित शर्मा ने भक्तों को शनि महिमा से अवगत करवाया। पुजारी अमित शर्मा ने कहा कि जो व्यक्ति शनिदेव के प्रति अस्था व्यक्त करने सहित उनके दिए मार्गदर्शन का अनुसरण करता है वह सदा ही सुख प्राप्त करता है। उन्होंने समस्त भक्तों से आह्वान किया कि शनिदेव द्वारा गई शिक्षाओं का अनुसरण करें। इस मौके पर मुख्यालय सहित हरदासपुरा, मुगला, करियां, भडियां, सुल्तानपुर, ओबड़ी, सरोल व परेल आदि क्षेत्रों से शनि भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### एबीवीपी ने शहीदी दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**जोगिंद्रनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जोगिंद्रनगर के इकाई मंत्री आयुष ठाकुर ने बताया कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव भारत मां के वे सच्चे सपूत थे, जिन्होंने अपनी देशभक्ति और देशप्रेम को अपने प्राणों से भी अधिक महत्त्व दिया और मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर कर गए। आज का दिन शहीदों के बलिदान को याद करने का दिन है। हर साल देश में 23 मार्च को शहीदी दिवस मनाया जाता है। इस दौरान तीनों शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

### छात्राओं को समझाया वोट का मोल

**जोगिंद्रनगर।** भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शनिवार को निर्वाचन क्षेत्र जोगिंद्रनगर के नर्सिंग कॉलेज जय मां दुर्गा ब्रिज मंडी में स्वीप के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें नर्सिंग कॉलेज की प्रशिक्षु छात्राओं को मतदान प्रक्रिया, वोट पंजीकरण वोट का महत्त्व आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जोगिंद्रनगर निर्वाचन क्षेत्र की उपमंडल स्तरीय स्वीप समिति के नोडल अधिकारी खजान सिंह ठाकुर और उपमंडल स्तरीय समिति के स्वीप के सदस्य एवं राजनीतिक विज्ञान के प्रवक्ता विनोद गुलेरिया ने प्रशिक्षु छात्राओं को बताया कि आगामी लोकसभा के आम चुनाव होने जा रहे हैं अतः प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो, इसलिए भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूरे भारत में मतदाता जागरूकता शिविर आयोजन किए जा रहे हैं। उन्होंने मतदान के महत्त्व के बारे में बताया कि मतदान दिवस को एक उत्सव की तरह मनाया जाना चाहिए।

# मां भारती के वीर सपूतों को किया नमन

## शहीदी दिवस पर एबीवीपी ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई भरमौर के कार्यकर्ताओं ने मां भारती के सच्चे सपूत वीर भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की शहादत को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव भारत के वे सच्चे सपूत थे, जिन्होंने अपनी देशभक्ति और देशप्रेम को अपने प्राणों से भी अधिक महत्व दिया और मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर कर गए।


शहीदी दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

23 मार्च को देश के लिए लड़ते हुए अपने प्राणों को हंसते-हंसते न्योछावर करने वाले तीन वीर सपूतों की याद में शहीदी दिवस मनाया जाता है। यह दिवस न केवल देश के प्रति सम्मान और हिंदुस्तानी होने का गौरव अनुभव कराता है, बल्कि वीर सपूतों के बलिदान को भीगे मन से श्रद्धांजलि देता है। उन अमर क्रांतिकारियों के बारे में आम मनुष्य की वैचारिक टिप्पणी का कोई अर्थ नहीं है। उनके उज्ज्वल चरित्रों को बस याद किया जा सकता है कि ऐसे मानव भी इस दुनिया में हुए हैं, जिनके आचरण किंवदंति हैं। भगत सिंह ने अपने अति संक्षिप्त जीवन में वैचारिक क्रांति की जो मशाल जलाई, उनके बाद अब किसी के लिए संभव न होगी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई भरमौर की ओर से शहीदी दिवस पर देशभर के अपने परिवारजनों की ओर से उन्हें नमन और वंदन किया गया।

## 'मेरा रंग दे बसंती चोला...' से गूंजा लक्कड़ मंडी स्कूल

**डलहौजी।** राजकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय लक्कड़ मंडी के संयुक्त तत्वावधान में शहीदी दिवस पर सादे समारोह में शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मेरा रंग दे बसंती चोला देशभक्ति गीत वातावरण में गुंजायमान रहा। पुष्पांजलि अर्पित करने से पहले शिक्षक वीरेंद्र ठाकुर और कमलेश कुमार ने चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया। इसके पश्चात अनिल कुमार, अजय ठाकुर, राजकुमार, मदन लाल,पंजाब सिंह, डूमनू राम, संजीव कुमार और चन्ना ने देशभक्तों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। शिक्षक वीरेंद्र ठाकुर ने बताया कि युवाओं को भारत मां के इन वीर सपूतों से प्रेरणा लेकर देशभक्ति के कार्य में समर्पण भाव से आगे आकर अपना भरपूर सहयोग देना चाहिए।


राजकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय में शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए।

# चुनाव आयोग के निर्देशों की जानकारी होना जरूरी

- नोडल अधिकारियों से बोले एसडीएम अरुण शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम चंबा अरुण शर्मा की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 03-चंबा के लिए नियुक्त विभिन्न नोडल अधिकारियों के साथ उनके कार्यलय कक्ष में एक बैठक का आयोजन किया गया। अरुण शर्मा ने लोकसभा निर्वाचन के निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर विभिन्न नोडल अधिकारियों की भूमिका और जिम्मेदारियों पर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि चूंकि निर्वाचन प्रक्रिया के वैधानिक कार्यान्वयन में त्रुटियों की कोई भी संभावना नहीं है। ऐसे में सभी संबंधित अधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करना सुनिश्चित बनाना होगा तथा बेहतर



कार्य निर्वहन के लिए भारतीय चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों की संपूर्ण जानकारी होनी भी आवश्यक है। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को भारतीय चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी के लिए आयोग द्वारा तैयार की गई मार्गदर्शक पुस्तिका से जानकारी हासिल करने को कहा। इस अवसर पर तहसीलदार चंबा एवं नोडल अधिकारी इलेक्ट्रोल रोल नीलम कुमारी, सहायक अभियंता एवं नोडल अधिकारी ईवीएम प्रबंधन अजय कुमार, नोडल अधिकारी मीडिया कुलदीप ठाकुर, नोडल अधिकारी परिवहन प्रबंधन हिमांशु सहित विभिन्न नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## कर्तव्यनिष्ठा से करें काम: एसडीएम

**चुवाड़ी।** भटियात विधानसभा क्षेत्र की बैठक सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम पारस अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। इसमें लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान प्रतिनियुक्त होने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों का डाटा वैव डाईस साफ्टवेयर पर अपलोड करने का प्रशिक्षण दिया गय। एसडीएम ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के वैधानिक कार्यान्वयन में त्रुटियों की कोई भी संभावना नहीं है। ऐसे में सभी संबंधित अधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करना सुनिश्चित बनाना होगा तथा बेहतर कार्य निर्वहन के लिए भारतीय चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निदेर्शों की संपूर्ण जानकारी होनी भी आवश्यक है। इस बैठक में तहसीलदार सिहुंता, तहसीलदार चुवाड़ी, बीडीओ भटियात व समस्त विद्यालयों के कार्यालय अध्यक्ष व प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# नशे से दूर रहकर पढ़ाई पर दें ध्यान

## अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का अपनी पाठशाला के बच्चों से आह्वान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था द्वारा प्रायोजित अपनी पाठशाला के दो वर्ष पूरे होने व शहीदी दिवस के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस शिवानी मेहला ने सिवाना अकादमी में अपनी पाठशाला में शिरकत की। इस अवसर पर हरीश ठाकुर, शिक्षानी ठाकुर, खुशी शुभ, सोनू खान, मीनू शर्मा, अमित शर्मा, दीक्षा मेहरा, हर्षित ठाकुर, शिशु शर्मा, दीपक भाटिया मौजूद रहे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस शिवानी मेहला ने बच्चों को नशे से दूर रहकर साफ-सफाई व पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस दौरान बच्चों को होली के लिए रंग, पिचकारी व गुब्बारे भी दिए। प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था द्वारा जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध करवाई जा रही है, साथ ही स्वच्छता और स्वास्थ्य के बारे



सिवाना अकादमी में कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस शिवानी मेहला व अन्य।

में भी जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस मुहिम की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस शिवानी मेहला ने तारीफ की। इस मौके पर राजिंद्र कुमार, अभिलाषा शर्मा द्वारा बच्चों के लिए होली के रंग, पिचकारी और गुब्बारे दिए गए साथ ही सुरिंद्र ठाकुर द्वारा बच्चों को रिफ्रेंशमेंट दी गई।

# चुवाड़ी बस स्टैंड पर गंदगी का आलम


चुवाड़ी बस स्टैंड पर लगा गंदगी का ढेर, इससे लोगों को परेशानी हो रही है।

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

भटियात विस क्षेत्र के चुवाड़ी बस स्टैंड में गंदगी का बोलबाला है। जिसकी वजह से यात्रियों को गंदगी में ही बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। ग्रीष्म ऋतु के आगाज होने से इस गंदगी के आलम से कई गैर संचारी रोग उत्पन्न होने का भय अभी से सताने लगा है। गौर हो कि चुवाड़ी बस अड्डे में जगह -जगह गंदगी फैली हुई है।

बस स्टैंड पर हर जगह प्लास्टिक की खाली बोतलें, कुरकुरे चिप्स के खाली पैकेट बिखरे हुए रहते हैं। वहीं बस अड्डे में निर्मित निकास नालियां भी गाद से भरी पड़ी है। उधर बस अड्डे पर नियुक्त सफाई कर्मचारियों से बात की तो उन्होंने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि हम सफाई करते हैं।

जबकि पिछले कई दिनों से बस अड्डे में सफाई न के बराबर है। इस बारे में बस अड्डा चुवाड़ी प्रभारी जितेंद्र राणा का कहना कि निगम ने सफाई के तहत मासिक तौर पर 300 रुपए शुल्क निर्वाह कर रहे है, लेकिन सफाई कर्मियों द्वारा मनमर्जी से सफाई की जा रही है। जिसके तहत कई बार सफाई ठेकेदार व नगर पालिका चुवाड़ी को इसके तहत शिकायत दी है, लेकिन उसका कोई असर होता नजर नहीं आ रहा है। (अनंत ज्ञान)

# थल्ली में रैली के माध्यम से बताया पोषण का महत्व




**अनंत ज्ञान, भरमौर**

राजकीय प्राथमिक विद्यालय थल्ली सियुका में शनिवार को पोषण पखवाड़ा मनाया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी के आदेशानुसार सभी शिक्षण संस्थानों में नौ से 23 मार्च तक पोषण पखवाड़ा माह मनाया जाना था। इसी कड़ी में शनिवार को विद्यालय के अध्यापक नेक राज ने पोषण पखवाड़े का महत्व बताया। इस दौरान रैली निकाल कर गांव के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों ने नारे लगाकर लोगों को बताया कि हम किस प्रकार से कुपोषण को दूर भगा सकते हैं। आज भारत में बहुत से बच्चे कुपोषित हैं। इसका एक मुख्य कारण जागरूकता की कमी भी है। इसलिए पूरे भारत में पोषण पखवाड़ा माह मनाया जाता है ताकि लोग जागरूक हो सकें।

उन्होंने लोगों को बताया कि हमें ज्यादा से ज्यादा मोटे अनाज का सेवन करना चाहिए और जंक फूड से परहेज करना चाहिए। इस अवसर पर आशा वर्कर रीना देवी व थल्ली की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इंद्रा देवी का भी पूर्ण सहयोग रहा।

## गोद भराई के साथ पोषण पखवाड़ा संपन्न

**चंबा।** पोषण पखवाड़ा का समापन जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार की अध्यक्षता में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई के साथ हुआ। उन्होंने महिलाओं को जीवन में संतुलित आहार के प्रयोग की जानकारी दी। जीवन के प्रथम सुनहरे 1000 हजार दिनों के महत्व की आयुष विभाग से डॉ. वंदना ठाकुर ने जानकारी दी। इस दौरान जिला समन्वयक पोषण अभियान से विकास शर्मा ने उपस्थित स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को पोषण के पांच सूत्र पर प्रकाश डाला गया। स्वास्थ्य विभाग से डॉ. अनुराधा महाजन ने व्यक्तिगत स्वच्छता और एनीमिया के के बारे में जानकारी दी। बाल संरक्षण इकाई से माला शर्मा ने बच्चों के अधिकारों पर महिलाओं को जानकारी दी। पोषण पखवाड़ा में नौ से 23 मार्च तक अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ओर से गृह भ्रमण के दौरान स्तनपान के महत्व. पोषण शपथ,व्यंजनों की प्रदर्शनी से लोगों को जागरूक किया।

# बीच रास्ते में हांफी एचआरटीसी की बस, यात्री हुए परेशान



**अनंत ज्ञान, तीसा**

हिमाचल पथ परिवहन निगम चंबा डिपो का हाल बेहाल दिख रहा है। जिला चंबा का कोई ऐसा क्षेत्र शेष नहीं बचा है जहां एचआरटीसी की बस हांफी न हो और यात्रियों को परेशानी के दौर से न गुजरना पड़ा हो। ऐसा ही वाक्या चुराह विस क्षेत्र के लढ़ान क्षेत्र में देखने को मिला। जहां शनिवार को लढान से सुबह सात बजे चंबा के लिए एचआरटीसी की बस निकल पड़ी परंतु पांच किलोमीटर आने के बाद बस जैसे की केंथली जीरो प्वाइंट पर पहुंची तो बीच रास्ते में ही रुक गई। ड्राइवर के लाख कोशिश करने के बावजूद बस नहीं हिली और बीच रास्ते में ही थम गई। इस वजह से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।स्थानीय लोगों में रामदास, राजकुमार, अमर सिंह, तेज सिंह, चंद लाल, निर्मला देवी, हुसैन खान, जावेद, भोटी देवी का कहना है की इस रूट की बस आए दिन कहीं न कहीं खराब होती रहती है।

इन्होंने आरएम चंबा से इस रूट पर अच्छी स्थिति वाली बस चलाने की मांग की है। उधर आरएम चंबा शुगल कुमार का कहना है कि बस के बीच रास्ते में खराब होने की सूचना मिली है। जिसके तहत इस रूट पर अन्य बस सेवा भेज दी है। जबकि रूट पर गई बस में पड़ी तकनीकी खराबी को दूर करने के लिए स्टाफ भी भेज दिया है।

### सूडोकु 0012 (***** कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0011 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

24 मार्च, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि :** चतुर्दशी : **नक्षत्र :** पूर्वा फाल्गुनी(07:34), **पक्ष :** शुक्ल, योग गण्ड (08:33) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:03-12:52), राहुकाल (05:03 -06:34)।

### विशेष दिन

- 24 मार्च 2024 को होलिका दहन।
- 25 मार्च 2024 को धुलेंडी व चैतन्य महाप्रभु जयंती।

**मेष :** आप की आदतों के कारण आपने अपनों से दूरियां बना ली। समय रहते अपने स्वभाव और व्यवहार को बदले तो अच्छा होगा।

**वृषभः** पारिवारिक लोगों से संबंध मधुर होंगे। कार्यस्थल पर किसी से आकर्षित होंगे। भाग्योदय संभव है। निश्चय ही सफल होंगे।

**मिथुनः** नए व्यापार की शुरुआत अनुकूल होगी। कान संबंधित पीड़ा हो सकती है। अनावश्यक विवादों में न बोलें, नुकसान हो सकता है।

**कर्क :** आर्थिक मामले सुलझने की उम्मीद है। जिन लोगों की आपने मदद की थी वही आप का विरोध करेंगे। सुख सुविधा पर खर्च संभव है।

**सिंह :** वैचारिक मतभेद दूर होंगे। किसी को अपने मन की बात बताने का मौका मिलेगा । कारोबार में नए सौदे लाभप्रद रहेंगे।

**कन्या :** बीती बातों को भुला कर अपने रिश्तों की नई शुरुआत करें। आपकी उन्नति से विरोधी कोतकलीफ हो सकती है।

**तुला :** सामाजिक वर्चस्व में वृद्धि होगी। मन में किसी बात को लेकर दुविधा है। आप तनाव महसूस कर रहे हैं। उधार दिया पैसा आने में संदेह है।

**वृश्चिकः** कार्यस्थल पर सहकर्मी आपकी सफलता से ईर्ष्या करेंगे। कार्यों में हो रही देरी से चिंतित होंगे। कारोबार में नई तकनीक का प्रयोग लाभ देगा।

**धनु :** धार्मिक माहौल में समय व्यतीत होगा। धनार्जन के नए स्रोत स्थापित होंगे। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। मांगलिक आयोजनों की रूपरेखा बनेगी।

**मकरः** रुके कार्य और योजनाओं को क्रियाशील करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। बीमारी के कारण तनाव पैदा होगा पर घबराएं नहीं।

**कुंभ :** नई योजनाओं में पूंजी निवेश सोच-समझ कर करें। पुराने विवाद से युक्त जमीन जायदाद के मसले लंबित होंगे। शत्रु परास्त होंगे।

**मीन :** नया काम शुरू करने से पहले अनुभवियों और बड़ों से मार्गदर्शन या सलाह लें। पूंजी निवेश करने में सतर्क रहें। अध्ययन के लिए कर्ज लेना पड़ सकता है।

**कार्यक्रम** | चंबा कॉलेज के वार्षिक समारोह के दौरान मुख्यातिथि डीसी मुकेश ने दी सलाह

# सफलता के लिए कड़ी मेहनत करें विद्यार्थी

- विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे होनहार नवाजे
- छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर बांधा समां

**आरके रांगड़ा, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चंबा में शनिवार को 66वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह भाग 2 का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने साल भर में शैक्षणिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। मुख्यातिथि ने कहा कि कॉलेज के यह जो 3 साल है यह आपके जीवन के सबसे महत्वपूर्ण है। इसी में आपके जीवन की अगली रूपरेखा तय होती है। यदि इस समय का सदुपयोग किया जाए तो आप किसी भी लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं। अपने जीवन को सफल बनाने के लिए आपको पूर्ण लगन से कार्य करना। आज सफल होने के लिए बहुत सारे क्षेत्र हैं



चंबा कॉलेज में वार्षिक समारोह के दौरान एक छात्रा को सम्मानित करते मुख्यातिथि उपायुक्त मुकेश रेपसवाल।

जिसमें छात्र अपना भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आपको एक योजना बनानी चाहिए और उसे पर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया और मोबाइल क्रांति से नई पीढ़ी अपने मार्ग से भटक रही है हमें इस सोशल मीडिया का इस्तेमाल बड़ी सोच समझकर करना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर समस्त कॉलेज छात्रों को अपना वोटर कार्ड बनाने के लिए कहा और आगामी चुनाव में अपने वोट का इस्तेमाल करने का आग्रह किया। इससे पूर्व महाविद्यालय प्राचार्य विद्यासागर शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में पहली बार लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से विशिष्ट अतिथि मेजर एससी नैय्यर को सम्मानित किया। इस मौके पर छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी अरविंद चौहान, सेवानिवृत्त प्राचार्य विपिन राठौर, सेवानिवृत्त प्रोफेसर वाईएस मरवाह, सेवानिवृत्त डॉ लेखराज, प्रोफेसर रघुवीर, डॉ. उपेंद्र गुप्ता,प्रोफेसर सोहन खान, पीटीए अध्यक्ष जसवंत सिंह, तकनीकी सलाहकार भास्कर सहगल ओएसडी उमाकांत उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# आनी की बेटी जसवीता डोगरा ने सेना में हासिल किया मुकाम

**अनंत ज्ञान, आनी**

जिला कुल्लू के आनी खंड की बखनाओं पंचायत के पनखड़ गांव की होनहार बेटी जसवीता डोगरा ने सेना में चयनित होकर मुकाम हासिल किया है। भारतीय सीमा सुरक्षा बल में नियुक्त होने और प्रशिक्षण केंद्र में बाह्य गतिविधियों में प्रथम आने पर नव वधू का गांव वालों ने ढोल नगाड़ों से भव्य किया स्वागत। जसवीता डोगरा ने सेना में भर्ती होकर यह उदाहरण पेश किया कि भारतीय नारी किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं है।


जसवीता डोगरा।

जसवीता डोगरा पुत्री स्वर्गीय भागचंद ने भारतीय सीमा सुरक्षा बल में चयनित होकर और प्रशिक्षण केंद्र में 26 राज्यों के प्रतिभागियों के लिए आयोजित बाह्य गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ पद पाकर एक नया मुकाम हासिल किया है। आनी क्षेत्र सहित पूरे हिमाचल के लिए गौरव की बात है। बताते चलें कि जसवीता डोगरा आनी खंड की बखनाओं पंचायत के गांव पनखड़ की स्थायी निवासी है। उनके पिता स्वर्गीय भागचंद भी भारतीय सीमा सुरक्षा बल में एएसआई के पद पर कार्यरत थे। उनकी मृत्यु के बाद बच्चों की परवरिश इनकी माता मीरा देवी ने की और उनकी मेहनत के परिणामस्वरूप बेटी जसवीता डोगरा पिता के आदर्शों से प्रेरित होकर सेना में भर्ती हुई है और इस मुकाम पर पहुंची है।

इनका विवाह गांव तेबन तहसील करसोग जिला मंडी में श्रीकांत के साथ हुआ है। गांव के समस्त गांववासियों और महिला मंडल की सदस्यों ने आज इनका गांव पहुंचने पर ढोल व नगाड़ों से भव्य स्वागत किया। बेटी व बहु की इस उपलब्धि से मां व परिजन खुशी से फूले नहीं समा रहे।

# बिना हेल्मेट के बाइक सवारी जान पर पड़ सकती है भारी

## मोटरसाइकिल पर बिना हेल्मेट सफर कर कानून की धज्जियां उड़ा रहे पर्यटक

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

मैदानी क्षेत्रों में गर्मियों के चलते लोग ठंड की तलाश में मनाली का रुख कर रहे हैं। इन लोगों में बहुत से लोग मोटर साइकिल पर कुल्लू-मनाली का रुख कर रहे हैं। मोटरसाइकिल पर मनाली आने वाले अधिकतर पर्यटक पंजाब के होते हैं।

अधिकतर पर्यटक मोटर साइकिल को बहुत तेज और बिना हेल्मेट के ही चलाते हैं साथ ही इनके मोटर साइकिल की आवाज भी बहुत तेज होती है। सप्ताह के अंतिम दिनों में काफी अधिक पर्यटक मनाली आते हैं। पतलीकूहल फ्लाईओवर और मत्स्य फार्म के पास बने बाइपास के पास तेज गति के चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यह पर्यटक 5 से 6 मोटरसाइकिल की टोली बना कर चलते हैं, यदि कोई इन्हे तेज गति से चलने के लिए टोकता भी है तो ये सभी उनसे ही उलझ जाते हैं। खेद का विषय है कि ये लोग बिना रोक टोक बिना हेल्मेट के सफर करते हैं और इनके चालान भी नाममात्र के ही किए जाते। स्थानीय लोगों भूपेंद्र, नकुल, प्रियांशु,


बाइक पर ट्रिपलिंग करते बाहरी क्षेत्रों से आ रहे पर्यटक।

शम्मी, चमन, राहुल, ईशान ने कहा कि हुडदंग मचाने वाले और ट्रैफिक नियमों को दरकिनार करने वाले लोगों पर पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए।

इन्होंने मांग की कि कुल्लू से मनाली के बीच पुलिस द्वारा नाका लगाकर इन्हें कानून की धज्जियां उड़ाने से रोका जाना चाहिए। शनिवार को भी सड़कों पर इन्हें बिना हेलमेंट के तीन - तीन सवारियों के साथ सफर करते हुए देखा गया। स्थानीय लोगों का मानना है कि पुलिस स्थानीय और पर्यटकों के लिए अलग अलग मापदंड अपना रही है, क्योंकि जब स्थानीय लोग कभी गलती से मात्र 1 किलोमीटर से भी कम का सफर बिना हेल्मेट के करते हैं तो पुलिस भारी भरकम रकम का चालान करती है, लेकिन पर्यटक आजकल खुलेआम रोज ही कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं तो पुलिस नाम मात्र के ही चालान करती है।

कई पर्यटक तो मोटर साइकिल पर ट्रिपलिंग भी करते हैं। आखिर कानून की धज्जियां उड़ाने वालो के हौंसले इतने बुलंद क्यों है? मनाली जैसे विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल में जहां पुलिस का कड़ा पहरा रहता है और कुल्लू मुख्यालय को पार कर आखिर ये लोग कानून को अपने हाथ में लेकर कैसे घूमते हैं।

इसको लेकर पतलीकूहल थाना प्रभारी राजीव लखनपाल का कहना है कि पुलिस नियमों को तोड़ने वालों के लगातार चालान करती फिर चाहे वे स्थानीय हो या पर्यटक हों। पर्यटक सीजन के चलते नियमों की अवेहलना करने वालों पर पुलिस पैनी नजर रखेगा ।

# अधिकारियों ने राजभाषा के कार्यों का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, सैंज**

केंद्र सरकार के नई दिल्ली स्थित ऊर्जा मंत्रालय में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों ने शनिवार को एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ का एक दिवसीय दौरा किया। विद्युत मंत्रालय के इन अधिकारियों ने क्षेत्रीय कार्यालय में राजभाषा हिंदी के कार्यों का गहन निरीक्षण किया। क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह भी इस मौके पर उपस्थित रहे। ऊर्जा क्षेत्र की नवरत्न कंपनी एनएचपीसी के वार्षिक राजभाषा निरीक्षण के लिए

विद्युत मंत्रालय में उच्च पदों पर आसीन सुशील कुमार, सहायक निदेशक राजभाषा तथा उनके दो सहयोगी अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया था। एनएचपीसी के क्षेत्रीय कार्यालय में तैनात प्रशासनिक अधिकारी डॉली सिंह ने बताया कि उक्त अधिकारियों ने राजभाषा हिंदी में हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया तथा एनएचपीसी द्वारा राजभाषा को प्रोत्साहन देने एवं संतोष जनक कार्य हेतु भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के इन अधिकारियों ने खूब सराहना की।

इस अवसर पर रूबी रैना, महाप्रबंधक (विधि), संजय वर्मा, महाप्रबंधक (वित्त), तथा कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय कार्यालय में निरीक्षण करने आए अधिकारियों ने एनएचपीसी लिमिटेड तथा इसके अधीनस्थ परियोजनाओं, पावर स्टेशनों व कार्यालयों में उत्कृष्ट हिंदी कार्यान्वयन की भूरी भूरी प्रशंसा की।

यहां उल्लेखनीय यह भी है कि एनएचपीसी प्रबंधन द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के अलावा पार्वती प्रोजेक्ट चरण दो, डूगर हाइड्रो परियोजना, पार्वती पावर स्टेशन बिहाली, धौलीगंगा पावर प्रोजेक्ट तथा टनकपुर पावर स्टेशन के हिंदी कार्यों की मॉनिटरिंग हर वर्ष की जाती है, जबकि देश के तमाम पावर प्रोजेक्ट्स में एनएचपीसी द्वारा राजभाषा को लेकर हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है।

# रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को दिया मतदान का संदेश

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कुल्लू में रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान का संदेश दिया गया। शनिवार को लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर मतदाता जागरूकता स्वीप सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता अभियान के अंतर्गत ढालपुर के बास्केटबॉल मैदान में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए %होली के रंग, मतदाता के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शामिल हो कर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का आयोजन बाल विकास परियोजना, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, नेहरू युवा केंद्र आदि विभागों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से रंगोली प्रतियोगिता,


विजेताओं को सम्मानित करते हुए डीसी कुल्लू।

हस्ताक्षर अभियान, मतदाता सेल्फी पॉइंट इत्यादि गतिविधियों का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा की एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष मतदान निर्वाचन एक अनिवार्य शर्त है जिसके लिए हम सभी को बिना किसी धन, बल के प्रभाव में से मुक्त होकर मतदान करना आवश्यक है। उन्होंने पोषण पखवाड़े के समापन समारोह की भी अध्यक्षता की। डीसी कुल्लू ने स्वीप व पोषण पखवाड़ा पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। डीसी कुल्लू ने स्कूलों के बच्चों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों व रंगोली का अवलोकन किया।

# कुल्लू-केलांग रूट पर बस ट्रायल सफल, सेवा आज से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

आखिर 54 दिनों के बाद कुल्लू से लाहुल घाटी के लिए बस सेवा फिर से शुरू हो जाएगी। 30 जनवरी से बर्फबारी के कारण बंद हुए इस रूट पर शनिवार को निगम की बस सेवा का ट्रायल किया गया जोकि सफल रहा है, जिसके चलते अब रविवार से इस रूट पर अब बस दौड़ेगी।

गौर रहे कि हिमाचल पथ परिवहन निगम के केलांग क्षेत्र द्वारा वर्ष 2019 में रोहतांग अटल टनल निर्माण के उपरान्त पहली बार मार्च माह में जनजातीय क्षेत्र लाहौल स्पीति के मुख्यालय केलांग के लिए बस सेवा की शुरुआत शनिवार को ट्रायल के बाद रविवार से कर दी जाएगी। इस मार्ग पर पहले भी लगातार दो दिन से ट्रायल किया गया था जो सफल नहीं रहा।

वहीं शनिवार के ट्रायल के दौरान हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस सेवा कुल्लू से प्रातः 7:15 बजे प्रस्थान होकर दोपहर 12:00 बजे केलांग पहुंची है। सनद रहे कि जनजातीय क्षेत्र लाहौल स्पीति मुख्यालय में सर्दियों में बर्फबारी के दौरान हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस सेवाओं का पुनः संचालन अभी तक मई, माह से पहले कभी भी नहीं हुआ तथा



कुल्लू केलांग रूट पर बस ट्रायल के लिए निकली बस का ट्रायल सफल होने पर खुशी जाहिर करते हुए।

इस बार मार्च माह में ही बस सेवाओं का पुनः संचालन किये जाने से जनजातीय क्षेत्र लाहौल स्पीति आने जाने वाले लोगों को काफी सुविधा होगी। ऐसे लोग छोटे वाहनों व पैदल सफर तय करके ही कुल्लू-मनाली तक पहुंचते थे। अभी परिवहन निगम केलांग क्षेत्र द्वारा प्रातः 7:15 बजे की बस सेवा का संचालन शुरू किया है तथा आगे मौसम साफ रहने की स्थिति में इसके अतिरिक्त आवश्यकता अनुसार बाकी की निर्धारित बस सेवाओं का भी संचालन क्रमबद्ध तरीके से किया जायेगा।

आरएम लाहौल-स्पीति राधा देवी ने बताया कि लाहौल-स्पीति से कुल्लू का सड़क संपर्क पिछले 30 जनवरी से नहीं हो पाया है। वहीं, अब मौसम अनुकूल होने पर निगम बस संचालन को लेकर तैयार है जिसके चलते 54 दिन बाद शनिवार को कुल्लू-केलांग के बीच 37 सीटर बस का ट्रायल किया गया। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ कई फुट ऊंची बर्फ की दीवारों के बीच से एचआरटीसी बस आगे बढ़ी और अपने गंतव्य तक पहुंची। अब रविवार से बस सेवा शुरू कर दी जाएगी।

**कुल्लू** से केलंग बस के सफलता पूर्वक ट्रायल हो जाने के बाद लाहौल घाटी के लिए रविवार से निम्न समय के अनुसार बस सेवा चलाई जाएगी, जिसकी समयसारिणी इस तरह है।

**कुल्लू-मनाली से केलांग की तरफ जाने वाली**

- कुल्लू से केलांग प्रातः 07.18 बजे
- मनाली से केलांग दोपहर 13.30 बजे

**केलंग से कुल्लू-मनाली की तरफ आने वाली**

- केलांग से मनाली प्रातः 10.00 बज
- केलांग से कुल्लू दोपहर 13.30 बजे

# न्यायिक अधोसंरचना का विकास अति आवश्यक : रामचंद्र

## न्यायायिक न्यायालय परिसर कुल्लू के विस्तार का मुख्य न्यायाधीश ने किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम एस रामचंद्र राव ने शनिवार को कुल्लू के ढालपुर स्थित एक करोड़ 58 लाख रुपए से निर्मित न्यायायिक न्यायालय परिसर के विस्तार का उद्घाटन किया।

इस अवसर प्रदेश उच्च न्यायालय की न्यायधीश एवं प्रशासनिक न्यायाधीश सिविल एवं सैशन डिविजन कुल्लू न्यायमूर्ति ज्योत्सना रेवाल दुआ भी उपस्थित थी। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव ने कुल्लू जिला के अधिवक्ताओं बधाई दी। उन्होंने कहा कि आमजन तक न्याय को सुगम बनाने तथा आम जन की पहुंच न्यायपालिका तक आसान करने के लिए न्यायिक अधोसंरचना का विकास अति आवश्यक है ताकि आम जन को न्याय के लिए कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि आज इस नए खंड के बनने से यहां की बार एसोसिएशन के बार रूम का


न्यायायिक न्यायालय परिसर कुल्लू के विस्तार के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यातिथि न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव व अन्य।

विस्तार हुआ है, जिससे वकील समुदाय को सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस विस्तारित खंड का निर्माण एक करोड़ 58 लाख रुपए की लागत से हुआ है। उन्होंने कहा कि न्यायिक अधोसंरचना को आधुनिक रूप से विकसित करने की कड़ी में ऑनलाइन प्रणाली को बेहतर किया जा रहा है। मामलों की इलेक्ट्रॉनिक फाइलिंग, आदेशों की कॉपी प्राप्त करना, जमानत के आदेश त्वरित रूप से कारागार अथॉरिटी तक पहुंचाना जैसे कार्य अधिक शीघ्रता से हो रहे हैं ।

उन्होंने कहा कि भविष्य में आवश्यक एवं त्वरित मामलों में सुदूर जिला न्यायालय के अधिवक्ता अपने मामलों को ऑनलाइन उच्च न्यायालय समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे ऐसी व्यवस्था के लिए कार्य किया जा रहा है। वहीं, न्यायमूर्ति ज्योत्सना रेवाल दुआ ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है की छोटी-सी समय अवधि के भीतर ही इस विस्तारित खंड को का कार्य संपन्न संपन्न हो गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश दविंद्र कुमार ने मुख्य न्यायाधीश व अन्य गणमान्य का स्वागत किया। न्यायालय परिसर में सुविधाओं को सृजित करने के लिए मुख्य न्यायाधीश का आभार प्रकट किया। जिला बार एसोसिएशन कुल्लू के अध्यक्ष तेजा ठाकुर ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर उपायुक्त तोरुल एस रवीश, पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरीश शर्मा, बार एसोसिएशन लाहौल स्पीति के अध्यक्ष राजेश, बार एसो. कुल्लू के पदाधिकारी, सदस्य व अन्य विशिष्ट जन उपस्थित थे।

# राधे-राधे वेटरनरी फार्मसिस्ट संस्थान रिवाड़ी ने मनाई होली

**अनंत ज्ञान, आनी**

शनिवार को राधे-राधे वेटरनरी फार्मसिस्ट प्रशिक्षण संस्थान रिवाड़ी में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया, जिसमें मुख्यातिथि सीएचटी रिटायर्ड शिक्षक सुनंदन शर्मा उपस्थित रहे, जबकि उनके साथ राधे-राधे सोसायटी की प्रधान श्रीमती कृष्णा देवी भी विशेष रूप से मौजूद रहीं।

इस मौके पर डॉ. निशु चौहान ने मुख्यातिथि तथा प्रधान का टोपी-शॉल व बैच पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आगाज मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में होली त्योहार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि होली भारत देश पवित्र पर्व है। जिसे रंगों का त्योहार तथा वसंत का त्योहार के रूप में भी जाना जाता है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इसी तरह बच्चों को भी बुराई से दूर रहना चाहिए। बुरी संगति से बचना चाहिए। नशे जैसी बुराइयों से दूर रहना चाहिए। मुख्यातिथि सुनंदन शर्मा ने कहा कि आपस में समन्वय बनाए रखना ही इस त्योहार का मूल उदेश्य है।

उन्होंने इस कार्य क्रम के सफल आयोजन के लिए अपनी ओर से 5100 रुपए की प्रोत्साहन राशि भेंट की। इस उपलक्ष्य पर संस्थान के प्रशिक्षुओं द्वारा खूब रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और एक दूसरे को होली के रंग लगाकर खुशी को साझा किया। इस मौके


राधे-राधे वेटरनरी फार्मसिस्ट प्रशिक्षण संस्थान रिवाड़ी का स्टाफ और प्रशिक्षु।

पर आयोजित डांस प्रतियोगिता में एकल नृत्य व ग्रुप डांस रखा गया। साथ ही साथ म्यूजिकल चेयर खेल रखा गया और रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता भी रखी गई। इसमें एकल नृत्य में प्रथम हाउस से वासवी ने प्रथम स्थान व द्वितीय हाउस से मनीषा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि ग्रुप डांस में तृतीय हाउस से नेहा कुमारी व नेहा नेगी तथा आकृति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं प्रथम हाउस से पलक, सुनीता, त्रिशला, तान्या ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार म्यूजिकल चेयर में द्वितीय हाउस से आशीष राणा विजयी रहा। होली की इस पावन बेला पर राधे राधे परिवार जिसमे अंचल सैनी, दीपू कश्यप, सरिता, बविता तथा सुरेंद्र शर्मा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ. मुकेश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि इस तरह की गतिविधियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से प्रशिक्षु का चहुंमुखी विकास होता है। समय अनुसार राधे-राधे संस्थान इस तरह की गतिविधियां करवाता रहता है।

उन्होंने प्रशिक्षुओं को भाइचारे तथा जीवन के सही रंगों में रंगने और बुराई से दूर रहने का संदेश दिया तथा सभी प्रतिभागी के अच्छे प्रदर्शन को अपने व्यक्तव्य में सराहा। अंत में आशु ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया व सभी प्रशिक्षुओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि होली के रंगों की तरह हमें अपने भविष्य को सजाना चाहिए और आपस में मिल जुल कर रहना चाहिए।

# अनुराधा राणा को कांग्रेस का प्रत्याशी बनाने की उठी मांग

**अनंत ज्ञान, मनाली**

लाहौल-स्पीति विधानसभा के उप चुनाव के लिए कांग्रेस में टिकट की दावेदारी में शुमार अनुराधा राणा के पक्ष में चंद्राघाटी के साथ लाहौल स्पीति की जनता एकजुट नजर आ रही है। शनिवार को लाहौल के विभिन्न भागों से आए 100 से अधिक लोगों ने कटराईं में एकत्रित होकर विशेष बैठक का आयोजन किया। बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि रवि ठाकुर के निलंबन और बीजेपी में शामिल होने की सूरत में अनुराधा राणा को कांग्रेस की ओर से टिकट मिलना चाहिए। इस मौके पर कई वक्ताओं ने अपने विचार सांझा किए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनजातीय सलाहकार समिति के सदस्य मोहनलाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार को पूर्ण बहुमत के लिए जिताऊ कंडीडेट की जरूरत होगी। ऐसे में निष्ठा पूर्वक जनता का कार्य करनी वाली अनुराधा राणा का समर्थन किया जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रेमचंद कटोच ने कहा कि रवि ठाकुर के निष्कासन के बाद जो स्थिति पैदा हुई है वह शर्मसार है। उन्होंने कहा कि निजी फायदे के चलते उन्होंने बीजेपी का समर्थन किया है। उपचुनाव होने की सूरत में बीजेपी प्रत्याशी को अनुराधा राणा ही टक्कर दे सकती है, इसलिए उन्हें टिकट मिलना चाहिए। वहीं शिक्षा विभाग से सेवा निवृत्त हुए ब्लॉक अधिकारी प्रेमलाल ने कहा कि अनुराधा राणा ने जिला परिषद में रहते हुए आम जनता का काम किया है और गत जुलाई के आपदा के बाद गांव गांव और घर घर जाकर लोगों के दुःख दर्द को समझा है और सरकार और प्रशासन के सामने बात रखी।

उधर, वरिष्ठ नेता एवं किसान सेल के पूर्व अध्यक्ष नवांग बौद्ध ने कहा कि आने वाला समय नौजवानों का है। यूथ को आगे आना चाहिए। वहीं सेवा निवृत्त कैप्टन अमर सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है कि जनता जागे और स्वच्छ और ईमानदार और दूरदर्शी प्रत्याशी को ही चुनकर आगे भेजना चाहिए। युवाओं में सुंदर और अनूपराज ने भी अपने विचार प्रकट किए और युवा शक्ति को आगे लाने की बात कही।

बीडीसी सदस्य अंजू ने कहा कि अब समय आ गया कि पार्टी विशेष छोड़कर व्यक्ति विशेष को ही समर्थन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिजली हो या सड़क हो, या पानी हो या अन्य समस्या अनुराधा ने सबकी सुनकर तुरंत समाधान किया है। बैठक के बाद अगली रणनीति के लिए एक कोर कमेटी का भी गठन किया गया। उधर, रवि ठकुर के भाजपा में जाने के बाद ज़िला कांग्रेस कमेटी लाहुल स्पीति के महासचिव सजंय कटोच ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

**अनूठी परंपरा**

## मिनी तिब्बत स्पीति घाटी में वर्षों पुरानी परंपरा 'सोनचोक' आज भी कायम

# जीते जी निभाई जाती हैं मरने के बाद की रस्में

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

शीत मरुस्थल और मिनी तिब्बत के नाम से मशहूर स्पीति घाटी की भौगोलिक विविधता जितनी परतों में लिपटी हुई है, उससे कहीं अधिक परतों में लिपटी है स्पीति की संस्कृति एवं यहां के रीति-रिवाज, जोकि आज भी कायम हैं। यूं तो हर जगह किसी के देह त्यागने के बाद उक्त व्यक्ति के परिजन मृतक की आत्मा की शांति ओर सद्गति के लिए कई तरह के रस्मों को निभाने के साथ पूजा-पाठ करवाते हैं, जोकि अमूमन हर जगह होता है, मगर स्पीति में 'सोनचोक' नाम की परंपरा में मरने के बाद निभाई जाने वाली रस्मों को जीते जी ही निभाया जाता है।

**बुजुर्गों की सहमति से निभाई जाती है यह परंपरा**

'सोनचोक' पूरे स्पीति में निभाई जाती है और इसे दो तरह से निभाया जाता है। व्यक्ति के जीते जी या फिर व्यक्ति के मरने के बाद।

व्यक्ति के जीते जी जो लोग 'सोनचोक' करवाते हैं वो लोग खुद को बेहद भाग्यशाली मानते हैं और 'सोनचोक' करवाने वाले स्त्री और पुरुष अपनी आंखों से उन सभी पूजा-पाठ और रस्मों को देख कर संतुष्ट होते हैं, जो कि अमूमन मरने के बाद किसी को नसीब नहीं होता। अब तक रंगरिक गांव के थूकतन फौजी, टशी डोलमा, रिनचेन अंगयाल, टशी डोलमा कम्मू, टशी दोरजे, देचेन डोलमा, छेरिंग दवा और सोनम आंगमो ऐसे ग्रामीण हैं जो अपनी सहमति से 'सोनचोक' करवा चुके हैं और 'सोनचोक' करवाने के बाद बेहद खुश हैं और अब ये महिलाएं एवं पुरुष अपना ज्यादातर समय धर्म -कर्म और पूजा-पाठ में गुजार रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**'सोनचोक' करने वाले होते हैं भाग्यशाली**

**रंगरिक** गांव के शरब डार, संजीव और छेरिंग टशी इस 'सोनचोक' परंपरा के बारे में बताते हुए कहते हैं कि स्पीति में जीते जी जो भी लोग इस परंपरा का निर्वहन करते हैं, वो भाग्यशाली होते हैं क्योंकि वो स्वयं उस परंपरा के साक्षी होते हैं, जबकि मरने के बाद इस परंपरा का निर्वहन किस तरह से कैसे होगा ये सवाल अक्सर बहुतों के मन में होता है, इसलिए जो लोग इस परंपरा को अपने जीते जी निभाते हैं वो स्वयं उस परंपरा में शामिल होकर पूजा-पाठ का हिस्सा बनते हैं और साथ जाने अनजाने उनके द्वारा हुए पापकर्म से छुटकारा पाने और सद्गति प्राप्त करने के लिए 7 दिनों तक चलने वाली इस धार्मिक कर्मकांड का हिस्सा बनते हैं।

**जानें कैसे निभाई जाती है यह परंपरा**

**'सोनचोक'**, परंपरा कोई भी व्यक्ति अपनी स्वेच्छा से करवा सकता है और अपने जीते जी इस परंपरा का हिस्सा बन सकता है। 'सोनचोक' 7 दिनों तक चलता है और इस दौरान कम से कम 15 से 20 बौद्ध भिक्षुओं को घर पर बुलवा कर उक्त व्यक्ति के लिए पूजा-पाठ करवाई जाती है और 'सोनचोक' की इस पूरी प्रक्रिया में पूजा-पाठ, दान-दक्षिणा के साथ ही घाटी के विभिन्न बौद्ध मठों के लिए यथासंभव क्षमता अनुसार चढ़ावा चढ़ाया जाता है। इस दौरान गांव के लोगों के लिए रोटी, पूरी, जारा और जौं का दान किया जाता है। इसके साथ ही विभिन्न धार्मिक संस्थाओं को भी क्षमता अनुसार नकद धनराशि भी दी जाती है। 'सोनचोक' करवाने में अपनी क्षमता अनुसार 3-4 लाख से लेकर 7-8 लाख तक का खर्चा किया जाता है।

**'सोनचोक' कर आत्मसम्मान के साथ कमाते हैं पुण्य**

**'सोनचोक'** परंपरा को ज्यादातर स्पीति में बुजुर्गों के द्वारा निभाया जाता है। जीते जी इस परंपरा को निभाने से जहां बुजुर्गों में आत्मसंतुष्टि और आत्मसम्मान की भावना व्याप्त होती है वहीं इस परंपरा को निभा चुके लोग संतुष्ट होते हैं कि उन्होंने अपने जीते जी इस परंपरा को निभाकर पुण्य कमाया है। समाज में अमूमन किसी के मरने के बाद कोई उनके लिए पूजा-पाठ करवाता है या नहीं ये एक सवाल बना रहता है और अच्छे और साफ मन से वो पूजा करवा रहे हैं या नहीं ये भी सवाल बना रहता है। ऐसे में जीते जी 'सोनचोक' करवाने से उन्हें मरने के बाद होने वाली पूजा-पाठ या अन्य रस्मों के बारे चिंता नहीं रहती।

# राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला संपन्न



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर के राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले का शनिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस दौरान मेला कमेटी द्वारा मुख्यातिथि को सम्मानित किया गया। आपको बता दें कि बिलासपुर के राज्य स्तरीय मेला 17 मार्च से 23 मार्च तक आयोजित किया जाता है। वहीं समापन समारोह पर पहुंचे मुख्य अतिथि द्वारा छिंज में विजेता पहलवानों को सम्मानित भी किया गया।

नलवाड़ी मेले में दूर-दूर से व्यापारी पहुंचे हुए हैं और झूले व खानपान इत्यादि के स्टालों पर खूब भीड़ है। इस बार नलवाड़ी मेले में कई राज्यों से पहलवान बिलासपुर पहुंचे हुए थे, प्रशासन के अनुसार बिलासपुर का नलवाड़ी मेला बेशक पशुओं की खरीद फरोख्त को लेकर काफी मशहूर है, लेकिन इस बार मेले में खेलों को भी काफी प्रमोट किया गया है।

मेले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके तहत रंगोली, मेहंदी, लंगड़ी टांग, रस्सा कस्सी, मटका फोड़ व म्युजिकल चेयर आदि प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। इस कार्यक्रम में महिला मंडलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वयं सहायता समूहों की करीब 100 महिलाओं ने भाग लिया।



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को को सम्मानित करते प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी ।



मैदान में छिंज की शुरूआत करवाते हुए राज्यपाल व अन्य।



छिंज मुकाबले के दौरान जोर अजमाइस करते पहलवान।

## न्यूज ब्रीफ

### बृजलाल चौहान राज्य टेक्निकल डायरेक्टर नियुक्त




**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन मार्शल आर्ट की बैठक आयोजन जिला बिलासपुर मुख्यालय में किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन मार्शल आर्ट के सदस्यों सुनंदा सुद, हेमराज ठाकुर, सुशील पुंडीर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विशेष रूप से बिलासपुर में मार्शल आर्ट को ऊंचाइयों तक पहुंचने वाले बृजलाल चौहान ने विशेष रूप से शिरकत की। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी की सर्वसमिति से बृजलाल चौहान को हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन मार्शल आर्ट का राज्य टेक्निकल डायरेक्टर चुना गया। इस मौके सुशील पुंडीर हेमराज ठाकुर एवं अन्य पदाधिकारी व खिलाड़ी मौजूद रहे।

### 133 बोतल अवैध शराब बरामद, केस दर्ज

**घुमारवीं।** पुलिस द्वारा 133 बोतलें अवैध शराब की पकड़ी हैं। इसमें घुमारवीं, सदर, भराड़ी थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सदर पुलिस ने नौ बोतल शराब बरामद की है। वहीं भराड़ी पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई के तहत 24 बोतलें पकड़ी हैं। साथ ही घुमारवीं पुलिस की ओर से लुरहानी के साथ पिछली ओर जंगल में दो ड्रमनुमा जगह परप रखी गई देशी शराब बरामद की। एक ड्रम में 50 बोतलें और दूसर ड्रम में 58 बोतलें देसी मार्का संतरा बरामद की गई। पुलिस द्वारा यहां पर कुल 108 बोतलें बरामद की गई हैं। उधर, डीएसपी मदन धीमान ने बताया कि पुलिस की ओर से तीन जगह पर कार्रवाई की गई है।

### अधिवक्ता परिषद घुमारवीं ने मनाया महिला दिवस

**घुमारवीं।** अधिवक्ता परिषद हिमाचल प्रदेश इकाई घुमारवीं के सौजंय से महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नेहा शर्मा, न्यायिक दंडाधिकारी स्वाति वरवाल, बार संघ घुमारवीं के प्रधान लेख राम नड्डा, अधिवक्ता परिषद की महिला इकाई जिला प्रमुख सर्वमंगला गर्ग ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर अधिवक्ता परिषद की तरफ से चतुर्थ श्रेणी की महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

### कामधेनू हितकारी मंच नम्होल में कार्यक्रम आयोजित

**श्री नयना देवी जी।** विद्युत मंडल बिलासपुर के अंतर्गत कामधेनु हितकारी मंच नम्होल में पब्लिक इंटरेक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्युत बोर्ड के कंसलटेंट अनुराग पराशर ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, विद्युत सुरक्षा, सौर ऊर्जा जैसे मुद्दों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रमाणित विद्युत उपकरणों को ही बाजार से खरीद कर प्रयोग में लाएं। उन्होंने उपभोक्ताओं को बिजली के अनाधिकृत प्रयोग और चोरी पर विभिन्न प्रकार की सजाओं के प्रावधान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सेक्शन 126 के अंतर्गत बिजली के अनाधिकृत प्रयोग पर भारी राशि चुकानी पड़ती है। इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए कामधेनु हितकारी मंच के सचिव जीतराम कौंडल ने बोर्ड का धन्यवाद किया।

### लीडरशिप डेवलपमेंट कार्यक्रम पर दिया प्रशिक्षण



**ऊना।** डाइट ऊना में स्कूल प्रिंसीपल एवं हेडमास्टर्स के लिए आयोजित किए गए पांच दिवसीय स्कूल लीडरशिप डेवलपमेंट कार्यक्रम का समापन हो गया। डाइट प्रधानाचार्य राकेश अरोड़ा द्वारा समापन अवसर पर इस कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित किया। इस ट्रेनिंग से बच्चों में भी लीडरशिप और नेतृत्व करने की भावना जागृत होती होगी। नेतृत्व क्षमता का विकास भी शिक्षा का एक अंग है। इससे बच्चों को आगे जाकर जीवन में यह बहुत लाभ देगी। अध्यापक सुनिश्चित करें कि स्कूल का प्रत्येक बच्चा मंच पर आए और प्रस्तुति देकर छिपी हुई प्रतिभा को निखारे।

### मतदाता जागरूकता पर दिया संदेश



**ऊना।** आईटीआई पूबोवाल में स्वीप कार्यक्रम आयोजित करके वोट के महत्व बारे जागरूक किया गया। इस दौरान बताया कि 1 अप्रैल 2024 को 18 साल की आयु या उससे अधिक का हो रहे किसी युवा ने यदि अभी अपना वोट नहीं बनवाया है तो वह वोट जरूर बनवा ले। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि जिले में विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग विभागों ने माध्यम से स्वीप कार्यक्रम आयोजित करके मतदाता जागरूक संदेश दिए जा रहे हैं।

## प्रशासन कर रहा मेले में मनमानी : संदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मेला शब्द ही मेल से बना है तो मेल में एक-दूसरे का परस्पर सहयोग होना आवश्यक है। बिलासपुर जनपद के गौरवमयी इतिहास में यहां की नलवाड़ी का अपना एक अलग रूतबा है, लेकिन जिस हिसाब से मेले का स्तर निरंतर गिरता जा रहा है उससे प्रतीत होता है कि आने वाले समय में यह सिर्फ औपचारिकता ही बनकर रह जाएगा। क्योंकि नलवाड़ी का मतलब पशुओं से होता है लेकिन शर्म की बात है कि नलवाड़ी मेले के शुभारंभ पर पूजन के लिए बैलों की जोड़ी भी किराया देकर मंगवाई जाती है।

प्रशासनिक हाथों में जब तक यह मेला रहेगा तो स्तर का गर्त में जाना स्वाभाविक है। यह बात हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने कही।

नलवाड़ी मेला कहलूर संस्कृति का द्योतक है और यह मेला प्रशासन ने आचार संहिता की आड़ में अपने अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए अति विशिष्ठ बना कर रख दिया। उन्होंने कहा कि मेला 17 मार्च को शुरू हुआ था और आचार संहिता 16 मार्च को लग गई जिसके कारण मेले में किसी भी राजनीतिक नेता की भूमिका संभव नहीं हो सकी, लेकिन इससे पहले भी जिला प्रशासन ने इस बारे में कोई रायशुमारी नहीं की। मेले की तैयारियां काफी पहले से शुरू हो जाती हैं लेकिन जिला प्रशासन ने मेले को लेकर न तो कोई मेला कमेटी की बैठक बुलाई और न ही किसी राजनीतिक व्यक्ति और किसी विशिष्ठ व्यक्ति या बुद्धिजीवी वर्ग से मेले को लेकर कोई चर्चा की।

बिलासपुर प्रशासन को पड़ोसी जिला मंडी से कुछ सीख लेनी चाहिए जहां पर शत प्रतिशत भागीदारी स्थानीय लोग और जिलावासियों द्वारा निभाई जाती है।

## हैंडबॉल प्रतियोगिता में स्टेट हॉस्टल बिलासपुर विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले में हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला वर्ग में मोरसिंघी क्लब और पुरुष वर्ग में स्टेट हॉस्टल बिलासपुर विजेता बना।

महिला वर्ग का फाइनल मोरसिंघी क्लब और कसोल क्लब के बीच खेला गया। मोरसिंघी क्लब की खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 34-28 से मैच अपने नाम किया। पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला स्टेट हॉस्टल बिलासपुर और गौतम क्लब के बीच खेल गया।

स्टेट हॉस्टल बिलासपुर ने 25.21 से मुकाबला अपने नाम किया। प्रतियोगिता संयोजक हैंडबाल कोच मनोज ठाकुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महिला वर्ग में पांच और पुरुष वर्ग में आठ टीमों ने भाग लिया। दोनों वर्गों में विजेता टीम को ट्रॉफी और 7100 रुपये और उपविजेता को ट्रॉफी और 5100 रुपये इनामी राशि के रूप में प्रदान किए।

इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पूर्व जिला खेल अधिकारी श्याम कौंडल, जिला खेल अधिकारी रविशंकर और अंतरराष्ट्रीय हैंडबाल कोच सचिन चैधरी मौजूद रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को सम्मानित किया।




## विशेष शिविर का हुआ समापन

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला, एन एसएस इकाई-1 द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विवेक शर्मा के संयोजन में आयोजित एनएसएस इकाई-1 के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समापन सत्र में मुख्यातिथि के रूप में प्रो. प्रदीप कुमार अधिष्ठाता अकादमिक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

डॉ. मलकीयत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डॉ. विवेक शर्मा ने एनएसएस शिविर की गतिविधियों को वीडियो के माध्यम से बताया । इस कार्यक्रम में डॉ. हेम राज बंसल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने सीखा ऊर्जा संरक्षण

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं में सूचना प्रबंधन तथा ऊर्जा उपभोक्ता मानकों पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस दौरान राज्य विद्युत बोर्ड के पूर्व अतिरिक्त निर्देशक तथा सलाहकार अनुराग पराशर ने प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को उर्जा संबंधित सूचनाएं देकर जागरूकता पैदा की। अनुराग पराशर ने कहा कि सुबह सात से दस बजे तथा तथा शाम को सात से दस बजे तक न्यायोचित तरीके से बिजली का उपयोग किया जाना चाहिए।



विशेष व्याख्यान के दौरान मौजूद विद्यार्थी व अन्य।

उन्होंने बिजली का बिल कम करने तथा उपभोक्ताओं के बहुत से प्रश्नों के उत्तर भी दिए। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने बिजली बोर्ड के सलाह द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी के लिए धन्यवाद किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय एसडीओ सन्नी कुमार, विशाल जूनियर इंजीनियर, महाविद्यालय सहपाठ्य गतिविधियों के समंवयक डॉ. सुरेश शर्मा, प्रो. सीता राम, बी वॉक, बीसीए, बीसीए के प्राध्यापक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पेयजल व्यवस्था का अधिकारी करें बेहतर प्रबंधन : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि आने वाली गर्मियों से पहले बिलासपुर सदर क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था की पूरी तरह से जांच कर लें ताकि गर्मियों में किसी प्रकार की कोई कमी न हो।

उन्होंने इस बारे में जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि विभिन्न योजनाओं में पेयजल स्तर की जांच करें और जिन लाइनों से पानी व्यर्थ बह रहा है उनकी भी मरम्मत करें ताकि आने वाले गर्मियों में बिलासपुर शहर और सदर चुनाव क्षेत्र में किसी प्रकार से पेयजल की कमी न हो। उन्होंने जिला प्रशासन को यह भी कहा कि आने वाली बरसात से पहले सभी आवश्यक प्रबंध कर के रखें ताकि आने वाले समय में किसी भी प्रकार की आपदा से बचाव हो सके।

उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सदर विस क्षेत्र में निर्माणाधीन विकास कार्यों को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए हैं। जमवाल ने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

## मोरसिंधी में शिव महापुराण कथा शुरू

**अनंत ज्ञान, दधोल**

ग्राम पंचायत मोरसिंधी के शिव महाकालेश्वर मंदिर में शनिवार से शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कलश के साथ शोभायात्रा निकाली गई।

इस दौरान शोभायात्रा मंदिर पहुंची, जहां पर श्री शिव महापुराण ग्रंथ को विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिस्थापित किया गया। कथा में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित मनोहर लाल शर्मा प्रवचन कर रहे हैं।

पहले दिन प्रवचन करते हुए पंडित मनोहर लाल शर्मा ने बताया कि श्री शिव महापुराण कथा को कोई भी व्यक्ति यदि अनजाने में भी श्रवण करता है तो उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दौरान उन्होंने देवराज ब्राह्मण की कथा सुनाई। भगवत कथा 23 मार्च से 31 मार्च तक चलेगी।



कलश यात्रा में भाग लेती महिलाएं।

## घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव में डॉग शो से लोगों का होगा मनोरंजन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राज्य स्तरीय घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव में लोगों के मनोरंजन के लिए डॉग शो का आयोजन पशु चिकित्सालय घुमारवीं में किया जाएगा। विजेता यह डॉग शो ग्रीष्मोत्सव के शुभारंभ पर पांच अप्रैल को होगा। डॉग शो में लेबरा, जर्मन शैफर्ड व पॉमेरियन सहित अन्य सभी नस्लों के कुत्ते लोगों का मनोरंजन करेंगे।

सीर खड्डु के किनारे पांच से नौ अप्रैल तक चलने वाले जिला स्तरीय ग्रीष्मोत्सव में लोगों के मनोरंजन के लिए डॉग शो आयोजित किया जाएगा। डॉग शो में भाग लेने वाले कुत्तों को किट दी जाएगी तथा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव को इस बार राज्यस्तरीय का दर्जा मिला है। वहीं वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी केएल शर्मा ने बताया कि इस बार इससे ज्यादा डॉग आने की उम्मीद है। किसी भी नस्ल के तीन या उससे कम डॉग होंगे तो उनमें मुकाबला नहीं करवाया जाएगा। सीर खड्डु के किनारे पांच से नौ अप्रैल तक सजने वाले ग्रीष्मोत्सव का शुभारंभ बैल पूजन व खूंटा गाड़कर किया जाएगा।

## गोविंद सागर झील होगी विकसित : ओंकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

गोविंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं लाडली फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने हिमाचल प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं गोविंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक ओंकार शर्मा से शिष्टाचार भेंट की।

हिमाचली परंपरा अनुसार गोविंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रधान सराज अख्तर, कोषाध्यक्ष निर्मला राजपूत, हिमाचल रेनबो स्टार क्लब के संस्थापक अध्यक्ष इशान अख्तर, लाडली फाउंडेशन की जिला कार्यकारी अध्यक्ष रेखा बिष्ट ने अतिरिक्त मुख्य सचिव आईएएस ओंकार शर्मा को सम्मानित किया। बैठक में झील को लेकर अपनी बात रखीं।




लाडली फाउंडेशन के पदाधिकारी ओंकार शर्मा के साथ।

वहीं ओंकार शर्मा ने कहा कि मंडी भराड़ी फोरलेन पुल के पास गोविंद सागर झील को विश्व पर्यटन मानचित्र पर उभर कर सामने लाने एवं निखारने के लिए गोविंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन पिछले कई वर्षों से सक्रिय कार्य कर रही है। मंडी भराड़ी फोरलेन पुल गोविंद सागर झील को मिनी स्विट्जरलैंड की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

**श्रद्धा** — श्री आनंदपुर साहिब में चल रहे होला मोहल्ला के दौरान मंदिर में भी बड़ी श्रद्धालुओं की संख्या

## शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में भी होला मोहल्ला मेले की धूम

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

पंजाब के श्री आनंदपुर साहिब में शुरू हुए होला मोहल्ला मेले के दौरान शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में भी काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। मेले के दौरान मंदिर में भी भारी संख्या में भीड़ देखी जा रही है। जिसके चलते मंदिर प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से व्यवस्थाओं को लेकर काफी प्रबंध किए हुए हैं।

जानकारी के अनुसार अभी तक होला मोहल्ला 3 दिन तक आयोजित किया जाएगा। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली से काफी संख्या में सिख श्रद्धालु माता जी के दरबार में नतमस्तक होने के लिए पहुंचते हैं। होला मोहल्ला में लेकर दृष्टिगत पुलिस और प्रशासन ने व्यापक व्यवस्था की है।



माता श्री नयना देवी जी के दर्शन के लिए लाइन में खड़े श्रद्धालु।

### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ट्रैफिक व्यवस्था में किया सुधार : डीएसपी विक्रांत

**डीएसपी** विक्रांत ने बताया कि श्री नयना देवी जी और पंजाब के साथ लगे क्षेत्रों में पुलिस की जवानों की तैनाती की गई है। श्रद्धालुओं को किसी भी तरह से कोई दिक्कत न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन दिन रात कार्यरत है। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान पुलिस बल और होमगार्ड के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा हेतू ट्रैफिक व्यवस्था में भी सुधार किया गया है।

ताकि ट्रैफिक जाम की स्थिति पैदा न हो, और श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए आसानी से पहुंच सके। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर और अन्य स्थानों पर पुलिस हेल्पलाइन के नंबर भी प्रकाशित किए गए हैं। उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं से भी आग्रह है कि मंदिर में दर्शन के दौरान मंदिर प्रशासन और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

## महिलाओं उत्पीड़न के खिलाफ हो कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

किन्नौरा जनजातीय संगठन एवं जनजातीय सामाजिक कार्यकर्तागण ने संदेशखाली (पश्चिम बंगाल) में अनुसूचित जाति/जनजाति की महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न पर कार्रवाई कर दोषियों तथा दोषियों को संरक्षण प्रदान करने वालों के विरुद्ध एट्रोसिटी एक्ट के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

संगठन का एक प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा कि संदेशखाली (पश्चिम बंगाल) में अनुसूचित जाति/जनजातिय महिलाओं एवं बालिकाएं भी शामिल हैं जो वर्षों से अविराम अत्याचार एव अमानवीय व्यवहार तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उनके गुंडों द्वारा किया जा रहा है। महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा स्थिति कितनी भयानक है कि कई दिनों से हो रहे अत्याचारों की घटनाओं के बाद भी पुलिस ने कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है।



डॉ. अमित कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपते किन्नौरा जनजातीय संगठन के सदस्य।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक, धार्मिक, आर्थिक मुद्दों में महिलाओं एवं बच्चों एवं बालिकाओं को निशाना बनाना अत्यंत अमानवीय, अपमानजनक एवं पीड़ादायक है। किन्नौरा जनजतीय संगठन एवं जनजातीय सामाजिक कार्यकर्तागण ने मांग किया कि राज्य शासन को सख्ती के साथ तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उनके गुंडों के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की विभिन्न धाराओं के साथ अनुसूचित जाति व जनजाति संरक्षण अधिनियम के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रीन हिल्स कॉलेज में जमकर उड़ा गुलाल



ग्रीन हिल्स इंजीनियरिंग कॉलेज में होली के रंगों में रंगे छात्र नाटी डालते हुए।

**सोलन** । रंगों के त्योहार होली को ग्रीन हिल्स इंजीनियरिंग कॉलेज गांधीग्राम में धूमधाम से मनाया गया। सिविल इंजीनियरिंग विभाग की तरह से होली पर आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने जमकर गुलाल उड़ाया। इस दौरान छात्रों ने नॉटी और भागड़ा डालकर खूब मस्ती की। छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों और स्टाफ के सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल के तिलक लगाए और होली की शुभकामनाएं दीं। सिविल इंजीनियरिंग विभाग एचओडी प्रो. दिनेश कश्यप ने सभी को होली की बधाई दी। उन्होंने कहा कि होली पूर्व से आपसी सद्भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य रंग भरे होली के त्योहार को उत्साहपूर्वक मनाना था। कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया गया कि होली पर नुकसान पहुंचाने वाले रंगों का प्रयोग न किया जाए, ताकि किसी का चेहरा भी खराब न हो।

### शहीदी दिवस पर 'आप' ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



सोलन में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद 'आप' के नेता।

**सोलन।** आम आदमी पार्टी सोलन ने अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस के उपलक्ष पर लक्कड़ बाजार सोलन में स्थित शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के समक्ष सभी शहीदों को याद करते हुए मालार्पण किया गया। इस अवसर पर जतीन मुसाफिर, मोहन लाल, राजीव कुमार नेगी, सुशील पंवर, दीवान ठाकुर, प्रवीन शर्मा, प्रदीप एंग्रैवर, अनुराधा, सुनीता राणा, गुडू पंडित, प्रताप, कश्मीर सिंह, रणबीर मंधोत्रा, राजिंद्र, अखिलेश शर्मा, संदीप चौहान, हीरा नंद व अन्य उपस्थित रहे।

### प्रतियोगिताओं के विजेता किए सम्मानित



प्राथमिक स्कूल पावर हाउस में आयोजित निपुण मेले में हिस्सा लेते बच्चे।

**सोलन।** राजकीय प्राथमिक स्कूल पावर हाउस कॉलोनी सपरून सोलन में निपुण मेले का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसएमसी प्रधान ज्योति ने शिरकत की। मेले में छात्रों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के मॉडल्स प्रदर्शित किए गए। इस अवसर पर छात्रों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। अभिभावकों के लिए भी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्री प्राइमरी कक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर वितरित किए गए। स्कूल की इंचार्ज तनुजा गुप्ता ने प्री प्राइमरी कक्षा की उपलब्धियां के बारे में विस्तार से अभिभावकों को इस मेले में जानकारी दी गई।

### शहीदों की याद में लगाया रक्तदान शिविर

**सोलन।** भारत की जनवादी नौजवान सभा, स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति और अखिल भारतीय अधिवक्ता यूनियन के द्वारा साझा तौर पर पुराना जिलाधीश कार्यालय सोलन के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया गया। इस रक्तदान शिविर का आयोजन 23 मार्च, 1931 को देश की आजादी के लिए अपनी जान कुर्बान करने वाले शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की याद में उनके शहीदी दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित करवाया गया। इस रक्तदान शिविर के माध्यम से नौजवानों से यह अपील की गई कि वे इन अमर शहीदों के सपनों का भारत बनाने के लिए आगे आएं व नशा व धार्मिक हिंसा जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर होकर देश में मानवता व सांप्रदायिकता को बढ़ाने के लिए एकजुटता दिखाते हुए एक बेहतर देश व समाज बनाने में अपना योगदान दें। इस रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व रक्तदान किया। इस मौके पर लगभग 50 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया।




भारत की जनवादी नौजवान सभा, स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

# प्रॉपर्टी टैक्स से 21 करोड़ कमाएगा नगर निगम सोलन

## अगस्त 2023 से देय है संपत्ति कर, 31 मार्च को पूरा होगा भवनों की मैपिंग का कार्य

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर में प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारित करने के लिए भवनों की मैपिंग का कार्य पूरा अब 31 मार्च को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस कार्य का जिम्मा प्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त एजीसेक कंपनी को सौंपा था, पर यह तय समय पर पूरा नहीं हुआ। अब लोगों को एक साथ करीब 18 महीने का टैक्स जमा करना पड़ेगा।

हालांकि संशोधित प्रॉपर्टी टैक्स के निर्धारण से निगम को करीब 21 करोड़ रुपए की आमदनी का अनुमान है। कंपनी ने शहर के अधिकतर भवनों का बेसलाइन डाटा तैयार किया है, जिससे प्रॉपर्टी टैक्स को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

**भवन मालिकों को जारी होंगे बिल :** शहर के करीब 12 हजार



नगर निगम सोलन का कार्यालय। (फाइल फोटो)

घरेलू व व्यावसायिक भवनों की मैपिंग के बाद भवन मालिकों को प्रॉपर्टी टैक्स के बिल जारी होंगे। यह बिल वित्तीय वर्ष 2023-24 होंगे, जो अब प्रॉपर्टी टैक्स की नई दर के मुताबिक बिल जारी होंगे।

निगम ने पहले वार्डवाइज टैक्स का बिल जारी करने का निर्णय लिया था, पर प्रॉपर्टी टैक्स के संशोधन का पेंच फंस गया। इस कारण अभी तक नई दर के हिसाब से प्रॉपर्टी टैक्स जारी नहीं हुए हैं।

दरअसल बेसलाइन सर्वे में फ्लैट्स के लिए निर्धारित 7 फीसदी टैक्स को कमर्शियल कैटेगरी में माना गया, जबकि यह आवासीय कैटेगरी में होना चाहिए था।आवासीय कैटेगरी के मुताबिक यह 6 फीसदी होना चाहिए। अब हाउस ने इसे अपनी संस्तुति प्रदान कर दी है। इस निर्णय से फ्लैट मालिकों को राहत प्रदान मिली है। अब उन्हें पहले से कम टैक्स देना होगा।

### अब नई दर से आएगा बिल

**निगम** पुरानी दर से 4 अगस्त 2023 तक 125 दिन यानी 4 महीने का टैक्स वसूल कर चुकी है। यह व्यवस्था इसलिए की गई है, क्योंकि सरकार ने 4 अगस्त से 2023 से नए प्रॉपर्टी टैक्स को लागू करने की अधिसूचना जारी की थी। निगम के मुताबिक शहर में 30 से 40 फीसदी से अधिक भवन ऐसे हैं, जिसमें एनओसी के बाद निर्माण किया गया है, लेकिन इस का टैक्स जमा नहीं किया जा रहा है। नगर निगम ने प्रस्ताव पारित कर अगस्त 2023 नई दरों केमुताबिक प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारण का निर्णय लिया है। इसके लिए भवनों की ड्रोन तकनीक से मैपिंग की गई है। इसके बाद नक्शे से अधिक या अतिक्रमण कर बने भवनों की मैनुअल मैपिंग के बाद नई दरों से भवनों का प्रोपर्टी टैक्स निर्धारित किया जाएगा।



**सोलन** शहर में नए सिरे से प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारित करने के लिए मैनुअल मैपिंग का कार्य अंतिम चरण में है। फरवरी में निगम का ऑडिट वर्क और बारिश के कारण बचे हुए हिस्सों में भवनों की मैपिंग नहीं हो पाई। अब अप्रैल में भवन मालिकों को प्रॉपर्टी टैक्स के बिल जारी होंगे।

**-उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

### हनुमान मंदिर में चोरी करने का आरोपी सीसीटीवी में कैद

**सोलन।** पुलिस स्टेशन अर्की में विनोज कुमारी पत्नी राजेश्वर सिंह कंवर निवासी गांव सूरजपुर डॉ. पीपलूघाट अर्की द्वारा दिए गए शिकायत पत्र पर मामला दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता के अनुसार वह गांव सूरजपुर की निवासी है और उसने सूरजपुर के समीप हनुमान मंदिर का निर्माण करवाया है।

इसमें गत्त रात एक संदिग्ध व्यक्ति द्वारा चोरी की गई है, जिसकी फुटेज सीसीटीवी कैमरा में कैद है। उनका कहना है कि हनुमान मंदिर से चोर ने नकदी आभूषण (मूर्ती) अन्य पूजन सामग्री एवं प्रसाद के डिब्बे चोरी किए हैं। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि सीसीटीवी फुटेज लेकर उक्त संदिग्ध व्यक्ति की शिनाख्त हेतु त्वरित कार्रवाई करें। डीएसपी संदीप शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### 24 व 27 को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 मार्च, को आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत विद्युत सोलन मंडल के कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत मंडल सोलन के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 24 मार्च को 11 से दोपहर 2.15 बजे तक कायलर, तार फैक्टरी, हीरो होंडा, देहूंघाट, रिज फोरम्यूलेशन, स्टिल रोलिंग मिल, माध्यमिक पाठशाला सपरून, पाईनग्रोव, ऐथिक्स, उदय विहार, गुक्का तथा आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

अधीक्षक अभियंता ने कहा कि 27 मार्च को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक शामती, खुंडीधार, साइंटिस्ट कॉलोनी, डिग्री कॉलेज, डमरोग, क्षाग्री, सूर्य विहार, मेरीडियन तथा आसपास के क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने की स्थिति में अथवा किसी अन्य कारणों के दृष्टिगत निर्धारित तिथि व समय में बदलाव किया जा सकता है।

### सुझाईला में खेतों में पानी देने गए व्यक्ति की करंट से मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

थाना अर्की के तहत खेत में गए व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। इस पर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक नगीन चंद निवासी गांव चम्यावल तहसील अर्की जिला सोलन ने थाना अर्की में शिकायत दर्ज करवाई कि गत 22 मार्च की रात को इसे रमा वर्मा पत्नी वीरेंद्र कुमार वर्मा निवासी चम्यावल का शिमला से फोन आया कि 'इसके पति जो सिंचाई करने सुझाईला गये थे, ने फोन करके बताया कि यहां पर खेतों में करंट की तार लगी हुई है।

इनके खेतों के साथ वाले खेत जीत राम पुत्र अच्छरु राम निवासी सुझाईला के हैं, जिसे पहले ही इस बात का ज्ञान था कि वीरेंद्र कुमार वर्मा आज रात को सिंचाई करने आएगा। रमा ने बताया कि पति से फोन पर बातचीत के दौरान उन्होंने जोर चीखें मारीं और उनकी बातचीत बंद हो गई। इस पर शिकायतकर्ता गांव के करीब 6 आदमी साथ लेकर

#### एक व्यक्ति पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

सुझाईला गया तो देखा कि वीरेंद्र कुमार वर्मा, जीत राम पुत्र अच्छरु राम निवासी सुझाईला के खेत में पानी के बीच मुंह के बल गिरे पड़े थे। खेत में करंट की तारें चारों तरफ लगी थीं। वीरेंद्र कुमार वर्मा की दोनों बाजुओं में करंट के कारण जलने के निशान मौजूद थे, जिसमें साफ तौर पर प्रतीत हो रहा है कि जीत राम ने रात के समय अपने खेतों में बिजली का करंट लगाया था और इसी करंट की चपेट में आने से वीरेंद्र कुमार वर्मा की मृत्यु हो चुकी है।

इस पर थाना अर्की में गैर इरादतन हत्या की धारा 304 आईपीसी के तहत मामला पंजीकृत किया गया है। मृतक वीरेंद्र कुमार वर्मा के शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। सोलन के एसपी सोलन गौरव सिंह ने कहा कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### म्यूजिक एल्बम 'जोगिया' जल्द होगी रिलीज

**अनंत ज्ञान, अर्की**

गौतम एंटरटेनमेंट के बैनर तले शीघ्र ही एक नई म्यूजिक एल्बम का प्री प्रोडक्शन आरंभ होने जा रहा है, जिसके लिए उभरते कलाकार हर्ष जैन को हीरो के रूप में कॉस्ट किया जा रहा है। गौतम एंटरटेनमेंट के चेयरमैन जगत गौतम ने पत्रकार वार्ता में बताया कि गौतम एंटरटेनमेंट अपनी नई फिल्म कंपनी व जेपी ग्रुप ऑफ कंपनीज के साथ मिलकर नए फिल्मी आयाम स्थापित करने जा रही है।

जगत ने बताया कि अभी पिछले दिनों छोटे पर्दे की महारानी के नाम से विख्यात एकता कपूर जिन्हें वह अपने फिल्मी सफर का आदर्श मानते हैं, जो कि शक्तिपीठ ज्वाला जी में आई थी। इस दौरान एकता ने उन्हें मुंबई में मिलने का निमंत्रण भी दिया है। गौतम का कहना था कि 18 वर्ष पूर्व जब बालाजी टेली फिल्म द्वारा कसौटी जिंदगी की सीरियल चल रहा था तो इसी बीच उन्हें भी इस सीरियल में काम करने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि इस सीरियल के



म्यूजिक एल्बम 'जोगिया' की टीम।

#### गौतम एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाई गई है एल्बम

दौरान उन्होंने लगातार 72 घंटे बिना सोये कार्य किया।

गौतम ने बताया कि बालाजी टैलीफिल्मज को अलविदा कहने के बाद आज दस वर्ष बाद उनसे हुई मुलाकात में बहुत कुछ बदल गया है। एकता से प्रेरणा पाकर उन्होंने अपनी फिल्म कंपनी गौतम एंटरटेनमेंट आरंभ की। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी गौतम एंटरटेनमेंट इससे पूर्व 5 से 6 सफल म्युजिक एल्बम बना चुकी है। गौतम ने कहा कि इसके अतिरिक्त तीन से चार सेलिब्रिटीज के जीवन पर फिल्म बनाने का काम चल रहा है। गौतम ने बताया कि उनकी प्रेरणा स्रोत एकता कपूर जैसी महान शख्शियत के साथ मिलकर काम करने का उनका सपना है, जिसे वह आने वाले समय में पूरा करने का भरसक प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि उनका सपना है कि उनकी आदर्श एकता कपूर के साम्राज्य की तरह उनकी फिल्म कंपनी भी बुलंदियों पर पहुंचे व हिमाचल की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने हेतु मंच प्रदान कर सके।

### शूलिनी विवि के छात्रों को जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित



शूलिनी विवि में विश्व जल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते छात्र।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय ने विश्व जल दिवस के अवसर पर एक अंतर-विभागीय पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता की मेजबानी की। स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड फूड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। प्रतियोगिता का उद्देश्य जल संरक्षण और प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाना और बातचीत को प्रोत्साहित करना था।

प्रतिभागियों को तीन प्रमुख विषयों टिकाऊ जल प्रबंधन, मानव स्वास्थ्य पर जल प्रदूषण का प्रभाव, और जल प्रदूषण को संबोधित करने में जवाबदेही पर पोस्टर बनाने थे, जिसके विजेताओं को जल्द इनाम भी दिए जाएंगे।

छात्र कल्याण डीन पूनम नंदा ने कहा कि पानी की बचत के बारे में जागरूकता फैलाने की यह एक बड़ी पहल थी। कार्यक्रम का संचालन स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड फूड टेक्नोलॉजी के संकाय समन्वयक गीतांश और ममता ने किया। कार्यक्रम की मेजबानी में उनके आतिथ्य के लिए लाइब्रेरी टीम के सहयोगात्मक प्रयासों की भी सराहना की गई। इसके अतिरिक्त विपुल और पूजा ने भी कार्यक्रम के निर्बाध आयोजन में योगदान दिया।

### नौणी में बताए जल संरक्षण के उपाय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

पानी के महत्व पर जागरूकता लाने और इसके संरक्षण की दिशा में प्रयासों को बढ़ाने के लिए डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान और जल प्रबंधन विभाग ने विश्वविद्यालय परिसर में विश्व जल दिवस मनाया। इस अवसर पर विभाग द्वारा कई व्याख्यान आयोजित किए गए, जिसमें विभाग के संकाय, कर्मचारियों और 148 छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर मृदा विज्ञान और जल प्रबंधन विभाग के हेड डॉ. एमएल वर्मा ने कहा कि स्थायी जल प्रबंधन, व्यक्तियों और समुदायों के लिए स्वास्थ्य, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, प्राकृतिक खतरों से सुरक्षा, बेहतर जीवन स्तर और रोजगार, आर्थिक विकास और विभिन्न प्रकार की पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं सहित कई लाभ देता है। इन लाभों के माध्यम से ही जल समृद्धि की ओर ले जाता है और इन लाभों के न्यायसंगत बंटवारे से शांति को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा जल संरक्षण के उपाय, सटीक खेती, वर्षा जल संचयन, जीवनशैली में बदलाव, कृषि में पानी जैसे कुछ विषय शामिल रहे। नेटाफिन के उद्योग विशेषज्ञ द्वारा ऑटोमेशन और ड्रिप सिंचाई पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान दिया गया। डॉ. घनश्याम अग्रवाल और विभाग के अन्य वैज्ञानिकों ने भी संरक्षण, कुशल उपयोग और कृषि से संबंधित विभिन्न विषयों पर छात्रों को संबोधित किया।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

### सूचना

**मैं, रमेश चंद** पुत्र स्व. गोविंद सिंह निवासी नजदीक एससीईआरटी रबोन, डाकघर सपरून, तहसील और जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम रमेश नेगी से बदलकर रमेश चंद कर दिया है। सभी संबंधित कृपया ध्यान दें।

**आक्रोश** सैकड़ों कामगारों ने कंपनी व श्रम विभाग के खिलाफ जताया रोष

# एसडीएम कार्यालय के बाहर दिया धरना

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

सीटू के जिला इकाई की नेतृत्व में बद्दी के संडोली के रैकिट बेंकाइजर वर्करों ने नालागढ़ में कंपनी से निकाले गए मजदूरों को लेकर बाजार में विरोध रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने करीब दो घंटे एसडीएम कार्यालय परिसर में धरना दिया और कंपनी संचालकों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर न्याय दिलाने की मांग की गई।

सीटू के जिला अध्यक्ष मोहित वर्मा, सचिव ओमदत्त शर्मा, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य दिलजीत सिंह, कंपनी यूनियन के महासचिव विकास, नीरज के नेतृत्व में नालागढ़ के रेस्ट हाउस में कामगार एकत्रित हुए। वहां से बाजार में निकाले गए कामगारों के विरोध में रैली निकाली। रैली को संबोधित करते हुए सीटू के




शनिवार को एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करते कामगार व अन्य।

जिला महासचिव ओमदत शर्मा ने कहा कि बद्दी के संडोली में एमएनसी ग्रुप रैकिट बेंकाइजर हेल्थकेयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने लगभग एक वर्ष पहले अपने यूनिट को एचएफएल को बेच दिया। इसमें लगभग 500 से अधिक कामगार कार्य कर रहे हैं, जिनकी सेवा शर्तों बारे कोई भी ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। मजदूरों ने जब इस बारे आवाज उठाई, तो प्रबंधकों ने इस आवाज को दबाने बारे दमन व उत्पीड़न का सहारा लिया।

प्रबंधकों ने तमाम श्रम कानूनों की अनदेखी करते हुए लगभग 14 कामगारों की सेवाएं समाप्त करके बाहर उन्हें निकाल दिया। 67 कामगारों का अन्य राज्यों में तबादला, लगभग 130 कामगारों का निलंबन करके कारखाना से बाहर कर दिया गया। अधिकतर कामगारों को पिछले 7-8 माह का मासिक वेतन व निलंबित कामगारों को गुजारा भत्ता तक नहीं दिया जा रहा है। मजदूर पिछले लगभग 193 दिनों से कारखाना गेट के बाहर धरने पर बैठे हैं।

जिला अध्यक्ष मोहित वर्मा ने कहा कि प्रबंधकों ने विभिन्न प्रकार के हथकंडे अपनाकर 200 से ज्यादा मजदूरों को बाहर निकाल कर उनकी जगह ठेकेदार के माध्यम से मजदूरों की भर्ती करके कार्य करवाया जा रहा है। इन ठेकेदारों के पास श्रम विभाग का कोई भी लाइसेंस नहीं है। न ही श्रम कानूनों अनुसार प्रबंधक ठेकेदार के मजदूरों से उत्पादन का कार्य करवा सकते हैं।



# गर्मियों से पहले निगम तैयार, बढ़ाई जाएगी पानी की सप्लाई

**आशिमा वैरागी, शिमला**

नगर निगम शिमला ने लोगों को पानी के संकट से बचाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। शिमला के सभी लीकेज प्वाइंट को ठीक किया जा रहा है और अतिरिक्त जल भंडारण टैंक भी बनाए जा रहे हैं। शिमला में बनाए जाने वाले अतिरिक्त जल भंडारण टैंक से शिमला को अतिरिक्त 15 एमएलडी की जल भंडारण कैपेसिटी मिल पाएगी और पानी की सप्लाई सुचारु रूप से हो पाएगी।

इसके अलावा शिमला के सियोग में भी पानी की कैपेसिटी को भी बढ़ाया जा रहा है। शिमला के लोगों को पानी की सुचारू सप्लाई के लिए नगर निगम हर संभव प्रयास कर रहा है। एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई को भी आने वाले में समय में शुरू किया जा सकता है।

वाटर कैपेसिटी को बढ़ाने के साथ ही नगर निगम शिमला ढली और पीटरहॉफ में अतिरिक्त जल भंडारण टैंक बनाने जा रहा है। इन दोनों टैंकों के बनने से 15 एमएलडी की अतिरिक्त जल भंडारण कैपेसिटी बढ़ पाएगी। ढली में बनने वाला टैंक लगभग तैयार हो चुका है और उसमें अब गिरी नदी के पानी की सप्लाई होनी है। इसके आलावा पिटरहॉफ में बनने वाला टैंक भी बरसात तक तैयार हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)

> नगर निगम शिमला ने गर्मियों की पूरी तैयारी कर ली है। शहर में सारी लीकेज को ठीक कर दिया गया है। पानी के टैंकों में भी पानी को स्टोर किया जा रहा है। इन गर्मियों में लोगों को परेशानी न हो नगर निगम उसके लिए नगर निगम पूरा प्रयास कर रहा है।
>
> **-सुरेंद्र चौहान, महापौर, नगर निगम शिमला।**

## अप्रैल, 2025 में मिलेगा 24 घंटे पानी

**अगले** साल से शिमला में लोगों को 24 घंटे पानी की सप्लाई की जाएगी। करीब एक साल में 100 करोड़ रुपए खर्च हो गए हैं। यह पेयजल परियोजना 330 करोड़ से बनकर तैयार होगी। इसका कार्य 31 मार्च 2025 तक पूरा किया जाना है। 1,813 करोड़ रुपए के विश्व बैंक पेयजल प्रोजेक्ट से अप्रैल 2025 तक पूरे शहर में 24 घंटे पानी मिलने लगेगा। इस प्रोजेक्ट का काम दो चरणों में हो रहा है।

## शिमला में बनेंगे 40 जल भंडारण टैंक

**शिमला** में 40 जल भंडारण टैंक बनाए जाएंगे। पहले चरण में सप्लाई दवाडा के स्टोरेज टैंक में पहुंचेगी, दूसरा डूम्मी और अंतिम चरण में संजौली के टैंक में पहुंचेगी, जिससे पूरे शहर को पानी की सप्लाई सुचारु होगी। संजौली चौक, इंजनघर, सांगटी, शांति विहार और मल्याणा वार्ड के करीब तीन हजार पेयजल उपभोक्ताओं को इसी साल से नियमित पानी देने की तैयारी है।

# सड़क पर वाहन पार्क होने से बच्चे परेशान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**


सड़क पर खड़े वाहनों के कारण परेशान होते स्कूली छात्र।

शिमला में पार्किंग की समस्या से आम जनता को परेशानी हो रही है। शहर में अवैध पार्किंग के कारण लोग सड़क पर चलने को मजबूर हैं। अवैध पार्किंग से जहां जाम की समस्या पैदा होती ही है, वहीं राहगीरों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है।

स्कूली बच्चों के साथ सड़क हादसा होने का खतरा बना रहता है। ऑकलैंड स्कूल के पास रोजाना गाड़ियां सड़क किनारे लगी होती है, यहां पहले ही सिंगल रोड है ऐसे में वाहनों का निकल मुश्किल होता है साथ ही बच्चों को चलने के लिए भी जगह नहीं होती।

## शिकायतों के बावजूद सड़कों से नहीं हटाए जा रहे वाहन

शुक्रवार को ऑकलैंड स्कूल, चैपस्ली स्कूल और डीएवी लक्कड़ बाजार स्कूल द्वारा पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। स्कूल के रास्ते में वर्क चला है, जिससे स्कूली बच्चों को खतरा बना हुआ है। दूसरी तरफ गाड़ियों को सड़क पार्क करने से परेशानी बढ़ती जा रही है। प्रध्यापकों ने निश्चित समय की मांग की है कि उस समय सड़क पर कोई वाहन खड़ा न हो जिससे बच्चों और अभिभावकों को कोई परेशानी न हो।

## न्यूज ब्रीफ

### कुलदीप ने प्रदेशवासियों को दी होली की शुभकामनाएं

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने प्रदेश व देशवासियों को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली भारत का एक अत्यंत प्राचीन पर्व है जो होली, होलिका या होलाका नाम से जाना जाता है। कुलदीप सिंह ने कहा कि देवभूमि हिमाचल मेलों व त्यौहारों का प्रदेश है।

### अंगदान से 8 लोगों का बच सकता है जीवन

**शिमला।** शिमला के रिज मैदान पर सदैव फाउंडेशन व स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) हिमाचल प्रदेश की ओर से अंगदान के प्रति जागरूकता शिविर व रक्तदान शिविर लगाया गया। टीम ने अंगदान के प्रति जागरूक किया और पेंफ्लेट बांटकर अंगदान करने के लिए शपथ पत्र भरने का आग्रह किया। कार्यक्रम में आईईसी मीडिया कंसलटेंट रामेश्वरी और प्रोग्राम असिस्टेंट भारती मौजूद रहे।



### एमसी हाउस में कर्मचारियों के डीए पर लगेगी मुहर

**शिमला।** नगर निगम शिमला की मासिक बैठक में इस बार कर्मचारियों को 4 फीसदी डीए देने को लेकर चर्चा होने वाली है। इस बार हाउस में केवल वित्त संविदा एवं योजना समिति की बैठक में तैयार किए गए प्रस्तावों को पास किया जाएगा। नगर निगम द्वारा शहर में प्रॉपर्टी टैक्स वसूलने को लेकर भी चर्चा की जाएगी। बैठक में डिफॉल्टरों से टैक्स की वसूली करने को लेकर नगर निगम फैसला ले सकता है। इस बार हाउस में पेयजल कंपनी को पानी के बिल जारी न करने को लेकर जवाब देना होगा। नगर निगम हाउस में शहर में चल रहे विकास कार्यों पर चर्चा की जाएगी।

### विशेषज्ञों ने ज्ञानवर्धक शोध पर रखे विचार




**शिमला।** राजधानी शिमला के संजौली में गणित विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल समापन हुआ। ऐड्वेंस इन मेथेमेटिक साइंस, साइन्टिफिक कंप्यूटर एंड इट्स एप्लीकेशन शीर्षक से आयोजित इस कार्यशाला में देश-विदेश के नामी विश्वविद्यालयों से आए विषय विशेषज्ञों ने अपने ज्ञानवर्धक शोधपरक विचार व्यक्त किए। प्राचार्य प्रो. भारती भागड़ा ने इस अंतरराष्ट्रीय समागम के सफल आयोजन पर गर्व की अनुभूति व्यक्त करते हुए कहा कि जहां एक ओर इस कार्यशाला ने उत्कृष्ट महाविद्यालय के विद्यार्थी और शिक्षक समुदाय का भरपूर ज्ञानवर्धन किया, वहीं ऐसे आयोजन आगे भी लगातार करवाने के लिए अधिक प्रेरित भी किया है।

### चौपाल कॉलेज में बताया मतदान का महत्व



**नेरवा, चौपाल।** राजकीय महाविद्यालय चौपाल में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य रविन्द्र चौहान ने स्वीप कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर मतदान और लोकतंत्र विषय पर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें नारा लेखन प्रतियोगिता में बीकॉम तृतीय की छात्र निकिता और रोहित ने जीत हासिल की।

### ऑक्लैंड हाउस स्कूल में करवाईं प्रतियोगिताएं

**शिमला।** ऑक्लैंड हाउस स्कूल फॉर ब्वॉयज में हिन्दी वक्तृत्व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत कुल पांच प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में बिशप कॉटन स्कूल शिमला से वरिष्ठ अध्यापक, विभागाध्यक्ष हिंदी वीएस भारद्वाज, सेंट थॉमस स्कूल शिमला से वरिष्ठ शिक्षिका एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष हर्षा एवं ऑक्लैंड हाउस स्कूल से हिंदी विभागाध्यक्ष शालिनी सुयाल आमंत्रित थीं। विद्यालय सभागार में ऑक्लैंड हाउस स्कूल फॉर ब्वॉयज के प्रधानाचार्य रुबन तंमय जॉन उपस्थित रहे।

### '22 गोइंग टू 72' अभियान की शुरुआत

**शिमला।** निर्वाचन विभाग हिमाचल प्रदेश ने वर्ष 2019 के आम चुनावों में 70 प्रतिशत से कम मतदान दर्ज करने वाली 22 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए मिशन मोड पर '22 गोइंग टू 72' अभियान की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य पिछले लोकसभा चुनाव 2019 के मतदान प्रतिशत 72.42 में इस बार वृद्धि करना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा कि इस पहल के तहत विभिन्न अराजनीतिक लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए क्षेत्रवार निर्वाचन आइकन के रूप में शामिल किया जाएगा और बच्चों द्वारा बनाए गए निमंत्रण कार्ड भी मतदाताओं को वितरित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए बूथ जागरूकता क्लबों को सक्रिय किया जाएगा और चुनावी साक्षरता क्लब चुनावी साक्षरता अभियान चलाएंगे ताकि आम जनता को मतदान के लिए प्रेरित किया जा सके।

## प्रदेश के अस्पतालों का यह है हाल, केएनएच में तो टेस्ट की सुविधा भी नहीं दे पा रही सरकार

# चेकअप केएनएच में, टेस्ट आईजीएमसी में

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



हिमाचल के एकमात्र महिला एवं शिशु रोग अस्पताल केएनएच में महिला मरीज सुविधाओं के लिए तरस रही हैं। यहां पर सरकार व प्रशासन द्वारा सुविधा देने को लेकर दावें तो एक से बढ़कर एक किए जा रहे हैं, लेकिन दावों की पोल खुलती नजर आ रही है।

सवाल तो यह है कि अभी तक यहां टेस्ट तक की सुविधा का उचित प्रावधान नहीं हो पाया है। महिला मरीजों का यहां पर चेकअप तो जरूर होता है, लेकिन आधे से ज्यादा टेस्ट ऐसे होते है, जिसके सैंपल जांच के लिए आईजीएमसी भेजे जाते हैं।

यहां दिन हो चाहे रात, मरीजों को सैंपल लेकर आईजीएमसी दौड़ाया जाता है। इस अस्पताल में प्रदेशभर से महिला मरीज अपना उपचार करवाने आती है, लेकिन महिलाओं को यहां पर उपचार के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। सवाल तो यह भी उठ रहे है कि अगर केएनएच में मरीजों के ऑपरेशन हो रहे है, तो यहां पर टेस्ट की सुविधा भी होनी चाहिए।

वहीं केएनएच में मेडिसन सहित अन्य विभाग के डॉक्टर का होना भी बहुत जरूरी है, ताकि महिलाएं अपनी रिपोर्ट उन्हें दिखा सके। महिलाओं को गर्भावस्था में अपना चैकअप करवाना मुश्किल हो गया है, जबकि इस अस्पताल में तो सबसे ज्यादा सुविधा होनी चाहिए थी।

तीमारदारों को यहां पर यह भी दिक्कतें आ रही है कि जब वे सैंपल लेकर आईजीएमसी किसी भी लैब में जाना पड़ता है तो वहां पर तीन से चार घंटे लग जाते है। जो केएनएच से आईजीएमसी सैंपल लेकर तीमादार जाते है उन्हें वहां पर धक्के खाने के अलावा कुछ नहीं मिलता है। जबकि जो केएनएच से सैंपल जाते है उसके लिए अलग से काउंटर होना चाहिए।

केएनएच में सभी टेस्ट की सुविधाओं का होना बहुत जरूरी है, ताकि महिला मरीज आसानी से अपना इलाज करवा सके।(अनंत ज्ञान)

### केएनएच में स्टाफ की कमी

**कमला** नेहरू अस्पताल में नया भवन तो बना, लेकिन स्टाफ नहीं है। यहां पर चिकित्सक सहित अन्य कर्मचारियों की कमी है। कुछ समय पहले पुराने से नए भवन में वार्डों को शिफ्ट किया गया है। यहां पर अब स्थिति कुछ इस तरह से बन गई है कि प्रशासन के पास स्टाफ कम है ऐसे में काफी दिक्कतें आ रही है। हैरत तो यह है कि आईजीएमसी के कुछ डाक्टर केएनएच में सेवाएं दे रहे हैं। डाक्टर सुबह के समय आईजीएमसी तो दोपहर बाद केएनएच में दिखाई देते हैं।

- **महिला मरीजों को ऑपरेशन करवाने में आ रही मुश्किलें**
- **सैंपल लेकर तीमारदारों को दौड़ाया जाता है आईजीएमसी**

> कुछ टेस्ट ऐसे होते हैं, जो केएनएच में नहीं होते हैं। ऐसे में महिला मरीजों को आईजीएमसी जाना पड़ता है। अल्ट्रासाउंड की पूरी सुविधा है। कुछ टेस्ट केएनएच की क्रस्ना लैब में होते है। कोशिश है कि महिला मरीजों को केएनएच में सारी सुविधा उपलब्ध हो।
>
> **-डॉ. रमेश, एमएस केएनएच।**

### मरीज का इलाज करना डॉक्टरों के लिए चुनौती

**मरीजों** का इलाज करना अब चिकित्सक के लिए एक चुनौती बन चुकी है। जहां एक चिकित्सक को 50 मरीज देखने थे उसकी जगह पर उन्हें 100 मरीजों का इलाज करना पड़ रहा है। केएनएच अस्पताल ही नहीं, बल्कि आईजीएमसी में भी चिकित्सक की कमी चल रही है। अस्पताल में कुछ डॉक्टर ऐसे भी हैं, जो 36 घंटे की ड्युटी दे रहे हैं। ऐसे में डाक्टर में रोष पनपा हुआ है।

### क्रस्ना लैब में भी नहीं होते सारे टेस्ट

**अस्पताल** में क्रस्ना लैब भी चलाई जा रही है, लेकिन इस लैब में भी से टेस्ट नहीं होते हैं। ऐसे में मरीजों को बाजार में जाकर निजी लैब में भारी पैसे देकर टेस्ट करवाने पड़ रहे हैं। केएनएच में अपनी सरकारी लैब नहीं है। ऐसे में यहां पर क्रस्ना लैब को सरकार ने तवजो दी है। इस लैब की हालत भी अब ऐसी बन चुकी है कि यहां पर समय से रिपोर्ट तक नहीं मिलती है।

# इस्तेमाल से पहले की जाएगी ईवीएम और वीवीपैट की जांच

**जय ठाकुर, शिमला**

लोकसभा चुनावों के दौरान मतदाताओं सहित राजनीतिक पार्टियों को मतदान को लेकर किसी प्रकार का संशय न रहे, इसे लेकर चुनाव आयोग द्वारा इस्तेमाल से पहले ईवीएम और वीवीपैट की जांच की जाएगी।

अभी तक प्रदेश भर में पहुंची मशीनों की पहले चरण की जांच हो चुकी है। इसके बाद तीन चरणों की जांच की जाएगी। इसके साथ ही कंप्यूटर सॉफ्टवेयर की मदद से यह तय होगा कि किस पोलिंग बूथ को कौन सी ईवीएम मिलेगी जिससे ईवीएम के आवंटन में किसी प्रकार के भेदभाव का आरोप न लगे।

इसके साथ ही चुनावों के दौरान किसी प्रकार की अनहोनी से निपटने के लिए प्रदेश के 3,995 मतदान केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

### उपचुनाव के लिए मंगवाईं 3200 मशीनें

चुनावों को लेकर अतिरिक्त 3200 इलेट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) लाई गई हैं। विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल हुई करीब 8,000 मशीनें राज्य निर्वाचन विभाग के पास पहले से मौजूद हैं।

### 12 स्ट्रांग रूम में पहुंचाई 11200 ईवीएम

लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश में तैयार 12 स्ट्रांग रूम में 11,200 ईवीएम सुरक्षित पहुंचा दी गई हैं। मतदान के दौरान इनमें खराबी या किसी अन्य कारण से मतदान प्रक्रिया प्रभावित न हो, इसके लिए करीब 2,400 बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट रिजर्व में रखी जाएंगी।

## होली पर बनाया ऑर्गेनिक कलर



**शिमला।** डीसी कार्यालय में हैंडमेड होली कलर के साथ चुनाव का पर्व देश का पर्व से लोगों को जागरूक किया गया। इसमें 2 महिलाओं ने ऑर्गेनिक कलर बनाकर उसके लाभ बताए। टूटू ब्लॉक की चायली पंचायत के शंकर सेल्फ हेल्प ग्रुप कि महिलाओं ने ऑर्गेनिक रंग बनाया।

## विजय चुने मिस्टर फेयरवेल


मिस्टर फेयरवेल और मिस फेयरवेल बने विद्यार्थी मुख्यातिथि के साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सुन्नी**

अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रथम एवम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामलाल शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस दौरान विद्यार्थियों के लिए रैम्प वॉक और टेलेंट राऊंड का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबले में विजय शर्मा को मिस्टर फेयरवेल और गुंजन को मिस फेयरवेल चुना गया।

अजय को मिस्टर रनरअप एवं शिवानी को मिस रनरअप चुना गया जबकि मिस पर्सनेल्टी का खिताब केतन को मिला एवं मिस पर्यनेल्टी वर्षा बनी।

## अधिकारों की आईपी यात्रा संपन्न

**शिमला।** पीएचडी चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा विकास आयुक्त एमएसएमई मंत्रालय, सरकार के कार्यालय के सहयोग से बौद्धिक संपदा अधिकार पर दो दिवसीय कार्यक्रम आज उद्योगों में बौद्धिक संपदा अधिकार की प्रासंगिकता के साथ संपन्न हो गया।

राष्ट्रीय आईपी यात्रा कार्यक्रम में एमएसएमई, स्टार्ट-अप, इनोवेटर्स, संभावित उद्यमियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विभिन्न क्षेत्रों में बौद्धिक संपदा अधिकारों की बढ़ती रुचि और महत्व को प्रदर्शित किया। डॉ. एच.पी. कुमार ने कहा कि आईपीआर मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए मंच तैयार किया गया है।

## ढाकगांव-जाखी सड़क का कार्य लटका

**दशमी रावत, रोहड़ू**


लोक निर्माण विभाग के अधिकारी से बात करते गुस्साए ग्रामीण।

ढाकगांव-जाखी संपर्क सड़क मार्ग का निर्माण बीते छह वर्षों से अधर में लटका हुआ है। सड़क निर्माण न होने से ग्रामीणों ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग का घेराव किया।

अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर सड़क निर्माण कार्य शीघ्र अति शीघ्र पुरा करवाने की मांग उठाई है। इस सड़क मार्ग का निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत करीब सात करोड़ रुपए की लागत से किया गया जा रहा है। वर्ष 2018 में सड़क निर्माण के टेंडर लगाए गए थे, लेकिन छह वर्ष बीतने के बाद भी सड़क का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ हैं।

अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग उपमंडल रोहड़ू को ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र से शीघ्र सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया तो न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा। जाखी निवासी रवि किमलाटा, सुरेश मोतियाण, राजु ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य जिस ठेकेदारों को सौंपा गया है, वह कार्य नहीं कर रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता परवेश चौहान ने कार्य को शीघ्र पुरा करने का आश्वासन दिया है।

## कर्मचारियों का होगा सर्वेक्षण

**शिमला।** जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों का व्यापक सर्वेक्षण 15 मार्च, 2024 से 14 अप्रैल, 2024 तक किया जा रहा है। उन्होंने जिला के आमजन से अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत अस्वच्छ व शुष्क शौचालय और हाथ से मैला उठाने, ढोने वाले व्यक्तियों के बारे में कोई भी प्रासंगिक जानकारी संबंधित पंचायत अधिकारियों, स्थानीय शहरी निकायों एवं खंड विकास अधिकारियों को जानकारी उपलब्ध करने का आग्रह किया ताकि इस सर्वेक्षण को सफल बनाया जा सके।

## गंधर्व समुदाय से चैत्र माह के गीत सुनना शुभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुन्गा**


चैत्र मास के गीत सुनाते लोग।

भारतीय पुरातन पद्धति के अनुसार नववर्ष अर्थात विक्रम संवत का आगमन चैत्र मास से माना जाता है। इस विक्रम संवत के प्रथम चौत्र मास का नाम गंधर्व समुदाय अथवा ढोलरू के मुखारविंद से विशेषकर शिमला और सिरमौर जिला के लोग सुनना शुभ मानते हैं।

यह परंपरा बदलते परिवेश में भी विद्यमान है। गिरि गंगा वैली जिसमें सिरमौर व शिमला जिला का काफी क्षेत्र आता है, में इस परंपरा को गंधर्व समुदाय के लोग आदीकाल से निभाते आ रहे है। जबकि त्रिगर्त क्षेत्र में डोलरू नामक जाति के लोग घर घर जाकर नव वर्ष चैत्र माह का नाम गीत के माध्यम से सुनाते है और लोग खुशी खुशी इन्हें दान के रूप में आटा, चावल, घी और सुहागियां इत्यादि भेंट करते हैं और कई लोग अपनी श्रद्धानुसार दान के साथ भोजन करवाकर उनका आशीर्वाद लेकर विदा किया जाता है। प्रदेश के जाने माने साहित्यकार एवं पद्मश्री विद्यानंद सरैक ने विशेष बातचीत में बताया कि चैत्र मास का धार्मिक ग्रंथों में विशेष महत्व है।

चित्रा नक्षत्र के नाम पर चैत्र मास का नाम दिया गया हैं। शास्त्रोक्त मान्यता के अनुसार चैत्र प्रतिपदा को ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी । विद्यानंद सरैक का कहना है कि चौत्र की मास की संक्राति जिसे बीशूड़ी कहा जाता है इस दिन से हिंदू धर्म में नववर्ष का आगाज होता है ।

गंधर्व समुदाय के लोग प्रात:कालीन बेला में स्थानीय मंदिर में जाकर बेउल बजाकर देवता को नववर्ष की बधाई देते है। गंधर्व अर्थात मंगलामुखी जाति वर्ग के लोगों के मुखारविंद से लोग चैत्र मास का नाम सुनना शुभ संकेत मानते हैं,परंतु समय के साथ परंपरा लुप्त हो रही है। पद्मश्री का कहना है कि संस्कृति ही समाज का वास्तविक आइना है।

## सुशील मिस्टर व मिताली के सिर सजा मिस फेयरवेल का ताज


समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र और छात्राएं सामूहिक चित्र में।

**मनीश, ठियोग**

राजकीय महाविद्यालय ठियोग में आज एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जहां सनातक तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को उनके आगामी जीवन यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गईं। समारोह की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता चंदन रही।

समारोह में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। वहीं विद्यार्थियों को पुरस्कारों से नवाजा गया, जिसमें मिस्टर फेयरवेल सुशील तथा मिस फेयरवेल का ताज मिताली के सिर सजा ।

**तैयारी** | मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने लिया मतगणना केंद्र का जायजा, जुटाई जानकारी

# केंद्र में मतदाता पंजीकरण के लिए हर सुविधा उपलब्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश मनीष गर्ग ने राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शोघी में प्रस्तावित मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से मतगणना के लिए की जाने वाली तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया।

उन्होंने संबंधित सभी अधिकारियों को इस संबंध में की जाने वाली तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि उम्मीदवार, राजनीतिक एजेंट, गणनाकर्मी एवं लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को स्कूल में मतगणना के लिए की गई तैयारियों से अवगत करवाया।

उन्होंने बताया कि नए मतदाताओं को पंजीकरण के लिए हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके अतिरिक्त मतदाता प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जिला के हर विधानसभा क्षेत्र में स्वीप गतिविधियां भी आयोजित की जा रही है।


अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए मनीष गर्ग व अन्य।

### शिकायतों के लिए 1950 टोल फ्री नंबर शुरू

मनीष गर्ग ने बताया कि अगले सप्ताह दूसरी बैठक में राजनीतिक दलों के आईटी सेल व पीआर एजेंट को भी बुलाया गया है। चुनाव से संबंधित शिकायतों के लिए टोल फ्री नंबर 1950 चलाया गया है।

### वाहनों की हो रही जांच

पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव कुमार गांधी ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। चुनाव के मद्देनजर सीमा पर लगातार वाहनों की जांच की जा रही है।

### कर्मचारियों से मांगी अपलोड डाटा की जानकारी

मनीष गर्ग ने सभी अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों को सभी प्रकार की अनुमति 'सुविधा ऐप' के माध्यम से प्रदान की जानी है। उन्होंने डाइस वेब सॉफ्टवेयर के माध्यम से अब तक कर्मचारियों का अपलोड किए गए डाटा के संदर्भ में भी जानकारी ली।

## बाल साहित्य उत्सव के दूसरे दिन छह सत्र आयोजित

**शिमला।** राजधानी शिमला के गेयटी थियेटर में इन दिनों भाषा एवं संस्कृति विभाग व किकली चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बाल साहित्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वहीं डॉक्टर जयवंती डिमरी द्वारा लिखित मेमोरेबल मेमोरीज ऑफ भूटान किताब पर रिदिमा, आर्यन शर्मा, आर्यन वर्मा व अंजली ठाकुर ने पहलुओं पर विचार सांझा किए।

इस सत्र में प्रदेश की विख्यात लेखिका व समीक्षक विद्या निधि छाबड़ा ने मॉडरेटर की भूमिका निभाई। डॉ. पंकज ने बताया कि 24 मार्च को सतलुज जल विद्युत निगम की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गीता कपूर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 | कुल्लू : 97360-75360 | बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 | हमीरपुर : 94180-03422 | धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 | ऊना : 98163-96500 | चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### क्रिकेट : ऊना को हराकर कुल्लू बना जिला स्तरीय चैंपियन



विजयी ट्रॉफी के साथ पोज देते कुल्लू के खिलाड़ी।

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में कुल्लू ने ऊना को 311 रनों से पराजित कर खिताब जीता। कुल्लू की टीम ने पहली पारी में 268 रन बनाए थे जबकि ऊना मात्र 110 रन पर ऑलआऊट हो गई थी। कुल्लू ने दूसरी पारी में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 450 रन बनाए थे। इस तरह ऊना को जीतने के लिए 559 रन का विशाल लक्ष्य मिला था जिसके जवाब में टीम 247 रन ही बना सकी। फाइनल मैच में युतिष जमवाल 'प्लेयर ऑफ द मैच' बने। कुल्लू की टीम को इनाम के तौर पर एक लाख रुपए जबकि ऊना 50 हजार रुपए मिले।

### पिछले 16 महीनों में पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे श्रीकांत



**बासेल।** किदांबी श्रीकांत ने पिछले 16 महीनों में पहली बार किसी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचकर स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी बरकरार रखी। इस सत्र में अपना आठवां टूर्नामेंट खेल रहे श्रीकांत ने चीनी ताइपे के चिया हाओ ली को 35 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे गेम में 21-10, 21-14 से हराकर अंतिम-4 में प्रवेश किया। श्रीकांत इससे पहले आखिरी बार नवंबर 2022 में हाइलो ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण जॉर्ज को हालांकि क्वार्टर फाइनल के एक संघर्षपूर्ण मैच में डेनमार्क के रासमस गेम्के से 23-21, 17-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का निधन



**लाहौर।** भारत के साथ 2000 के दशक के शुरुआती वर्षों में क्रिकेट रिश्ते बहाल करने में अहम भूमिका निभाने वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान (89 वर्ष ) का शनिवार को निधन हो गया।

पूर्व भारतीय कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के रिश्तेदार शहरयार खान लंबे समय से बीमार थे। उनका जन्म भोपाल में हुआ था। वह 1990 से 1994 के बीच पाकिस्तान के विदेश सचिव रहे। इसके अलावा वह भारत और यूनाइटेड किंगडम में पाकिस्तान के उच्चायुक्त भी रहे। शहरयार पहली बार 2003 से 2006 के बीच पीसीबी के अध्यक्ष बने। इस बीच भारतीय टीम ने दो बार पाकिस्तान का दौरा किया था। इसके बाद उन्होंने 2014 से 2017 तक भी पीसीबी प्रमुख का जिम्मा संभाला था।

### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में हथियार और गोला बारूद की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। इसी सिलसिले में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद संयुक्त सुरक्षा बलों के अभियान में बरामद किया गया। मणिपुर पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और क्षेत्र प्रभुत्व चलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान चुराचांदपुर जिले से एक मैगजीन के साथ एक एसएलआर राइफल, 13 गोला-बारूद, मैगजीन के साथ एक पिस्तौल (देश में निर्मित), 10 सिंगल बैरल बंदूकें, एक चीनी ग्रेनेड, पांच तात्कालिक भारी मोर्टार, सात तात्कालिक भारी मोर्टार बम बरामद किया गया। सुरक्षा बलों द्वारा पूरे राज्य में छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

### कांग्रेस ने की मॉस्को में आतंकवादी हमले की निंदा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मॉस्को में हुए 'कायरतापूर्ण' आतंकवादी हमले की शनिवार को निंदा की और कहा कि पार्टी दृढ़ता से रूस के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। रूस की राजधानी मॉस्को में शुक्रवार को हमलावरों ने एक बड़े समारोह स्थल पर अंधाधुंध गोलीबारी की जिसके कारण 60 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। हमलावरों ने गोलीबारी के बाद समारोह स्थल को आग लगा दी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''कांग्रेस मॉस्को में निर्दोष लोगों पर हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करती है। आतंकवाद मानवता और शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा है।'' उन्होंने कहा, ''हमारी संवेदनाएं पीड़ितों के परिवारों के साथ हैं और दुख की इस घड़ी में हम दृढ़ता से रूस के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।'' इस्लामिक स्टेट समूह ने सोशल मीडिया पर संबद्ध चैनलों पर साझा किए गए एक बयान में हमले की जिम्मेदारी ली।

**आईपीएल-2024** पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को रोमांचक मुकाबले में 4 विकेट से दी मात

# कुरेन ने दिलाई पंजाब को जीत

**एजेंसी, मोहाली**

पंजाब किंग्स ने आईपीएल-2024 के अपने पहले रोचक मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को 4 विकेट से हराकर जीत से आगाज किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने नौ विकेट पर 174 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब ने 19.2 ओवर में 4 गेंद शेष रहते 6 विकेट पर 177 रन बनाकर मैच जीत लिया।


यह मैच चंडीगढ़ के महाराजा यदविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। पंजाब के लिए लियाम लिविंगस्टोन ने 21 गेंद में दो चौके और तीन छक्के की मदद से 38 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने आखिरी ओवर में छक्का लगाकर मैच खत्म किया। 16 ओवर के बाद पंजाब का स्कोर चार विकेट पर 136 रन है। उन्हें 24 गेंद में 39 रन की जरूरत है। सैम कुरन ने आईपीएल करियर का चौथा अर्धशतक लगाया। उन्होंने 39 गेंद पर फिफ्टी पूरी की।

दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर रहे दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने 13 गेंद में दो चौके से 18 रन बनाए। इससे पहले दिल्ली के लिए शीर्ष स्कोरर शाई होप रहे जिन्होंने 33 रन की पारी खेली। उनके अलावा अभिषेक पोरेल ने 32 रन का योगदान दिया। पंजाब किंग्स के लिए अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल ने दो दो विकेट चटकाये जबकि कागिसो रबाडा, हरप्रीत बरार और राहुल चाहर को 1-1 विकेट मिला।



दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पारी के दौरान पंजाब किंग्स के बल्लेबाज सैम कुरेन।

### ऋषभ पंत ने बनाए 18 रन



दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर रहे दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने 13 गेंद में दो चौके से 18 रन बनाए।

### स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| वार्नर क. जितेश ब. हर्षल | 29 | 21 | 3/2 |
| मार्श क. चाहर ब. अर्शदीप | 20 | 12 | 2/2 |
| होप क. हरप्रीत ब. रबाडा | 33 | 25 | 2/2 |
| पंत क. बेयरस्टो ब. हर्षल | 18 | 13 | 2/0 |
| रिक्की क. जितेश ब. हरप्रीत | 03 | 07 | 0/0 |
| स्टब्स क. शंशाक ब. चाहर | 05 | 08 | 0/0 |
| अक्षर (रन आऊट) | 21 | 13 | 2/1 |
| सुमित क. जितेश ब. अर्शदीप | 02 | 09 | 0/0 |
| अभिषेक (नाबाद) | 32 | 10 | 4/2 |
| कुलदीप (रन आऊट) | 01 | 02 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 10 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | 174/9 | | |

**विकेट पतन :** 1-39, 2-74, 3-94, 4-111, 5-111, 6-128, 7-138, 8-147, 9-174.

**गेंदबाजी :** कुरेन 1-0-10-0, अर्शदीप 4-0-28-2, रबाडा 4-0-36-1, हरप्रीत 3-0-14-1, चाहर4-0-33-1, हर्षल 4-0-47-2.

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| धवन ब. ईशांत | 22 | 16 | 4/0 |
| बेयरस्टो (रन आऊट) | 09 | 03 | 2/0 |
| प्रभसिमरन क. वार्नर ब. कुलदीप | 26 | 17 | 5/0 |
| कुरेन ब. खलील | 63 | 47 | 6/1 |
| जितेश स्टं. पूरन ब. कुलदीप | 09 | 09 | 1/0 |
| लिविंगस्टोन (नाबाद) | 38 | 21 | 2/3 |
| शंशाक क. पंत ब. खलील | 00 | 01 | 0/0 |
| हरप्रीत (नाबाद) | 02 | 02 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 08 | | |
| **कुल : ( 19.2 ओवर)** | 177/6 | | |

**विकेट पतन :** 1-34, 2-42, 3-84, 4-100, 5-167, 6-167., **गेंदबाजी :** खलील 4-0-43-2, ईशांत 2-0-16-1, मार्श 4-0-52-0, अक्षर 4-0-25-0, कुलदीप 4-0-20-2, सुमित 1.2-0-19-0.

## टाइटंस के खिलाफ रोहित की विरासत आगे बढ़ाने की शुरूआत करेंगे हार्दिक

**एजेंसी, अहमदाबाद**



हार्दिक पांड्या रविवार को यहां जब अपनी पूर्व टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पहली बार मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे तो उनका लक्ष्य अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की विरासत को आगे बढ़ाना होगा। हार्दिक की अगुआई में टाइटंस ने अपने पदार्पण सत्र में ही खिताब जीता था जबकि पिछली बार वह उपविजेता रहा था।

यह ऑलराऊंडर हालांकि इस सत्र में वापस मुंबई से जुड़ गया जहां उन्हें रोहित के स्थान पर कप्तान नियुक्त किया गया है। हार्दिक इसके साथ ही वनडे विश्व कप में चोटिल होने के बाद किसी टूर्नामेंट में खेलेंगे। अमेरिका और वैस्ट इंडीज में जून में होने वाले टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक के बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में प्रदर्शन पर सभी की नजर टिकी रहेगी। टाइटंस ने हार्दिक की जगह शुभमन गिल को अपना कप्तान नियुक्त किया है जिन्हें कप्तानी का बहुत कम अनुभव है। मुंबई की टीम फिटनेस से जुड़े मुद्दों से जूझ रही है। उसके स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अभी तक खेलने की मंजूरी नहीं मिली है।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडॉर्फ और दिलशान मदुशंका पहले ही आईपीएल से बाहर हो चुके हैं, जबकि नए खिलाड़ी गेराल्ड कोएत्जी भी मांसपेशियों में खिंचाव से उबर रहे हैं और वह भी शुरू में कुछ मैच से बाहर रह सकते हैं।

### गायकवाड़ ने कहा कप्तानी का दबाव नहीं हुआ महसूस



**चेन्नई ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीजन के शुरुआती मैच में जीत के साथ अपनी कप्तानी की शुरुआत करने वाले चेन्नई सुपर किंग्स के नवनियुक्त कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने कहा कि उन्हें टीम का नेतृत्व करते हुए कोई दबाव महसूस नहीं हुआ।

रचिन रवींद्र और शिवम दुबे की उम्दा पारियों और मुस्तफिजुर रहमान के चार विकेटों की बदौलत गत चैंपियन सीएसके ने आरसीबी पर छह विकेट से हराकर गायकवाड़ युग की शानदार शुरुआत की।

गायकवाड़ ने कहा, 'मैंने हमेशा कप्तानी का आनंद लिया है, इसे कभी भी अतिरिक्त दबाव के रूप में महसूस नहीं किया। मेरे पास इसे संभालने का अनुभव था, कभी कोई दबाव महसूस नहीं हुआ और जाहिर तौर पर माही भाई भी थे।'

सुनील गावस्कर चेन्नई के नए कप्तान रुतुराज गायकवाड के नेतृत्व कौशल से बेहद प्रभावित हैं। उन्होंने कहा,''निश्चित तौर पर कप्तान के रूप में आपका पदार्पण बेहद महत्वपूर्ण होता है। उसने जिस तरह से गेंदबाजी में बदलाव किए वह प्रभावशाली था।''

### वुशू में सानिया ने जीता रजत पदक

**जोगिंद्रनगर ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुंदरनगर में खेली गई राज्यस्तरीय वुशू प्रतियोगिता में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर की सानिया ने रजत पदक जबकि बीना देवी, नेहा, सुषमा को कांस्य पदक मिला। डिस्कस थ्रो में अंकिता, लॉन्ग जंप में रितिका और हाई जंप में नेहा ने गोल्ड मेडल जीते तथा रितिका ने 200 मीटर में कांस्य पदक हासिल किया।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर ने सांस्कृतिक प्रतियोगिता में एकल गीत व नाटक में तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्थान की प्रधानाचार्य ई. नवीन कुमारी व छात्राओं के साथ गई अनुदेशिका सुनीता व मधुवर्षा ने छात्राओं को प्रोत्साहित करके उनका मनोबल बढ़ाया।

## चीनी तटरक्षक बल ने फिलीपींस नौका को निशाना बनाया

**एजेंसी, मनीला**





विवादित दक्षिण चीन सागर तट के पास ताजा टकराव में शनिवार को दो चीनी तटरक्षक जहाजों ने फिलीपींस की एक आपूर्ति नौका पर पानी की बौछार की, जिसके चलते नौका को भारी नुकसान पहुंचा। फिलीपींस के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

हालांकि, यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका है कि इस हमले में फिलीपींस नौका 'उनैजाह मे-4' के चालक दल का कोई सदस्य घायल हुआ है या नहीं या चीनी तटरक्षक बल के निशाने पर आई यह नौका अपने गंतव्य तक पहुंची या नहीं। फिलीपींस की नौका पास के 'सेकेंड थॉमस' तट पर एक क्षेत्रीय चौकी पर तैनात फिलीपींस बलों को आपूर्ति पहुंचाने के लिए रवाना हुई थी। फिलीपींस तटरक्षक बल के प्रवक्ता कोमोडोर जे तारिएला ने कहा कि फिलीपींस तटरक्षक जहाज, जो 'उनैजाह मे-4' को बचा रहा था, को भी चीनी तटरक्षक जहाज और दो संदिग्ध मिलिशिया जहाजों ने रोका और घेर लिया।

उन्होंने कहा कि चीनी सेना समुद्र में टकराव को रोकने के उद्देश्य से बने अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर रही है। फिलीपींस सेना द्वारा जारी किए गए वीडियो में दो चीनी तटरक्षक जहाजों को लकड़ी की नौका पर पानी की तेज बौछार से हमला करते हुए देखा जा सकता है।

### आयकर विभाग ने 'आप' विधायक गुलाब यादव के परिसरों की ली तलाशी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कथित कर चोरी की जांच के तहत शनिवार को दिल्ली में आम आदमी पार्टी के विधायक गुलाब सिंह यादव और कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। यादव (45) दो बार के विधायक हैं और दिल्ली विधानसभा में मटियाला सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। सूत्रों ने बताया कि कर चोरी की जांच के तहत दिल्ली के घुम्मनहेड़ा गांव में आप विधायक और कुछ अन्य के परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान आयकर विभाग के अधिकारियों को पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है।

## प्रधानमंत्री मोदी को प्लेन तक छोड़ने आए भूटान नरेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय भूटान यात्रा समाप्त हो गई है और वे वापस भारत आने के लिए रवाना हो चुके हैं। पीएम मोदी 'पड़ोस प्रथम' की नीति के तहत भूटान के साथ भारत के संबंधों को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से भूटान पहुंचे थे। भूटान से रवाना होने के पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक संदेश साझा किया है।

पीएम मोदी ने अपने ट्वीट में कहा, 'मैं भूटान के महामहिम राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान करते समय एयरपोर्ट पर आने के विशेष भाव से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह बेहद खास भूटान यात्रा रही है। मुझे महामहिम राजा, प्रधानमंत्री और भूटान के अन्य प्रतिष्ठित लोगों से मिलने का अवसर मिला। मैं ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो से सम्मानित होने के लिए भी आभारी हूं।' प्रधानमंत्री ने लिखा, 'मैं गर्मजोशी और आतिथ्य के लिए भूटान के अद्भुत लोगों का बहुत आभारी हूं। भारत भूटान के लिए हमेशा एक विश्वसनीय मित्र और भागीदार रहेगा।'

### झारखंड : बारातियों को ले जा रही बस ट्रक से टकराई, तीन बच्चों की मौत

**लोहरदगा ( झारखंड )।** झारखंड के लोहरदगा जिले में बारातियों को ले जा रही एक बस एवं ट्रक की टक्कर में तीन बच्चों की मौत हो गई और आठ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हादसे में मारे गए बच्चों की उम्र छह माह से छह साल के बीच थी। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना राज्य की राजधानी रांची से लगभग 60 किलोमीटर दूर कुडू इलाके के ताती गांव के पास शुक्रवार रात हुई। कुडू पुलिस थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो ने बताया, ''हादसे में तीन बच्चों की मौत हो गई। ट्रक चालक सहित आठ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) ले जाया गया है।'' उन्होंने बताया कि बारात रांची जिले के बोरेया इलाके में गई थी।

## राष्ट्रपति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची केरल सरकार

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**



केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रपति के खिलाफ अर्जी लगाई है। इसमें कहा गया है कि वे 4 लंबित बिलों को मंजूरी नहीं दे रही हैं। इन विधेयकों को राज्य विधानसभा पास कर चुकी है।

केरल सरकार ने याचिका में जिन 4 बिलों का जिक्र किया है, उनमें यूनिवर्सिटी लॉज (अमेंडमेंट) (नंबर 2) बिल 2021, द केरल सरकार को-ऑपरेटिव सोसाइटीज (संशोधन) बिल 2022, द यूनिवर्सिटी लॉज (अमेंडमेंट) बिल 2022 और द यूनिवर्सिटी लॉज (अमेंडमेंट) (नंबर 3) बिल 2022 हैं। केरल सरकार ने ये भी कहा है कि बिना कोई कारण बताए इन बिलों को असंवैधानिक करार दे दिया गया है।

### दिल्ली में न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस किया दर्ज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। सुबह साढ़े 8 बजे आर्द्रता 77 फीसदी रही। विभाग ने दिन में तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया है, जबकि अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।


केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह नौ बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 228 यानी 'खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया। शून्य और 50 के बीच एक एक्यूआई 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

### शहीदी पार्क पर 'आप' के प्रदर्शन के मद्देनजर मध्य दिल्ली में पुलिस गश्त बढ़ी

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा शहीदी पार्क में इकट्ठा होने के आह्वान के बीच शनिवार को सुरक्षाकर्मी मध्य दिल्ली में गश्त करते रहे। दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आम आदमी पार्टी के सभी विधायक, पार्षद और पदाधिकारी तथा विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के नेता भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के 'शहीद दिवस' पर शनिवार सुबह 10 बजे शहीदी पार्क में इकट्ठा होंगे और लोकतंत्र को बचाने का संकल्प लेंगे।

## यूक्रेन पर रूसी मिसाइल-ड्रोन हमले में पांच लोगों की मौत, दर्जनों घायल

**एजेंसी, कीव**



यूक्रेन पर रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हमले में लगभग 26 अन्य लोग घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि रूस ने मिसाइलों से दक्षिणी जापोरिजिया क्षेत्र में यूक्रेन के सबसे बड़े हाइड्रोइलेक्ट्रिक स्टेशन निप्रोहेस को निशाना बनाया।

इस हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार पश्चिमी खमेलनित्सकी क्षेत्र में दो लोग मारे गए और 11 घायल हो गए। हमले से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई है। हवाई हमले को यूक्रेनी अधिकारियों ने देश के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बताया, जिससे 100 से अधिक इमारतों और ऊर्जा (एनर्जी) सुविधाओं को नुकसान पहुंचा। इस बीच, रूसी रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की कि रूसी सेना ने शुक्रवार को यूक्रेन में ऊर्जा और सैन्य सुविधाओं पर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए।

**जहरीली शराब** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में चार सदस्यीय जांच दल का किया गठन

## पंजाब में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या हुई 20

**एजेंसी, चंडीगढ़**



पंजाब के संगरूर में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से छह और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है। इस बीच घटना के संबंध में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है।

वहीं 11 लोगों का पटियाला के राजिंदरा अस्पताल और छह लोगों का संगरूर के सिविल अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। संगरूर के सिविल सर्जन कृपाल सिंह ने शनिवार को बताया कि इस घटना में अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि दिड़बा और सुनाम ब्लॉक के गुजरां, टिब्बी रविदासपुरा और ढंडोली खुर्द गांवों से लोगों की मौत होने की सूचना मिली है।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामले में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया है। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) और आबकारी अधिनियम के तहत मामला पहले ही दर्ज किया जा चुका है। पुलिस ने शनिवार को कहा कि पूरे मामले में सांठगांठ का पता लगाने के सिलसिले में पेशेवर और वैज्ञानिक तरीके से जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। एडीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) गुरिंदर सिंह ढिल्लों की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी जांच की निगरानी करेगी। उपमहानिरीक्षक (पटियाला रेंज) हरचरण भल्लर, संगरूर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरताज चहल और अतिरिक्त आयुक्त (आबकारी) नरेश दुबे एसआईटी का हिस्सा होंगे। पुलिस ने कहा कि एसआईटी साजिश की तह तक जाएगी। इसमें शामिल पाए गए किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।